ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 22 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-335 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

कैटरीना ने मुझे 'उरी' में पसंद किया, मुझे वह ... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

उंटारी रोड। पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के मूरमा कला के लकड़ही टोला निवासी भुखन रजवार के 37 वर्षीय पुत्र जय राम रजवार का शव सुबह पेड़ पर लटका हुआ मिला। मिली जानकारी के अनुसार जय राम रजवार घरेलू विवाद के कारण कुछ परेसान रहता था। युवक बुधवार की रात्रि घर में ही सोया था। बाहर कब गया इस बात की जानकारी घर वालों को नही है। सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव गांव में ही पेड़ पर फंदे से लटका हुआ देखा गया। जिसकी सूचना उंटारी रोड थाने को मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे उंटारी रोड थाना के प्रभारी अशोक कुमार महतो ने ग्रामीणों और पुलिस जवानों की सहयोग से शव को नीचे उतारा। वहीं पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस सम्बन्ध में अशोक कुमार महतो ने बताया की प्रथम दृष्टया आत्म हत्या ही प्रतीत होता है फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

ईडी के गवाहों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी के गवाहों अशोक यादव और मुकेश यादव के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह आदेश विजय हांसदा द्वारा उक्त दोनों के खिलाफ एसटी-एससी एक्ट के तहत दर्ज एफआईआर के खिलाफ दायर की गई याचिका पर हाई कोर्ट ने दिया। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में गुरुवार को अशोक यादव और मुकेश यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई, ईडी और झारखंड सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट की अधिवक्ता ऋतु कुमार ने बहस की। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

सहायक अभियंता के खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ाये 2.24 लाख

दुमका। जिले के रानीश्वर में मनरेगा के सहायक अभियंता कचल मार्तंड के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने 2.24 लाख उड़ा लिए। रसिकपुर निवासी अभियंता ने गुरुवार को नगर थाना में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। सहायक अभियंता ने बताया कि रसिकपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में उनका खाता है। 12 सितंबर को एटीएम पिन जनरेट करने के बाद एटीएम में जाकर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि खाते में मात्र 30 रुपए है। जब इस संबंध में बैंक जाकर स्टेटमेंट निकाला तो पता चला कि आठ से दस अगस्त के बीच उनके बैंक खाते से 2.24 लाख रुपए की निकासी कर ली गई है, जबकि निकासी के संबंध में उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं है ना ही किसी ने उनसे बैंक संबंधी कोई जानकारी मांगी। उन्होंने शक जताते हुए कहा कि साइबर अपराधियों ने सारा पैसा उड़ा लिया है।

माल-पहाड़िया जनजाति की कम उम्र पर शोध करेगा रिम्स

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रिम्स का पीएसएम विभाग सुदूरवर्ती संथाल के इलाके में रहने वाली माल-पहाड़िया जनजाति के लोगों की औसत उम्र कम क्यों है, इस पर रिसर्च करेगा। रिसर्च के लिए निकाली गई पांच पदों पर नियुक्ति के परिणाम जारी कर दिए गए हैं।

स्वीडन की सामी जनजाति की औसत आयु 83 साल होती है जबकि माल-पहाड़िया की आयु 60 वर्ष से भी कम है। इस पर रिम्स शोध करेगा। इसमें माल पहाड़िया जनजाति के रहन-सहन, खानपान पर शोध होगा। यह पता लगाया जाएगा कि आखिर क्या वजह है कि झारखंड की माल-पहाड़िया जनजाति की औसत आयु सीमा यूरोप के स्वीडन की सामी जनजाति से कम है। शोध में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (कंसलटेंट) के लिए सेसिल हेम्ब्रम, न्यूट्रीशनिस्ट (कंसलटेंट) के लिए ममता कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए फारूक अंसारी, प्रोजेक्ट अस्सिटेंट-'' (मल्टीटास्किंग) के लिए चिंटू कुमार मोदक, प्रोजेक्ट अस्सिटेंट-' (मल्टीटास्किंग) के लिए विजय कुमार और अकाउंट्स सपोर्ट प्रोजेक्ट अस्सिटेंट-'' के लिए ब्रजेश कुमार हेम्ब्रम का चयन किया गया है। शोध के लिए रिम्स के एसोसिएट डीन रिसर्च ने साक्षात्कार के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया।

झारखंड में अगले दो दिनों तक होगी बारिश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। इस दौरान कुछ इलाकों पर भारी बारिश भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक 23 सितंबर तक राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में बारिश होगी। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर देखने को मिल रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि झारखंड में बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर देखने को मिल रहा है। इसके साथ मानसून टर्फ लाइन डाल्टेनगंज और जमशेदपुर के ऊपर से होकर गुजरने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो रही है। अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव का जो क्षेत्र था, उसके गंभीर होने के कारण कई हिस्सों में बारिश हो रही है।

साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा मानसून टर्फ जमशेदपुर होकर गुजरने के वजह से भी विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है। अगले दो दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। 23 सितंबर तक राज्य में कई स्थानों पर हल्के बादल छाए रहेंगे और बारिश होने की संभावना है। इस दौरान रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी बादल छाए रहेंगे। हल्की और मध्यम दर्जे की वर्षा होगी।

पिछले 24 घंटों में खूंटी में सबसे अधिक बारिश 56.0 मिमी हुई। सिमडेगा में 34.2 मिमी, तोरपा में 45.0 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 25.0 मिमी, रामगढ़ में 18.5 मिमी, रांची में 17.6 मिमी, धनबाद में 18.2 मिमी, जामताड़ा में 13.8 मिमी मध्यम दर्जे की बारिश हुई। एक जून से अबतक राज्य में 614.0 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य वर्षापात 920.8 मिमी से 33 फीसदी कम है। रांची में सामान्य वर्षापात के मुकाबले अबतक 626.7 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 33 फीसदी कम है।

मुख्यमंत्री ईडी के समन के खिलाफ

आज हाईकोर्ट में दायर कर सकते हैं याचिका

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं। हेमंत सोरेन से 23 सितंबर को ईडी के रांची स्थित जोन कार्यालय में जमीन घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ होनी है। हालांकि, ईडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया और हाई कोर्ट में ले जाने को कहा था। हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि ईडी को धारा 50 के अंतर्गत

बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है। समन को स्थगित करने और पीड़क कार्रवाई नहीं करने को लेकर याचिका दायर कर सकते है। अब यदि हाई कोर्ट से भी अगर राहत नही मिली तो मुख्यमंत्री की मुश्किल बढ़ सकती है। इस घोटाले में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त छविरंजन, विष्णु अग्रवाल सहित 13 आरोपित जेल में बंद हैं। जमीन घोटाले मामले में ईडी ने सोरेन को पहली बार 24 अगस्त को पूछताछ के लिए समन भेजा था लेकिन सोरेन ने इसके जवाब में पत्र भेजकर समन को गैरकानूनी बताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही थी। हेमंत सोरेन से ईडी ने पिछले साल 17 नवंबर को करीब 9 घंटे तक पूछताछ की थी। आरोप है कि रक्षा मंत्रालय की जमीन को माफिया, बिचौलियों और नौकरशाहों के एक समूह ने मिलकर 1932 के फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे। ईडी ने इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

जमशेदपुर के डॉक्टर से मारपीट के खिलाफ आज से चिकित्सकों की हड़ताल

जमशेदपुर। झारखंड के जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में डॉ. कमलेश उरांव से मारपीट के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 22 सितंबर की सुबह 6 बजे से राज्य भर के सभी सरकारी और गैर सरकारी डॉक्टर हड़ताल पर चले जाएंगे। यह निर्णय आईएमए की स्टेट कमेटी ने लिया है। दूसरी तरफ इस मामले को लेकर एमजीएम अस्पताल के डॉक्टरों की हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। आईएमए जमशेदपुर चैप्टर के सचिव डॉ. सौरभ चौधरी ने कहा कि जब तक आरोपियों को जेल नहीं भेजा जाता तब तक हड़ताल जारी रहेगी। तीन दिनों से जारी हड़ताल में 3,000 से अधिक मरीज बिना इलाज कराये लौट गये हैं। पीजी समेत अन्य डॉक्टरों के हड़ताल पर रहने के कारण मेडिसीन, ऑर्थो और सर्जरी ओपीडी पूरी तरह बंद रहा। ईएनटी, गायनी और चाइल्ड डिपार्टमेंट चालू था, जिसे बाद में बंद करा दिया गया। आईएमए, रिम्स के जूनियर डॉक्टरों और झासा ने मांग की है कि दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी हो और उन्हें दंड दिया जाए।

प्रधानमंत्री 24 सितंबर को करेंगे रांची-हावड़ा वंदे भारत का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 सितंबर को देश के अलग-अलग राज्य के लिए नौ 'वंदे भारत ट्रेन' का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इसमें रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। चेन्नई कोच फैक्टरी से दक्षिण-पूर्व रेलवे को इस ट्रेन के लिए आठ रैक भी आवंटित कर दिये गये हैं। साथ ही द-पू रेल मुख्यालय की ओर से इस ट्रेन के लिए रूट भी तय कर दिया गया है। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन रांची से रवाना होगी और मुरी, झालदा, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, घाटशिला, झाड़ग्राम व खड़गपुर होते हुए हावड़ा जायेगी। पहले दिन ट्रेन का ट्रायल दोपहर 12:45 बजे निर्धारित किया गया है। फिलहाल, नियमित रूप से परिचालन के लिए ट्रेन की समय सारिणी का निर्धारण अभी नहीं हुआ है।

दक्षिण-पूर्व रेलवे की ओर से इस ट्रेन के लिए बोर्ड को दो समय सारिणी भेजी गयी है। पहली समय

सारिणी के अनुसार, ट्रेन के हावड़ा से रवाना होने का समय सुबह आठ बजे और रांची पहुंचने का समय दोपहर 12:55 बजे निर्धारित किया गया है। वहीं, वापसी में ट्रेन को दोपहर 3:20 बजे रांची से रवाना करने और रात 8:10 बजे हावड़ा पहुंचने का प्रस्ताव दिया गया है। दूसरी समय सारिणी के अनुसार, ट्रेन सुबह 5:20 बजे रांची से रवाना होगी और सुबह 11:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, हावड़ा से यह ट्रेन दोपहर 3:30 बजे रवाना होगी और रात 10:10 बजे रांची पहुंचेगी। जानकारी के अनुसार, यह पहली वंदे भारत ट्रेन होगी, जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी रांची रेल मंडल को दी जायेगी। इस ट्रेन में आठ कोच होंगे।

विस ने हाई कोर्ट को बताया, तीन राज्यों में हैं नमाज के लिए अलग कक्ष

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि छह राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्ष पर मंतव्य आया है। इनमें से तीन राज्यों ने कहा है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज का कक्ष है। विधानसभा को यह भी बताया गया कि कुछ और राज्यों से नमाज कक्ष के बारे में मंतव्य अभी आना है। इसके बाद नमाज कक्ष को लेकर विधानसभा द्वारा गठित सात सदस्य वाली सर्वदलीय कमेटी अपना निर्णय लेगी, जिसे कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की। विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्षा के बारे में मंतव्य आ गया है। इनमें से तीन राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की ओर से बताया गया है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज कक्ष है।कोर्ट ने मामले में 14 दिसंबर को कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश विधानसभा को दिया है। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

बिल के समर्थन में 215 वोट पड़े, किसी भी सदस्य ने नहीं किया विरोध

राज्यसभा से भी पास हुआ महिला आरक्षण बिल

नई दिल्ली। लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास हो गया। वहीं, विपक्ष द्वारा लाए गए सभी संशोधन गिर गए। बिल के समर्थन में 215 वोट पड़े, किसी भी सदस्य ने बिल का विरोध नहीं किया। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर करीब 10 घंटे तक चर्चा चली। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 'हम बिल लटकाने, भटकाने के लिए नहीं लाए हैं। यह बिल लागू होकर रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मोदी है तो मुमकिन है। इससे पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, कानून को 2029 के बाद लागू करने की बजाय अभी से लागू कीजिए। ये महिलाओं के साथ धोखा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा

कि पहले कहा गया 15 लाख खाते में आएंगे। 2 करोड़ लोगों को नौकरी मिलेगी। लेकिन बाद में अमित शाह कहते हैं कि यह तो चुनावी जुमला है। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद डिलिमिटेशन के बाद महिला आरक्षण बिल लागू करने में कई साल लग जाएंगे। यह महिलाओं के लिए लॉलीपॉप है। वहीं, महिला आरक्षण के लिए भारतीय जनता पार्टी के सदैव प्रतिबद्ध होने का दावा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं के मामले में कोई राजनीति नहीं करती। वित्त मंत्री सीतारमण ने संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस विधेयक का मसौदा बहुत सोच-समझकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण का जमीनी स्तर पर बहुत अच्छा परिणाम देखने को मिला तथा कई राज्यों में यह बढ़कर पचास प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक काफी समय से प्रतीक्षित था। उन्होंने विधेयक को लाने में वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार के शासन में नौ वर्ष लग जाने के विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि इसको लेकर आम सहमति बनाये जाने की जरूरत है।

अद्भुत — काशी में अर्ध चंद्राकार स्टेडियम का अनोखा है वास्तुशिल्प

डमरू, बेलपत्र और त्रिशूल की दिखेगी झलक

वाराणसी। काशी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितंबर को काशी आ रहे हैं। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेट का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा।

इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए 121 करोड़ कीमत की 30.86 एकड़ जमीन यूपीसीए को पट्टे पर दिया गया है। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम

में 7 पिच (प्रैक्टिस और मेन विकेट) के अलावा अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है। स्टेडियम का आकार अर्ध चंद्राकार होगा, जिसमें लगी फ्लड लाइट्स त्रिशूल के आकार की होगी। बिल्डिंग में बेलपत्र की डिजाइन दिखेगा, वहीं डिजाइन में डमरू का आकर भी होगी। गंगा घाट की सीढ़ियों जैसी दर्शक दीर्घा होगी। शिलान्यास समारोह में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर जैसे कई दिग्गज क्रिकेटरों के मौजूद रहने की संभावना है। इस कार्यक्रम में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल, सचिव जय शाह भी मौजूद रहेंगे। कानपुर और लखनऊ के बाद काशी में प्रदेश का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम होगा।

पाकुड़ में चाकू से पति पर हमला, गिरफ्तार

पाकुड़। जिले के मालपहाड़ी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत चेंगाडांगा में महिला ने पति पर चाकू से हमला कर दिया। इस वारदात में पति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया और महिला को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि सेजारुल शेख (25) की करीब सात साल पहले मुर्शिदाबाद जिले के अमुवा गांव में टुंपा बीबी (22) से शादी हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। दोनों के दो बच्चे भी हैं लेकिन दम्पति में हमेशा अनबन रहती थी। महिला मायके चली गयी। महिला थाने में 16 सितंबर को दोनों के बीच समझौता हुआ। इसके बाद टुंपा बीबी पति के साथ रहने लगी। इसी दौरान बुधवार की रात को महिला ने इस घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार सेजारुल शेख और उसकी पत्नी टुंपा बीबी बुधवार की रात में खाना खाकर सोने चले गए। आधी रात को महिला ने चाकू से पति पर हमला कर दिया। शेख ने चीखते-चिल्लाते हुए किसी तरह खुद को बचाया। परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गयी। परिजनों ने महिला को पकड़ कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को गिरफ्त में ले लिया। खून लगा हुआ चाकू भी बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने शेख को सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

चंद्रमा पर निष्क्रिय चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को कल किया जाएगा एक्टिव



नई दिल्ली (एजेंसी)। चंद्रमा की सतह पर निष्क्रिय किए गए चंद्रयान 3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को शनिवार को एक बार फिर से सक्रिय किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 23 सितंबर को इन दोनों को फिर से सक्रिय करने की योजना बनाई है। चंद्रमा में सूर्यास्त के कारण तीन सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में भेज दिया गया था। इससे पहले प्रज्ञान रोवर को बैटरी डिस्चार्ज होने के कारण स्लीप मोड में भेज दिया गया था। इसरो के निदेशक नीलेश देसाई ने गुरुवार को बताया कि चंद्रमा पर 20 सितंबर से सूर्योदय शुरू हो गया है। इसलिए अब चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को एक बार फिर सक्रिय किया जाएगा। उससे लैंडर और रोवर में मौजूद सोलर पैनल रिचार्ज हो जाएंगे। तीन सितंबर से दोनों ही स्लीप मोड में रखे गए थे। उन्होंने बताया कि योजना के अनुसार 23 सितंबर को रोवर और लैंडर को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके साथ इस बात पर भी विचार किया जा रहा है कि यह रात में -120 से -200 डिग्री के तापमान को कितना झेल सकता है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि हमारे पास लैंडर पर चार और रोवर पर दो सेंसर हैं, और उनमें से कुछ काम कर सकते हैं। इस वजह से हमारा प्रयोग आगे बढ़ेगा। हमें और अधिक प्रयोगात्मक डेटा मिल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 का लैंडर 'विक्रम' 23 अगस्त की शाम 6 बजे चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा था।

NEWS इन ब्रीफ

सेवानिवृत्त पूर्व डाक अधीक्षक के निधन पर शोक

हुसैनाबाद। जपला मुख्य डाकघर के कर्मचारियों एवं अभिकर्ताओ ने पलामू प्रमंडल के सेवानिवृत्त पूर्व डाक अधीक्षक मुरारी तिवारी 90 वर्ष के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। जपला मुख्य डाकघर के अरविंद कुमारओझा ने शोक प्रकट करते हुए बताया कि श्री तिवारी पलामू प्रमंडल में डाक निरीक्षक, सहायक डाक अधीक्षक और डाक अधीक्षक के पद पर निर्विवाद रहकर अपने कार्यों का निर्वाहन करते हुए सेवानिवृत्त हुए थे। इनके निधन पर डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता, विक्रम कुमार, रंजीत कुमार, संतोष टुड्डू, भोला कुमार ,देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, सुधीर ठाकुर, संतोष ठाकुर,रामकृष्ण तिवारी,विपुल तिवारी,रवि कुमार आदि का नाम प्रमुख है।

हुसैनाबाद आईटीआई में स्पॉट राउंड ऑनलाइन होगा नामांकन : प्राचार्य

हुसैनाबाद। निदेशालय,नियोजन एवं प्रशिक्षण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झारखंड के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के हुसैनाबाद में शैक्षणिक वर्ष- 2023-24-25 के लिए रिक्त सीटों को भरने के लिए स्पॉट राउंड ऑनलाइन एडमिशन की घोषणा की है। जानकारी देते हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य दीन मोहम्मद अंसारी ने बताया कि जो छात्र पूर्व से आईटीआई संस्थान में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर चुके है। वे 22 व 23 सितंबर को आईटीआई कॉलेज परिसर में स्पॉट राउंड ऑनलाइन एडमिशन में पहले आएं-पहले पाएं के आधार पर सीधे नामांकन ले सकतें हैं।

कस्तूरबा स्कूल में पेयजल संकट मामले की हुई जांच

वार्डन व अकाउंटेंट को शोकॉज

मेदिनीनगर। चैनपुर के कस्तूरबा आवसीय विद्यालय के जल संकट मामले की जांच के लिए उपायुक्त द्वारा गठित पदाधिकारियों की टीम ने रिपोर्ट सौंप दी है। जानकारी के अनुसार जांच के बाद स्कूल की वार्डन एवं अकाउंटेंट को शोकॉज कर जवाब तलब किया गया है। पेयजल संकट की बात सामने आने के बाद स्कूल में तत्काल जेनरेटर की व्यवस्था कर दी गई है। बताया जाता है कि टीम की जांच में पाया गया कि बिजली के लो वोल्टेज के कारण स्कूल में लगा मोटर नहीं चल पा रहा था। इस कारण कई दिनों से पेयजल संकट बना हुआ था। इस दौरान जांच टीम द्वारा तत्काल बिद्युत विभाग के कनीय अभियंता को तलब कर वोल्टेज की समस्या का समाधान कराया गया। साथ ही स्कूल में तत्काल जेनरेटर की व्यवस्था कराई गई ताकि स्कूल में पेयजल संकट उत्पन्न नहीं हो। जांच में यह बात भी सामने आई कि स्कूल कि वार्डन एवं अकाउंटेंट के बीच आपसी समन्यवय का अभाव है। इस कारण कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जांच टीम में सदर एसडीएम राजेश शाह, डीएसओ प्रीति किस्कू एवं डीईओ अनिल कुमार चौधरी शामिल थे। गौरतलब हो कि बुधवार को स्कूल में पीने का पानी नहीं मिलने से परेशान दर्जनाधिक छात्राएं सुबह सुबह ही स्कूल से निकलकर खाली पाँव पैदल शिकायत लेकर उपायुक्त के आवास पर पहुंच गई थी। जिसके बाद उपायुक्त ने तत्काल मामले कि जांच व समस्या के समाधान का निर्देश दिया था।

वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी को जन समस्याओं से कराया अवगत

हुसैनाबाद। नगर पंचायत के नए कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी को नपं के निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने शिष्टाचार मुलाकात कर बुके देकर स्वागत किया और क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराया । पार्षदों ने नगर पंचायत क्षेत्र में जलजमाव, बाजारों में अतिक्रमण, पेयजलापूर्ति, आवास योजना के लंबित राशि का भुगतान करने सहित कई जन समस्याओं से अवगत कराया । कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही वार्ड नम्बर -3 के सरस्वती विद्या मंदिर के समीप जलजमाव को हटाने का सार्थक प्रयास किया जाएगा। साथ ही नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जो भी गंभीर समस्याएं मेरे संज्ञान में आएगी हम अपने स्तर से एवं आप वार्ड पार्षदों के सहयोग से निदान करने का प्रयास करेंगे।

बटाने नदी में डूबने से मजदूर की मौत

हरिहरगंज। नगर पंचायत क्षेत्र के खाप कटैया गांव निवासी स्व० लखन राम का 37 वर्षीय पुत्र बबन राम की मौत गुरुवार को बटाने नदी में डूबने से हो गयी। स्वजनों ने बताया कि घर से एक किलोमीटर दूर घाघरा बटाने नदी की ओर खेती देखने के लिए गया था। जहां वह पैर फिसलने से नदी में बने एक गड्ढा में गिर गया। गड्ढे में अधिक पानी होने के कारण डूबने से उसकी मौत हो गयी। मृतक की पत्नी एवं दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मजदूरी करके परिवार का वह भरण पोषण करता था। घटना के बाद अब स्वजनों के समक्ष आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पाटन में मुखिया संघ की बैठक आहुत

पाटन। पाटन के नावा खास पंचायत सचिवालय में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे। बैठक में पंचायत के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पंचायत के पदाधिकारी द्वारा पंचायत को सताया जाने का मामला आया। इस पर निर्णय लिया गया कि किसी भी कीमत पर जुल्म बर्दाश्त नहीं करेंगे। सगुना के पंचायत सचिव पर मुखिया का मोबाइल नंबर ब्लॉक करने का मामला उठा। जो की यह गंभीर विषय है। पंचायत में जो चंपाकल लगाया जाना है उसमें विधायक व मुखिया दोनों का आधा-आधा भागीदारी होना चाहिए। प्रखंड में बीपीओ कोऑर्डिनेटर ऑपरेटर पंचायत सचिव रोजगार सेवक बेलगाम हो गए हैं उनके खिलाफ उच्च अधिकारी को लिखा जाएगा। पंचायत में जेई के द्वारा मनमानी किया जाता है। ऐसे कर्मियों को जिलाधिकारी से मिलकर लगाम लगाया जाएगा।

मुसीखाप में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर की गयी बैठक

विश्रामपुर। जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत मुसीखाप में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दुर्गा मंडप के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व के भांति इस बार भी हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनायी जायेगी। मौके पर दुर्गा पूजा समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष छोटन शर्मा,उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष अवधेश गुप्ता उपकोषाध्यक्ष जयगुरुदेव प्रजापति महामंत्री ललेश चंद्रवंशी उद्घोषक राजू शर्मा संरक्षक अशोक चंद्रवंशी,अवधेश शर्मा,मुद्रिका शर्मा नवयुवक दल सदस्य श्रवण शर्मा,सोनू शर्मा,अर्जुन शर्मा,विकास शर्मा,राहुल शर्मा,अनुज वर्मा,पिंटू विश्वकर्मा,सिंटू विश्वकर्मा,सकेंद्र राम,जोगेंद्र प्रजापति,प्रमोद गुप्ता सहित पूजा समिति के अन्य कई पदाधिकारी,सदस्य व सम्मानित गार्जियन मौजूद थे।

लाभुको के साथ 'लाभुक दिवस' पर गुरुवार को निरीक्षण कर

बीडीओ ने अधूरे पीएम आवास को पूर्ण कराने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

पाटन। प्रखंड मे बीडीओ मनोज तिवारी ने प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न पंचायतो- नौडीहा, पालहेकला, कसवाखाड़, हिसरा बरवाडीह आदि में लंबित आवास के लाभुको के साथ 'लाभुक दिवस' पर गुरुवार को निरीक्षण किया। हिसरा बरवाडीह में लंबित आवास के निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक दिन के अंदर कार्य प्रारंभ करने को निर्देश दिया। पीएम आवास लाभुक 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण नही कराने पर उनका आवास को रद्द करते हुए 12% सूद के साथ राशि वसुली करते हुए कानूनी करवाई की जाएगी। बीडीओ मनोज तिवारी ने बताया की 14003 आवास के लक्ष्य के विरुद्ध 699 आवास विभिन्न पँचायत में लम्बित/ अधूरे हैं। प्रथम एवं द्वितीय किश्त की राशि मिलने के बाद भी लाभुक घर नही बनाये है। संबंधित पँचायत के पँचायत सेवक , वोलेंटियर भी आवास पूर्ण कराने में उदासीन रवैया रखे हैं एवं लाभुको के साथ उनकी समस्याओं से शेयर नही किये हैं। पँचायत सेवक एवं वोलेंटियर को आवास पूर्ण नही कराने में लापरवाही एवं उदासीन रवैया मानते हुये 10 अक्टूबर के बाद करवाई की अनुशंसा की जाएगी। निरीक्षण व बैठक के दौरान ब्लॉक पीएम कोडिनेटर शिवम जायसवाल , पँचायत सेवक , वोलेंटियर उपस्थित थे।

विकास के मामले में पांकी विधानसभा सबसे आगे रहेगी : विधायक

पांकी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को तरहसी प्रखंड के उदयपूरा टू पंचायत के विनयका गांव में तहशील भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में सड़क तहसील भवन स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में तीव्र गति से काम हो रहा है। जनता का स्नेह व आशिर्वाद मुझे मिलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड में पांकी विधानसभा क्षेत्र विकास में सबसे अव्वल दर्जे पर रहेगा। बहुत जल्द पांकी बराज सड़क निर्माण शुरू होने जा रहा है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र को चारागाह समझ कर विकास के नाम पर जनता को बीस साल तक दिग्भ्रमित किया। आज क्षेत्र की जनता काफी सुकून व खुशहाली के जिंदगी जी रही है। पांकी में भय आंतक के राज को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। पांकी के अंतिम लोगों तक विकास पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। बहुत जल्द बहुप्रतीक्षित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अधारशिला रखा जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, उदयपूरा टू मुखिया पति सुजीत भुईया, मुकेश सिंह, सुरेंद्र मेहता, धर्म देव मेहता, अनिल साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सर्वेश्वरी आश्रम समूह का मना 63वां स्थापना दिवस, सैकड़ो श्रद्धालु हुए शामिल

विश्रामपुर। गुरुवार विश्रामपुर के ब्लॉक रोड में स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम का 63 व स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमे आश्रम के मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडे के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी विश्रामपुर से बीमोड होते हुए जोगी वीर बाबा रेहला तक गई। जिसमे भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रभात फेरी में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि राजन पांडे,पूर्व उपाध्यक्ष अजय बक्सराय, उपाध्याय, सुनील चौधरी, देवनाथ यादव,राजेश मार्शल, सुमन बक्सराय,बबन बक्सराय,अच्युतानंद पांडे, गोपाल पांडे, सच्चिदानंद पांडे, विनय पांडे,अंशु पांडे, दिलीप चंद्रवंशी, नरेंद्र पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

द कॉन्सेप्ट क्लासेस के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिहरगंज। प्रखंड के ढाब बस स्टैंड ओवर ब्रिज स्थित द कॉन्सेप्ट क्लासेस में टैलेंट सर्च टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे कक्षा 6 से कक्षा 10वीं तक के 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर के तरफ से टॉप सुपर 20 की सूची तैयार की गयी। संस्थान के निदेशक मुकेश आर्यन व सहायक शिक्षक अजीत कुमार रवि द्वारा सफल विद्यार्थियो को मेंडल, कप व पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। टॉप 20 में चयनित विद्यार्थी अंकित, सोनू , प्रकाश, खुशी गुप्ता, ज्योति, करिश्मा, गोलू , विद्या, खुशी, रिया गुप्ता, प्रिंस, सौरभ, काजल, रिया, प्रिया, पुष्पा, रौशन, कशिश नैंसी आदि का नाम शामिल है।

बीमोड़ पवार ग्रिड में एक मुश्त ऋण माफी योजना का लगा कैंप

विश्रामपुर। बीमोड़ पावर सब स्टेशन परिसर में एक मुस्त ऋण माफी योजना (ओटीएस स्कीम)के तहत कैंप का किया गया। जिसमें बिजली उपभोगताओं की डबल बिजली सहित तमाम बिजली से संबंधित समस्याओं का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। बीमोड़ पावर सब स्टेशन के कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया की इसमें एग्रीकल्चर,अधिक बिजली बिल,दो कनेक्शन सहित बिजली संबंधित कई परेशानियों का निवारण किया गया। मौके पर कई लाभुक मौजूद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय शिल्पकारों व कारीगरों को किया सम्मानित

विश्रामपुर। गुरुवार को विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 17 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्थानीय शिल्पकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। सम्मानित होने वालो में जूता बनाने वाले मोची,कपड़ा सिलाई करने वाले दर्जी,मालाकार,नाई आदि शिल्पकार कारीगरो का नाम शामिल है। मौके पर भाजपा नेता बबन राम, सीताराम आर्य, संजय ठाकुर, मनीष कुमार गुपा,संतोष कुमार, बेबी देवी,राजेंद्रप्रसाद गुप्ता,देवनारायण सिंह, गोपाल सोनी संतोष चौधरी महामंत्री विकास चंद्रवंशी, अर्चना देवी, शम्भू गुप्ता,सचितानंद मेहता,सुरेश चंद्रवंशी, संतोष राम,गिरधारी साव,अंकित कुमार,रोहित कुमार, मीरा देवी, संगीता देवी, मीना देवी,शिवकुमार, किरण गुप्ता, रेखा देवी, सुरेंद्र मेहता,सहित कई लोग मौजूद थे।

सतबहिनी पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन

विश्रामपुर। उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत सतबहिनी पंचायत सचिवालय में मुखिया शकुंतला देवी की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्रामसभा आयोजित हुई। जिसमें ब्लॉक उप प्रमुख खोखन राम,अधिकांश वार्ड सदस्य ,पंचायत सचिव पंकज कुमार के अलावा पंचायत के सभी जल सहिया,स्वास्थ्य सहिया एवं जनवितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे। इनके अलावा पंचायत क्षेत्र के अधिकांश गांव के जरूरतमंद ग्रामीण महिला पुरुष भी उपस्थित रहे । मुखिया ने स्वास्थ्य और पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दे का समाधान करने के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए। विशेषकर राशनकार्डधारीयों को समय से खाद्यान का सही तरीके से उपलब्ध कराने को कहा। ग्रामसभा में गांव के विकास में जरूरी योजनाओं पर भी विमर्श हुआ। साथ ही मुखिया ने स्पष्ट किया कि जनसाधारण की कोई भी समस्या का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ जरूरतमंद को मुहैया कराया जायेगा।गलत करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगें।

जिला प्रशासन अविलंब पांकी मस्जिद चौक से बैरकैटिंग हटाये : डा. शशिभूषण मेहता

पांकी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी मस्जिद चौक पर एक विशेष समुदाय द्वारा सड़क के किनारे बैरकैटिंग लगाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क के किनारे बैरकैटिंग हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो समुदाय में हिंसक झड़प हुई थी, जिससे क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए तत्कालीन उपायुक्त ऐ दोडे व पलामू एसपी के सयुंक्त रूप से शांति समिति की बैठक आयोजित कर यह निर्देश जारी किया था कि मस्जिद चौक पर किसी भी पर्व में किसी भी समुदाय के बास का बैरकैटिंग नहीं किया जायेगा। इसके बावजूद भी मुस्लिम समुदाय द्वारा सड़क के किनारे अवैध तरीके से बैरकैटिंग किया गया है, इसे पुलिस प्रशासन अविलंब हटाये। सड़क पर जल मिनार चाय दुकान खोल दिया गया है। आये दिन लोगों को रास्तें से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर बैरकैटिंग नही हटाया गया तो सड़क के बीचों-बीच दस डीप बोर लगाया जायेगा।

हैदरनगर में आज राधा अष्ठमी पर होगा जन्मोत्सव

हुसैनाबाद। पलामू जिले के श्री राम मंदिर चौक बाजार हैदरनगर में शुक्रवार को आयोजित राधा अष्ठमी पर राधा रानी का विशेष जन्मोत्सव कराया जायेगा। इसे लेकर मंदिर परिसर सहित प्रतिमाओं को सजाया संवारा गया है। मंदिर के पुजारी पं. जयप्रकाश स्वामी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के समान ही राधा अष्ठमी भी ब्रजधाम वृंदावन का विशेष पर्व है। वृंदावन मथुरा की तरह हैदरनगर में गत सात वर्षों से राधा अष्ठमी हर्सोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मान्यता है कि श्री राधा रानी का नाम जपने व स्मरण, पूजा अर्चना से उनकी कृपा शीघ्र मिलती है। इनके बिना श्री कृष्ण की पूजा अधूरी मानी जाती है।जो लोग श्री कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखते है, उन्हें राधारानी के जन्मोत्सव पर भी व्रत अवश्य रखना चाहिए।इसके अलावे राधा अष्ठमी के दिन व्रत रखने व आराधना से वैवाहीक जीवन में प्रेम सदैव कायम रहता है।

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा

पत्रांक...../दिनांक.....

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) आवास आवंटन हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक भागीदारी में किफायती आवास अंतर्गत सोनपुरवा किफायती आवास परियोजना, गढ़वा में निर्माणाधीन आवासों के आवंटन हेतु दिनांक–27.09.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के सभागार में 6th चरण लॉटरी कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित है।

सभी संबंधित लाभुक अपने साथ स्वयं का आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र एवं जमा किये गए चालान की मूल प्रति के साथ लॉटरी में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद गढ़वा में सम्पर्क करें।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 307426 Urban Development (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा मे0 साई शोभानन्द कन्स्ट्रक्शन, अग्रवाल मुहल्ला, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत ग्राम जोबरईया के बिन्द टोला में प्रयाग बिन्द के घर से अवध बिहारी पाण्डेय के घर होते हुए श्री रामेशवर उपाध्याय के घर के समीप तक पी0सी0सी0 पथ, नाली एवं गार्डवाल का निर्माण कार्य (लम्बाई–0.420 कि0मी0) का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 03.08.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 02.11.2022 था, परन्तु आपके द्वारा उक्त निर्माण कार्य बिना पूर्ण किये लम्बे समय से बन्द रखा गया है, जिसे पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय का पत्र पत्रांक 1542 दिनांक 09.09.2023 के द्वारा आपको सूचित करने के बावजूद भी अवशेश कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। अतः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जात है कि अवशेश कार्य को 15 दिनों के अन्दर पूर्ण करना सूनिश्चित करे, अन्यथा आपके विरूद्ध एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप अग्रेतर कार्रवाई करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी, जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.307424 Rural Work Department(23-24):D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,चंदवा, लातेहार

नामांकन से संबंधित सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षाण संस्थान, चंदवा, लातेहार में सत्र–2023–24–25 में नामांकन लेने हेतु वैसे अभ्यार्थी जिनका रजिस्ट्रेशन www.iti.jharkhand.gov.in पर किया जा चुका है एवं नामांकन Third Round Counselling के पश्चात् भी अब तक किसी भी संस्थान में नहीं हुआ है, नामांकन हेतु इच्छुक वैसे अभ्यार्थी दिनांक–22.09.2023 एवं 23.09.2023 को Spot Round Online Admission में भाग लेकर रिक्त बचे सीटों के विरूद्ध अपना नामांकन करा सकते हैं। संस्थान में नामांकन हेतु रिक्त सीटों की जानकारी https://iti.jharkhand.gov.in/ITI_Admission_Module/seatmatrixinfo.aspx के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। झारखण्ड सरकार के अधीन सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन से संबंधित नियमों का पालन नियमानुसार करते हुए नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,चंदवा,लातेहार

PR 307416 Labour Employment and Traning(23-24).D

जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।

Email Id:-dddogarhwa@gmail.com mobile No. -9934529928

(पशुपालकों के लिए आम सूचना।)

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदर **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।**

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन प्त्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रति निधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधारकार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। **प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।**

वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)

क0	दिनांक	समान्य जाति (OSP)			अनूसूचित जाति (SCSP)			कुल योग
	प्रशिक्षण अवधि	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	
1	09.01.2024 से 15.01.2024	18	10	28	3	2	5	33
कुलः–		18	10	28	3	2	5	33

पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–

1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधारकार्ड एवं बैंक खाता की मूलप्रति लाना अतिआवश्यक है।
5. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिलागव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 307428 (Animal Husbandry) 23-24 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA

Expression of Interest

EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-16/2023-24

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. and construction of Modular Operation Theatre at district Hospital Chatra district as per details hereunder.

SI. No.	Particulars	Details	
1	Name of Work	Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. and Construction of Modular OT.	
2.	Estimated BOQ Amount	Rs. 4,30,93,219.00	
3.	Completion Period of work	06 Months	
4.	Tender fee-(to be deposited with the bid through DD issued in favour of the Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra, payable at Chatra)-non refundable.	Rs. 10,000.00	
5.	Earnest Money Deposit (EMD)/Performance Guarantee - The successful bidder will have to execute & submit EMD, after finalization of the tender, through Bank Guarantee/FDR in the favour of Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra for the amount equivalent to approx. 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD	Rs. 8,62,000.00	
6.	Date of publication of Tender on Website	**29.09.2023**	**Time: 11:00AM**
7.	Start Date/time for Online Submission of bid	**29.09.2023**	**Time: 11:00AM**
8.	Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids	**06.10.2023**	**Time: 17:00PM**
9.	Last date and time of submission of hard copy of cost of Tender, EMD and Other documents.	**07.10.2023**	**Time: 03:00PM**
10.	Technical Bid Opening Date and Time	**09.10.2023**	**Time: 02:00PM**
11.	Place of Opening Bid	**O/o the E.E, R.D.Spl.Division, Chatra.**	
12.	Name & Address of inviting EOI Officer	Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra.	
13.	Contact No. of Inviting EOI Officer	87091-84201	

Note:
1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.

Executive Engineer,
R.D.Spl.Division, Chatra.

PR 307448 (Rural Development) 23-24 (D)

NEWS इन ब्रीफ

भाकपा जिला कमेटी की बैठक कल

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की बैठक 23 सितंबर को 11:00 बजे दिन में रेड़मा स्थित जिला पार्टी कार्यालय में होगी। बैठक में सुखाड़, राशन की कालाबाजारी, जिले से लेकर प्रखंड कार्यालय तक व्याप्त भ्रष्टाचार, आदिम जनजातियों के राशन कार्ड बनवाने पर विचार, नगर निगम में नदियों के अतिक्रमण टेंडर मैनेज जल संकट समस्याओं पर आंदोलन करने सहित आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव पर चर्चा की जाएगी।

अन्तरराष्ट्रीय शान्ति दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी

मेदिनीनगर। अन्तरराष्ट्रीय शान्ति दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित कि गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम महात्मा गाँधी के तस्वीर पर फुल-माला चढ़ाकर कार्यक्रम कि शुरूआत कि गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1981 से अन्तराष्ट्रीय शान्ति दिवस मनाने कि शुरूआत की थी। दुनिया को अमन चैन की पहले से अधिक जरूरी है। इस अवसर पर सन्नी पासवान, संजीत कुमार, उपेन्द्र तिवारी, संजय मिस्त्री, अजीत कुमार, मनोज सिंह, प्रभात कुमार, मिथिलेश कुमार ने अपने-अपने विचार व्यक्त की। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किय।

महिला आरक्षण विधेयक पास होना दूर्भाग्यपूर्ण : शत्रु

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर संसद के विशेष सत्र में प्रचंड बहुमत से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण प्रदान करने सम्बन्धी विधेयक पारित होने पर पक्ष और विपक्ष की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि एससी एसटी कोटे के अन्दर ही इन वर्गों की महिलाओं को आरक्षण प्रदान करना और समाज के सबसे बड़े तबके ओ०बी०सी० /अल्पसंख्यक महिलाओं के हितों की भीषण अनदेखी पर संसद के अन्दर घड़ियाली आंसू बहाते हुए भी बिना संशोधन प्रस्ताव के ही मोदी सरकार द्वारा लाए गए विधेयक पर विपक्ष द्वारा मतदान कर प्रचंड बहुमत से पास कर देना,एक बड़ी साज़िश का हिस्सा है। बयान में विपक्ष की कड़ी आलोचना करते हुए जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि आज माननीय शरद यादव जैसे यथार्थवादी व समाजिक न्याय के पुरोधाओं की जरूरत है। जिन्होंने लम्बे समय तक स्वर्ण महिला आरक्षण विधेयक को पारित नहीं होने दिया था, लेकिन अब विपक्ष में ऐसे नेताओं के नहीं रहने से संघ का एजेंडा पल्लवित- पुष्पित हो रहा है।

हनुमत पूजा व महायज्ञ का आमंत्रण देने की शुरूआत 24 से करेगी समिति

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। हनुमंत पूजन व लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आमंत्रण देने भागवत कथा आयोजन समिति 24 सितंबर(रविवार) को निकलेगी। उक्त जानकारी भागवत कथा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय)ने दी। श्री पाण्डेय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक परमपुज्य देवकीनंदन ठाकुर की अमृतमयी कथा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे प्रमंडलवासियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके तहत प्रथम दिन शहर के प्रबुद्धजनों को भागवत

कथा आयोजन समिति के सदस्य उनके आवास पर पहुँच कर उन्हें महायज्ञ में आमंत्रित करेंगे। वहीं उनसे भागवत कथा आयोजन समिति से जुड़ने का आग्रह करेंगे। श्री पाण्डेय ने कहा कि भागवत कथा को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरे प्रमंडल वासियों से सहयोग की अपेक्षा है। यह पूरे पलामू के लिए परम सौभाग्य है कि झारखंड में पहली बार पलामू जिले में देवकीनंदन ठाकुर का भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ होने जा रहा है। इस बड़े आयोजन की सफलता एवं भव्यता हेतु गुरु पाण्डेय ने पूरे पलामू प्रमंडल के लोगों से सहयोग का अनुरोध किया है।

रैफ कमाडेंट ने की आईजी, डीसी व एसपी से औपचारिक मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। रैफ (समवाय ए/106 वाहिनी द्रुत कार्य बल) जमशेदपुर के कमाडेंट डा. नितीश कुमार एवं उप कमाडेंट विवेक कुमार के निदेर्शानुसार 20 से 26 सितंबर तक पलामू जिला में आरएएफ ए/106 वाहिनी के लिए परिचयात्मक अभ्यास निर्धारित किया गया है।

जिसका नेतृत्व ए/106 वाहिनी के ओसी विवेक कुमार,उप कमाण्डेन्ट कर रहे हैं। कार्यक्रम की कड़ी मे आज दुसरे दिन विवेक कुमार द्वारा जिला मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन से औपचारिक मुलाकात कर आरएएफ के कार्यक्रम एंव क्रियाकलापों की जानकारी साझा की।

उपायुक्त ने की कृषि विभाग की समीक्षा

चार-चार गांवों का चयन कर पशुधन मॉडल विलेज बनायें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि समेत पशुपालन, गव्य विकास, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग की संयुक्त बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपरोक्त विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से गांव के जरूरतमंद लोगों को जोड़ने और योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने का निर्देश दिया। पशुपालन पदाधिकारी को निदेशित किया कि जेएसएलपीएस से समन्वय बनाकर जिले के विभिन्न प्रखंडों से चार-चार गांव का चयन कर पशुधन मॉडल विलेज बनाने की दिशा में कार्य करें। उपायुक्त ने बकरी, गाय, सुअर, बत्तख, पॉल्ट्री फॉर्म आदि का लाभ देने के लिए लाभुकों का चयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत निर्मित हो रहे डीपबोर, परकोलेशकन टैंक आदि कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों कों ससमय पूरा करने का निर्देश सबंधित पदाधिकारी को दिया। वही उन्होंने कृषि,आत्मा, मत्स्य, सहकारिता एवं गव्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और ससमय पूरा करने का निर्देश सर्बधित पदाधिकारी को दिया। बैठक में उपरोक्त विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

नारीशक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर पीएम का आभार जताया

मेदिनीनगर। पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने लोकसभा में नारीशक्ति बन्दन अधिनियम पेश किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। यह एक ऐसा निर्णय है जिससे हमारी नारी शक्ति को सही मायने में अधिकार मिलेगा। नारीशक्ति बन्दन अधिनियम के अंर्तगत लोकसभा और राज्य के विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 % सीटों पर आरक्षण का प्रवधान है। इसी 33% में एक तिहाई सीटे अनुसूचित जाति और जनजाति महिलाओं के लिए की जानी है। झारखंड विधानसभा में 81 सीटो में 27 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हो जायेगी। मौजूदा लोकसभा में कुल सदस्य सख्या 543 है। इस वक्त महिलाओं की सख्या 82 है। विधेयक पास होने से लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या बढ़कर 181 हो जायेगी। नारी शक्तिकरण हेतु युगान्तकारी कदम उठाने के लिए प्रधानमंत्री का अभिनंदन एवम बधाई। प्रधानमंत्री को बधाई देने वाले में मोर्चा अध्यक्ष उदय राम के अलावे सनी पासवान ,संजीत कुमार ,उपेन्द्र तिवारी ,संजय मिस्त्री ,अजित कुमार,कृष्णा राम नाम शामिल है।

सर्वेश्वरी समूह का 63वां स्थापना दिवस मना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्री सर्वेश्वरी समूह का 63 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इसे लेकर गुरुवार को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सुदना स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। पारिवारिक गोष्ठी में हुसेनाबाद विधायक कमलेश सिंह एवं नगर निगम की पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने श्री सर्वेश्वरी समूह को स्थापना दिवस की शुभकामना दी । गोष्ठी की अध्यक्षता सोनपुरा राज परिवार के टिकैत बिजेंद्र नाथ शाही ने की। संचालन सुधीर सिंह ने किया। गोष्ठी में उपाध्यक्ष प्रमोद सिंहा,रागिनी सिंह,सुषमा श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने श्री सर्वेश्वरी समूह के उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डाला।स्थापना दिवस समारोह में आश्रम से जुड़े कई वरीय सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इससे पहले भक्तजनों ने सुबह में सामूहिक श्रमदान कर आश्रम परिसर की सफाई किया।इसके बाद सुबह करीब 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। फूलों से सुसज्जित वाहन पर अघोरेश्वर महाराज की तस्वीर सजाया गया था।आश्रम

परिसर से निकलकर प्रभात फेरी साहित्य समाज चौक,कन्नी राम चौक,आढ़त रोड,छह मुहान,सुभाष चौक,बेलवाटिका चौक,दो नंबर टाउन,रेड़मा चौक,बैरिया चौक,गायत्री मंदिर रोड,साहित्य समाज चौक होते हुए वापस हुआ।इसके बाद विधिवत ध्वजा पूजन किया गया।ध्वजारोहण के बाद भक्तजनों ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। सद्ग्रंथ सफल योनि के पाठ के बाद भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।मौके पर आश्रम के व्यवस्थापक योगेंद्र नारायण सिंह, प्रताप नारायण शाही, अनुराग सिंह, गिरिनाथ सिंह, अन्ना डीएम पाल, अनुज सिंह, अजय बक्सराय, नरसिंह सिंह, राहुल सिंह, राणा सिंह, मृत्युंजय सिंह,सोबराती अंसारी, रामजी राम, सुषमा श्रीवास्तव, श्रीराम डाल्टन, मनोज गुप्ता सहित काफी संख्या में भक्तजन शामिल थे।

एड्स जागरूकता को ले होगा यूथ फेस्ट कार्यक्रम

17 से 25 वर्ष तक के छात्र -छात्राएं ले सकते हैं भाग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से जिला स्तर पर यूथ फेस्टिवल कराया जाना है। इसके तहत 26 सितंबर को प्रातः 7-10 बजे स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। साथ ही 30 सितंबर को 11.00 बजे पूर्वाह्न से लेकर 01.00 बजे अपराह्न तक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल में किया जायेगा। इसी क्रम में 01.00 बजे अपराह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक टाउन हॉल में नाटक का मंचन एवं अपराह्न 03.00 बजे से 04.00 बजे शाम तक रील मैकिंग प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रमों की समाप्ति पर शनिवार को ही शाम 4 बजे सभी विजेताओं को प्रथम,द्वितीय व तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में 17 से 25 वर्ष के छात्र- छात्राएं भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले इच्छुक छात्र-छात्राएं सिविल सर्जन कार्यालय में डीपीएम से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन 26 सितंबर से पहले या उसी दिन भी करा सकेंगे।

चैनपुर के गांवों में चला जागरूकता कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर गुरुवार को डालसा की टीम द्वारा चैनपुर प्रखंड के रबदा, खुराकला, करसो ,बोडी, सलतुआ , ओड़नार, बांसडीह एवं पूर्वडीहा पंचायत के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी है । उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत जिले में 17 सितंबर से हो चुकी है। इसके तहत टीम 'ए' व 'बी' के सदस्यों ने चैनपुर प्रखंड के रबदा, नेउरा, खुरा कला ,

करसो, पचलेवा, मतौली,बोडी, खामही, सलतुआ व हरीनामाड़ समेत दर्जनों गांव में पहुँचकर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान की गयी, साथ ही तस्करी ,दुर्व्यवहार ,बाल श्रम ,बाल विवाह, पोक्सो आदि का शिकार होने से रोकने के लिए बाल संरक्षण योजना से जुड़ने की जानकारी दी गई।। सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान का आयोजन कर महिलाओं को सशक्ति की दिशा में जागरूक किया गया। मौके पर टीम ए के सुमंत कुमार मेहता, विनय प्रसाद, भागीरथी दुबे ,गजेंद्र प्रसाद, सुचिता एक्का, व टीम बी के श्रीकांत तिवारी, विजय कुमार ,रविंद्र कुमार सिंह, देवराज शर्मा, रंजना कुमारी के साथ पारा लीगल कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल थे।

मगध फाउंडेशन की कार्यशाला झारखंड भवन में सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मगध फाउंडेशन की वृहद भारत की संकल्पना साकार करने के लिए एक कार्यशाला झारखंड भवन में सम्पन्न हुई। इसकी अध्यक्षता कृष्णा नन्दन (पूर्व मंत्री) ने की। इस कार्यक्रम में इस संगठन के विस्तार पर सभी सदस्यों तथा पदाधिकारीयों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए तथा भारत के वृहद संकल्पना के सभी बिंदुओं पर गहन विचार किया गया। मगध फाउंडेशन द्वारा भारत का पुराने समृद्ध सांस्कृतिक तथा भौगोलिक व्यवस्था को पुनः बहाल करने के लिए तथा सरकार को एक परामर्शदात्री संस्था के रूप में स्थापित करने पर बल दिया गया। सभी सदस्यों द्वारा इसके विस्तार पर कार्यक्रमों के संचालन पर बल दिया गया। इस कार्यक्रम में चार दिन की कार्यशाला के लिए दिल्ली की कांस्टीट्युशन क्लब में कार्यक्रम कराने के लिए व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में प्रमुखता से शामिल लोगों के नाम हैं। राकेश शंकर सेठी, एम. जितेंद्र, प्रियंवदा, परिक्षित तिवारी, रंजन दूबे, विरेंद्र वशिष्ठ, वेंकटेश रामराज, दिलारा खान, रविकांत शर्मा, रितेश पाण्डेय, केडी सिंह,प्रदीप शर्मा शामिल हुए। मगध फाउंडेशन का मिशन राजनीतिक संरचना में परिवर्तनकारी परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

पर्यावरणविद ने मृतक के नाम पर किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर। अनुमंडल के मनहु में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने स्व चूल्हन यादव और स्व रामसेवक यादव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम पर उनकी आत्मा की शांति के लिए बरगढ़, पीपल और,आम के पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि श्राद्ध में मानव के भोजन साथ साथ पक्षी के भोजन की व्यवस्था हेतु बरगढ़ व पीपल के पौधे लगाने से मृत आत्मा को शांति मिलेंगी उन्होंने श्राद्धकर्म में

शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाने के उपरांत उनके बीच एक सौ फलदार पौधों निःशुल्क वितरित किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवो को अनेकों लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। मौके पर डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी जुबेर अंसारी, बसंत विश्वकर्मा,स्व चूल्हन यादव के पुत्र रमेश यादव, देवबंद यादव, सुरेश यादव, नरेश यादव और स्व रामसेवक यादव के पत्नी मालती देवी, पुत्र रविंदर यादव, महेंद्र यादव, शिवनारायण, लालू साव विजय, रंजन, छोटू, गुड्डू उपस्थित थे।

उपायुक्त ने की जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक

ओडीएफ प्लस गांव बनेंगे मॉडल ग्राम, चलेगी बैटरी युक्त कचरा गाड़ी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे एमवीएस, एसवीएस एवं क्लस्टर आधारित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने नीलांबर - पीतांबरपुर प्रखंड से प्राप्त भूमि के एनओसी पर प्रखंड स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण करने, जिले में गोबरधन हेतु चयनित एजेंसी शिवम कंपनी से पांकी प्रखंड के पंचायत सुंडी में गोबरधन प्लांट लगाने और जल जीवन

मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे कार्यों के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर वाहन का परिचालन करने तथा परिचालन पर होने वाले खर्च को एसबीएम ग्रामीण के आईईसी मद से भुगतान करने हेतु अनुमोदन की स्विकृति दी। उन्होंने जिले में ओडीएफ प्लस के तहत सभी गांव को मॉडल ग्राम बनाने के लिए 265 पंचायतो में बैटरी युक्त कचरा गाड़ी जीईएम पोर्टल से खरीदने के अनुमोदन की स्वीकृति दी। वहीं उन्होंने जिला अंतर्गत सभी गांव में प्लास्टिक कचरा संग्रहण करने के लिए बांस के चेचरी का निर्माण कराने हेतु एसबीएम ग्रामीण की राशि का ग्राम स्तर पर खर्च होने वाले एसएलडब्ल्यूएम के 70 प्रतिशत राशि से भुगतान करने का निर्देश दिया। इसके अलावे स्वच्छता ग्राही द्वारा पलामू जिले में ओडीएफ प्लस अंतर्गत किए गए जिओ टैग की राशि के भुगतान करने पर चर्चा की गई। बैठक में सहायक समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

पड़ताल

डीएमओ ने किया हॉट मिक्सिंग प्लांटो का निरीक्षण

तुकबेरा में बड़ी मात्रा में मिला स्टोन चिप्स का अवैध भंडारण

जिले में बक्शे नहीं जायेंगे अवैध माइनिंग के कारोबारी : डीएमओ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार गंभीर हैं। जानकारी के अनुसार अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर डीएमओ ने 20 एवं 21 सितंबर को लगातार दो दिन हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले 20 सितंबर को डीएमओ पण्डवा पहुंचे एवं अंचल के तुकबेरा में स्थापित हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण कि क्रम में पाया कि प्लांट में 10 एमएम का 7500 घनफीट एवं 20 एमएम का 5 हजार घनफीट स्टोन चिप्स रखा हुआ है, जिसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि खनिज विक्रेता द्वारा किसी प्रकार के निबंधन

की स्वीकृति नहीं ली गयी है। निबंधन प्राप्त किए बिना ही खनिज का व्यवसाय किया जा रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विक्रेता शैलेन्द्र कुमार सिंह,पिता मटुक सिंह,बाईपास,रोड मेदिनीनगर से सात दिनों के अंदर स्पष्टीकरण का जबाव मांगा गया है। ससयम जबाव नहीं दिए जाने पर नियम संगत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसी तरह 21 सितंबर को मेदिनीनगर अंचल के जोरकट में स्थापित हॉट मिक्सिंग प्लांट एवं पत्थर चटटी बेतला रोड डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप मिक्सिंग प्लांट की जांच की गई,जहां पर 2500 सौ घनफीट स्टोन चिप्स,1500 सौ स्टोन चिप्स डस्ट, वहीं जोरकट में 25 हजार घनफीट स्टोन चिप्स एवं एक हजार घनफीट स्टोन डस्ट पाया गया।जिस पर कार्रवाई करते हुए डीएमओ ने खनिज विक्रेता रणधीर कुमार सिंह,पिता महेन्द्र प्रसाद, चियांकि विजय नगर एवं जीएस कंस्ट्रक्शन,गुरूजीत सिह को स्पष्टीकरण करते हुए सात दिनों के अंदर जबाव मांगा एवं जबाव नहीं दिए जाने पर कार्रवाई की बात कही हैं। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा कि जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्ति बक्शे नहीं जाएगें।

भक्ति गानों के साथ गणेश प्रतिमा का किया गया विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बीडी फिटनेश, रेड़मा की तरफ से बुधवार को गणेश चतुर्थी का भव्य एवं आकर्षक जुलूस निकाला गया। बीडी फिटनेश परिवार के सभी सदस्य बहुत ही धूमधाम से गणपति बप्पा को लाये और उं श्री गणेशाय नमः के जाप के साथ बहुत ही जोश, अनुशासन और भक्ति गानो के साथ उन्हे विसर्जित किया। इस पूरे कार्यक्रम में संस्था सदस्यों ज्ञान रंजन, अभिषेक पांडेय उर्फ गोपी, अमित शुक्ला, मुकेश सिंह, प्रवीण तिवारी, चिंटू सिंह, प्रज्जवल राजपूत, अनन्त विजय, आकाश, अभिषेक आनन्द,

जैकी, प्रिंस, शुभम, सुधांशु, सुमित प्रकाश, अजीत, आर्यनदीप, राहुल, गोलू, आयुष, आयुश रोशन, सबाना, सुहानी, आर्या, नेहा सहित सभी सदस्यों , जिनका नाम नही लिखा गया है, का भरपूर सहयोग रहा। गणेशजी की मूर्ति विसर्जन का जुलूस पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रहा और शहरवासियों ने इसकी काफी सराहना की।

खिलाड़ियों के सम्मान में मंत्री ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन

खेल हब के रूप में विकसित होगा गढ़वा

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान गढ़वा में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं खिलाड़ियों के सम्मान में गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विजेता एवं उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा में मौजूद सभी खिलाड़ियों सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। बाहर से कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान मंत्री ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्य लोगों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि गढ़वा में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट बहुत ही बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन में आयोजन समिति, सभी जिलों के खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा

जिला फुटबाल संघ, एथलेटिक्स संघ, अन्य सभी खेल संघों के पदाधिकारी, सदस्य, जिले के अधिकारी एवं झामुमो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगों आदि सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि यदि लोगों का इसी तरह से सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में और भी बड़े स्तर पर खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा खेल हब के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरे राज्य में खेल एवं खिलाड़ियों को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के खिलाड़ी सिर्फ देश में ही नहीं पूरे विश्व में झारखंड का परचम लहराएं। मौके पर मुख्य रूप से आईजी राजकुमार लकड़ा, उपयुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, रंका एसडीओ राम नारायण सिंह, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जितेंद्र सिन्हा, कंचन साहू, आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह गढ़वा, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी, चंद्रचूड़ सिंह, राजकमल तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, आशुतोष पांडेय, राजा सिंह, दिलीप गुप्ता, नसीम अख्तर, विकास पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मृतका के घर पहुंचे मंत्री मिथिलेश परिजनों को किया आर्थिक सहयोग

गढ़वा। प्रखंड के करके ग्राम निवासी सुनील राम की 22 वर्षीया पत्नी ममता देवी की प्रसव के दौरान हुई मौत की खबर मिलने के बाद विधायक एवं पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गुरुवार को मृतका के घर पहुंचे। वहां उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए अनाज एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मंत्री ने सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह को इस मामले में जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही बीडीओ कुमुद कुमार झा को अंबेडकर आवास, पारिवारिक लाभ सहित अन्य सुविधा परिजनों को तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि गांव की सहिया सीता देवी सुनील राम की पत्नी ममता देवी को प्रसव के लिए शहर के सौम्या नामक अस्पताल में ले गई थी, जहां प्रसव के दौरान ममता की मौत हो गई। मंत्री ने बिचौलियागिरी कर निजी अस्पताल में ले जाने वालों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ कुमुद कुमार झा, सीओ कुमार मयंक भूषण, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, भागीरथी सिंह, फुजैल अहमद, आराधना सिंह, आशुतोष पांडेय, मुखिया नारद तिवारी, अरुण दुबे, नीरज तिवारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने की पीएचसी में डॉक्टर की पदस्थापना कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता। केतार
केतार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने गुरुवार को रांची में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने केतार प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से दोनों मंत्री को अवगत कराया और जल्द समस्या समाधान कराने का आग्रह किया है।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से केतार प्रखंड के पाचाडुमर गांव में निर्मित दस बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना कर अस्पताल शुरू कराने का आग्रह किया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि है 2.35 करोड़ रुपये की लागत से बने अस्पताल का उद्घाटन 4 वर्ष पूर्व ही हुआ है, लेकिन डॉक्टर की पदस्थापना नहीं होने से अस्पताल में अब तक ताला लटक रहा है, जिससे प्रखंड की लगभग एक लाख की आबादी को स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं से वंचित होना पड़ रहा है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से केतार अंचल में अंचलाधिकारी का पदस्थापना कराने और शुलभ शौचालय का निर्माण कराने का आग्रह किया है। उन्होंने मंत्री से कहा की 18 माह से केतार में अंचलाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा है। इससे आम ग्रामीणों को भूमि संबंधित समस्याओं का निबटारा समय पर नहीं होने से काफी परेशानी हो रही है। मौके पर राजनाथ राम, ललू राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

स्वास्थ्य मंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर उनके सामने रखी खरौंधी प्रखंड की समस्याएं

खरौंधी। प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी श्याम सुंदर राम ने गुरुवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता तथा ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर प्रखंड की कई समस्याओं को रखा। बताया गढ़वा जिला के अंतिम छोर पर उत्तर प्रदेश व बिहार की सीमा से सटा हुआ खरौंधी प्रखंड है। प्रखंड में लगभग 80 हजार लोग रहते हैं। उनके इलाज की अभी तक प्रखंड में समुचित व्यवस्था नहीं है। प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के उद्देश्य से खरौंधी में 12 वर्ष पूर्व लगभग 4 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया। लेकिन अभी तक एक भी डॉक्टर का प्रतिनियोजन नहीं किया गया। रखरखाव सही नहीं होने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो रहा है। प्रखंड वासियों का इलाज झोला छाप डॉक्टर से या 30 किलोमीटर दूर भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर कराना पड़ता है। ग्रामीण विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री ने जल्द समस्याओं को समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान झामुमो के जिला उपाध्यक्ष लल्लूराम, कमलेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार गौतम, भीम कुमार, अमरेश राम, विजय रावत उपस्थित थे।

बीडीसी सदस्यों ने प्रमुख के समर्थन में दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। मेराल
प्रखंड के 15 पंचायत समिति सदस्यों ने एसडीओ को आवेदन देकर प्रमुख दीपमाला के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव को गलत बताया है। बीडीसी सदस्यों ने कहा कि 15 बीडीसी सदस्य एक साथ हैं। पिछले दिनों कुछ बीडीसी सदस्यों के द्वारा जो अविश्वास प्रस्ताव दिया गया था उसमें कई बीडीसी सदस्यों ने अपनी सहमति नहीं दी थी। उसके बाद भी उनके हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन दिया गया।

बीडीसी सदस्यों ने कहा कि प्रमुख दीप माला की ओर से काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है और प्रमुख से किसी भी तरह की शिकायत नहीं है। हम सभी एक साथ हैं और आगे भी एक साथ रहेंगे। बीडीसी सदस्यों ने कहा कि कुछ लोग हैं जिन्होंने निजी स्वार्थ में इस तरह के अविश्वास प्रस्ताव

लाने का प्रयास किया। प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि सभी बीडीडी एक परिवार है। परिवार सुरक्षित है। कुछ लोगों को गलतफहमी हुई थी जिसे मिल बैठ कर खत्म किया गया है। आज सभी बीडीसी एक साथ हैं। एसडीओ को आवेदन सौंपने वालों में तीसरटेटूका के पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी, दुलदुलवा पंचायत समिति सदस्य देवंती देवी, अनीता देवी, सुनिता देवी, प्रमिला देवी, कृष्णदेव प्रजापति, रीमा कुमारी, बबिता देवी, अनीता देवी, अमीनुदीन अंसारी, राजराम उरांव मिना देवी शामिल थे।

राशनकार्ड धारियों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता। केतार
प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर और सिंहपुर गांव के राशनकार्ड धारियों ने गुरुवार को मां अम्बे स्वयं सहायता समूह के डीलर के विरुद्ध प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ को आवेदन देकर डीलर पर राशन वितरण में कटौती करने, राशन कार्ड से नाम कटवाने की धमकी देने और अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की है। लाभुकों ने बताया है कि मां अम्बे जनवितरण प्रणाली के डीलर द्वारा कभी भी समय पर राशन का उठाव नहीं किया जाता है। जिस वजह से समय पर राशन वितरण नहीं होने से राशनकार्ड धारकों में भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। डीलर के प्रतिनिधि विरेंद्र पासवान रेणुकूट में नौकरी करते हैं। राशन वितरण करने के लिए एक दो दिन के लिए आते हैं और पुनः रेणुकूट चल जाते हैं। इससे सिर्फ आधे अधूरे राशनकार्ड धारियों को ही राशन मिल पाता है। बाकी राशनकार्ड धारियों को राशन से वंचित होना पड़ जाता है।

लाभुकों ने बताया कि डीलर द्वारा अगस्त और सितंबर माह का राशन वितरण में दो किलो से पांच किलो तक प्रति राशन कार्ड पर राशन की कटौती की गंई है। लाभुकों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से डीलर का लाइसेंस रद्द करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, जांचोपरांत डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। आवेदन देने वालों में सुनील साह, अंगद गुप्ता, उमेश गुप्ता, फेकन साह, सुरजन गुप्ता, संजय वियार, पृथ्वीनाथ साह, सुनीता देवी, दुलारी देवी, प्रमिला देवी, रश्मि रानी, सोनी, सीमा, किस्मतिया देवी शामिल थे।

राशन में कटौती पर लाभुकों ने की नारेबाजी

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर
कैलान पंचायत के जविप्र डीलर रामजन्म सिंह द्वारा लाभुकों के बीच अगस्त माह का राशन व धोती साड़ी वितरण नहीं किये जाने से आक्रोशित राशन कार्डधारियों ने समाजसेवी राजमोहन यादव के नेतृत्व में उपायुक्त, डीएसओ तथा जिप अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर अनाज की कालाबाजारी रोकने व जविप्र डीलर रामजन्म सिंह का लाइसेंस रद करने की मांग की है। लाभुकों ने कहा है कि डीलर द्वारा प्रति लाभुक 2 से 3 किलो अनाज राशन काट लिया जाता है। अगस्त माह का राशन एवं धोती साड़ी भी नहीं बांटा गया है। डीलर द्वारा राशन कार्ड खत्म करने की बात भी कही जाती है। ज्यादातर कार्डधारी आदिम जनजाति, भुईयां परिवार से आते हैं, अगर हम लोगों को वर्तमान में राशन नहीं मिला तो भूखमरी के शिकार भी हो सकते हैं। एमओ द्वारा डीलर पर अब तक

कार्रवाई नहीं की गई है। गढ़वा डीएसओ ने कहा कि डीलर पर एफआईआर करने के लिए एमओ जयपाल महतो को कहा गया है। सभी राशन कार्ड धारियों ने समाहरणालय गेट पर ही डीलर रामजन्म सिंह का लाइसेंस रद्द करो, डीलर की मनमानी नहीं चलेगी, एमओ की मनमानी नहीं चलेगी का नारा लगाया। मौके पर कैलान पंचायत मुखिया सुकनी देवी, राम प्रताप यादव मनोज यादव, सुशील सिंह, रामचंद्र यादव, कुलदीप सिंह, अमरनाथ सिंह, बुधन सिंह, अमेरिका सिंह, विष्णु देव सिंह, उमेश भुईयां आदि ग्रामीण मौजूद थे।

संक्षिप्त

सोते वक्त शरीर पर पंखा गिरने से लगा करंट

भवनाथपुर। खरौंधी थाना क्षेत्र के भागिडीह निवासी नंदू ठाकुर गुरुवार को बिजली करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्वजनों के द्वारा प्राथमिक उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना के बारे में स्वजनों ने बताया कि नंदू ठाकुर गुरुवार को अपने घर में लोहे का स्टैंड फेन लगाकर सोया था। पंखा नंदू ठाकुर पर ही गिर पड़ा, जिसमें करंट लगने से घायल ही गया।

सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई

मझिआंव। भारत सरकार एवं नगर विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पंचायत मझिआंव में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांच स्थानीय रेफरल अस्पताल में किया गया। इस दौरान डॉक्टर विशाल कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। बबलु डोम, संजय डोम, विकास कुमार, विजय साह, विजय डोम, समुद्री देवी, शकुंतला देवी, हेवंती कुंवर, चिंता कुंवर, फुलझरिया देवी, गोविंदा राम, गुडु राम, अनिल कुमार, अरूण कुमार इत्यादि की जांच की गई, जिसमें सभी कर्मचारी स्वस्थ पाये गये। मौके पर नगर प्रबंधक जीतेश कुमार, विकास सिंह, राकेश सिन्हा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

आजसू की प्रखंड कमेटी का किया गया गठन

बड़गड़। आजसू पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय बड़गड़ में पार्टी के केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी की उपस्थिति में बैठक हुई। इसमें रांची के मोराबादी मैदान में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय महाधिवेशन की सफलता एवं प्रखंड में आजसू पार्टी के विस्तार को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान केंद्रीय सचिव पंकज तिवारी के द्वारा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। अध्यक्ष रविशंकर यादव, सचिव सुनील कुमार काशीं, मीडिया प्रभारी रोहित दास, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव को बनाया गया। साथ ही जिला उपाध्यक्ष संजीव कुजूर बनाया गया। बैठक में भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष विनीत तिग्गा, अजय केशरी, एहसान अंसारी, शंभू ठाकुर, संगीत देवी, राजेंद्र सिंह, गणिनाथ सिंह, बिनोद प्रजापति, चंदन प्रजापति, शम्मी हेमंत तिग्गा, विनोद नायक, इम्तियाज अंसारी, लड्डू खान, अमजद खान आदि उपस्थित थे।

सर्वसम्मति से सगमा प्रखंड समिति का गठन

श्री बंशीधर नगर। रामविलास पासवान सेवा समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक सगमा प्रखंड के सोनडीहा ग्राम स्थित मध्य विद्यालय परिसर में कुमकुम पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सगमा प्रखंड समिति का गठन किया गया। मिथलेश पासवान को अध्यक्ष, पंकज विनय पासवान को उपाध्यक्ष, रामलाल पासवान को सचिव, गुलाब पासवान को कोषाध्यक्ष तथा बीडीसी कमलेश पासवान को प्रवक्ता बनाया गया। बैठक में संस्थापक अनुराग पासवान, सुमेर पासवान, जितेन्द्र टार्जन, धर्मेन्द्र पासवान, राम प्रवेश पासवान, भवनाथपुर प्रखंड प्रभारी सूरज पासवान, रमना प्रखंड मीडिया प्रभारी सुनील पासवान, विनय प्रकाश, विनोद लाला राम, बुद्धि नारायण, नगीना, सीताराम, राजेन्द्र, कुलदीप, मुरली, राकेश आदि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी रमेश पासवान उर्फ सोनू ने दी।

बच्चों के बीच स्लेट, पेंसिल का किया वितरण

श्री बंशीधर नगर। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ बंशीधर नगर द्वारा संचालित जायन्ट्स सेवा सप्ताह के पांचवें दिन आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्लेट, पेंसिल का वितरण किया गया। जायन्ट्स अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि बैल बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र व मध्य विद्यालय के बगल में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में लगभग 50 बच्चों के बीच स्लेट पेंसिल का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका आशा कुमारी, सुमित्रा देवी, जायन्ट्स सचिव अनूप कुमार निराला, सुजीत अग्रवाल, अश्विनी कुमार, राहुल जायसवाल, गोपाल जायसवाल, विनोद कुमार, सुजीत अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

महिलाओं ने निकाली नशा मुक्ति अभियान रैली

श्री बंशीधर नगर। प्रखंड के दहेड़िया ग्राम में जेएसएलपीएस आजीविका महिला ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान को लेकर रैली निकली गई। नशा मुक्ति रैली फुलेश्वरी देवी के घर के निकट से निकलकर झुरकहीं टोला, यादव टोला होते हुए पुनः फुलेश्वरी देवी के घर पास आकर सम्पन्न हुई। मौके पर सुनीता देवी, सावित्री देवी, देवंती देवी, फुलेश्वरी देवी, सोना देवी, पुष्पा देवी, नौरंगी देवी, सीमा देवी, रीना देवी किस्मतिया देवी, सुगीया देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

गढ़वा। जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शरुआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य वसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के विद्यार्थियों को साहस देना है। आयोजन में खुर्शीद आलम, शिक्षक उदय प्रकाश, मुकेश कुमार भारती, संजीव कुमार, आलोक सिन्हा, नरेन्द्र सिन्हा, अजय कुमार, सरिता दुबे, सुनिता कुमारी, सुषमा तिवारी, निलम केशरी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा रक्तदान शिविर

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के निर्देश पर रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, रंका प्रमुख हेमंत लकड़ा, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडे, डॉ महजबीं, डॉ रिद्धि, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम ने कहा कि रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहली बार अस्पताल की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसके लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद और अस्पताल के सभी कार्यरत कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही साथ प्रभारी

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद को 31वां रकदान करने के लिए बधाई देते हैं। सुधीर कुमार ने बताया कि कुल 15 रक्तदान इस शिविर में हुआ है। रक्त दान करने वालों में डॉ असजद अंसारी, बिपिन यादव, अनिल ठाकुर, अनिल राम, राहुल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, लल्लन राम, दिनेश प्रसाद गुप्ता, संतोष ठाकुर, प्रणय रंजन दूबे, सलीम अंसारी, गौरी शंकर यादव, आकाश दीप, प्रिंस कुमार और इस मौके पर डॉ गोरखनाथ पांडेय, एलटी खालिद अनवर, एमपीडब्ल्यू मनदीप, एएनएम किरण आदि शामिल थे।

खबर छपने के बाद कार्यालय पहुंचे प्रखंड समन्वयक

केतार। राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में गुरुवार को प्रकाशित खबर 'लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग के प्रखंड समन्वयक योगदान के बाद से रहते हैं गायब' के बाद आनन-फानन में प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया ि विभागीय कार्य से उन्हें हमेशा बाहर आना-जाना लगा रहता है। इसलिए वे प्रखंड कार्यालय में समय नहीं दे पाते हैं। उन्होंने कहा ि मंगलवार और शुक्रवार को निरंतर प्रखंड कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रखंड समन्वयक पंकज कुमार योगदान के बाद से प्रखंड कार्यालय में नहीं आते थे, जिससे यहां के लोगों को इस विभाग से मिलने वाले लाभ की जानकारी नहीं मिल पाती थी।

भाजपा नेत्री के पति की मौत पर परिजनों को दी सांत्वना

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़
क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया के प्रतिनिधियों सहित बड़गड़ मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने परसवार निवासी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य रीना देवी के पति जयप्रकाश प्रजापति की मौत पर उनके घर पहुंच कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। विधायक के प्रतिनिधि रामकरेश चौरसिया एवं अमलेश चौरसिया ने बीडीओ विपिन भारती से मृतक की पत्नी को सरकारी प्रावधान के तहत पारिवारिक लाभ, अंबेडकर आवास, राशन व पेंशन के लाभ से तत्काल लाभान्वित कराने का आग्रह किया।

परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक जय प्रकाश प्रजापति का निधन अचानक पेट दर्द के कारण बुधवार को हो गया था। विधायक के स्थानीय प्रतिनिधि ओम प्रकाश ने परिजनों को

सांत्वना देते हुए कहा कि आपके इस दुख की घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता आपके साथ हैं। इस दौरान मृतक की पत्नी को विधायक के प्रतिनिधि रामकरेश चौरसिया एवं अमलेश चौरसिया ने नकद राशि देकर आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी, गुलाब भुइया, शिकंद्र चौधरी, मनोज चौधरी, रंजन सोनी, रवि सोनी, अखिलेश पांडेय, प्रेमशुधा देवी उपस्थित थे।

कार्यक्रम पंद्रह असहाय, विधवा और गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया

सर्वेश्वरी समूह आश्रय में मनाया गया स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता। केतार
सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस के अवसर पर केतार शाखा के सदस्यों ने गुरुवार को प्रभातफेरी निकाली। बाबा पूज्य अघोरेश्वर की प्रतिमा के साथ प्रभातफेरी केतार बाजार से मंदिर होकर पुनः आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई।

शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव ने स्थापना दिवस के मौके आश्रम के प्रांगण में झंडोत्तोलन किया। इसके पश्चात शाखा के सदस्यों ने सफल योनि का पाठ कर महाप्रसाद वितरण किया। स्थापना दिवस के मौके पर पंद्रह असहाय, विधवा, गरीब महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इस

मौके पर शाखा के संयुक्त मंत्री विश्वनाथ पंडित ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह का स्थापना समाज में पीड़ित एवं उपेक्षित मानव को सेवा करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा की समाज सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इस मौके पर अवधेश प्रसाद, उदय प्रसाद, प्रेम कुमार गुप्ता, सुरेश कुमार, तेतरी कुंवर, मालती देवी, सुभाषी कुंवर, किरण कुंवर, शिला देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

सर्वेश्वरी समूह के 63वें स्थापना दिवस पर निकाली गई प्रभातफेरी

श्री बंशीधर नगर। श्री सर्वेश्वरी समूह का 63वां स्थापना दिवस स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी में मनाया गया। प्रातः काल 5 बजे प्रभातफेरी निकली गई। संस्था के सैकड़ों सदस्य प्रभातफेरी में शामिल हुए। समूह का झंडोत्तोलन संस्था के मंत्री आनंद जायसवाल द्वारा किया गया।

अनुयायियों ने सामूहिक सफल योनि का पाठ किया। तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद का वितरण भी किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद

जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, राजेंद्र यादव, सुशील कुमार सिन्हा, नागेंद्र कुमार, अनूप कुमार सिन्हा, प्रशांत सहाय, शिव शंकर प्रसाद, छोटू कुमार रंजन, छोटू जायसवाल, लूलू सिंह, संतोष प्रताप देव, मनोज प्रताप, नरेंद्र श्रीवास्तव, श्रवण कुमार, नवनीत कुमार सिंहा, सोमनाथ प्रसाद आदि उपस्थित थे।

नेतरहाट में नहीं है सार्वजनिक सुलभ शौचालय व प्याऊ की व्यवस्था

बोतल लेकर घूमते नजर आते हैं पर्यटक

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट राज्य का सबसे बड़ा पर्यटन स्थल है। यंहा रोजाना सैकड़ों की संख्या में पर्यटक आते हैं। नेतरहाट पर्यटन स्थल से सरकार को भारी राजस्व मिलता है, लेकिन नेतरहाट में कंही भी सार्वजनिक सुलभ शौचालय की व्यवस्था नहीं है। इससे नेतरहाट आने वाले पर्यटकों को शौच के समय भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वे बोतल लेकर खुलेआम तालाब के किनारे शौच करने को मजबूर होते हैं। वहीं नेतरहाट में (प्याऊ)

पीने की पानी का भी घोर अभाव है। पर्यटक हाथ में बोतल लेकर पानी की तलाश में जहां तहां घूमते नजर आते हैं। नेतरहाट पर्यटक स्थल के सनसेट, सनराइज, कोयल व्यू, अपर घघरी, नाशपाती बगान सहित कई अन्य जगहों पर पीने के पानी का घोर अभाव है। पर्यटकों के साथ बच्चे व परिवार होते हैं तो खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शौचालय एवं प्याऊ की व्यवस्था नहीं होने से बंगाल, छत्तीसगढ, सहित कई राज्यों से आने वाले पर्यटकों को भारी दिक्कत होती है।

क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि : नेतरहाट पंचायत के पूर्व पंचायत समिती सदस्य सह समाजसेवी अजय प्रसाद एवं पूर्व मुखिया सुधीर बृजिया ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नेतरहाट में सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं प्याऊ की व्यवस्था नहीं होना हमलोगों के लिए शर्म की बात है। यहां रोजना दूर दूर से पर्यटक आते हैं। उन्हें परेशानी भी होती है। पर्यटकों की सुविधा के लिए अजय प्रसाद ने प्रशासन से अविलंब नेतरहाट में सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं प्याऊ की व्यवस्था कराने की मांग की है।

अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मयूरहंड। कांड संख्या 54/2023 धारा 341 /323 /326/ 448/ 504/ 506/34 भादवि के नामजद अभियुक्त सबिता देवी (42) पति शिव सेवक चौबे ग्राम मनहे को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। अभियुक्त के खिलाफ जमीन विवाद को लेकर आपस में मारपीट कर वादिनी गुड्डी देवी का हाथ तोड़ देने का आरोप था। वहीं अन्य नामजद अभियुक्त आकाश चौबे, विकास चौबे और शिव सेवक चौबे फरार हैं। छापामारी में थाना प्रभारी संजय सिंह, पुअनि अनिरूद्ध सिंह, सहायक महिला आरक्षी चांदनी कुमारी, हवलदार सरोज मिंज, सुमन कुमार झा, बिपिन राव एवं दिनेश रजक शामिल थे।

बिरसा फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले मैच में रांची ने लातेहार को 3-0 दी मात

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम एवं अंचलाधिकारी आफताब आलम ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया।

पहला मैच लातेहार बनाम रांची खेला गया, जिसमें रांची की टीम 3-0 से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच मोहित उरांव को उप प्रमुख ने 1000 रुपये नकद पुरस्कार दिया। यह टूर्नामेंट भाजपा नेता चेतलाल रामदास के सौजन्य से एवं आयोजक समिति अध्यक्ष कामेश्वर राम उप प्रमुख बालूमाथ, अशोक

पासवान, विनोद राणा, अर्जुन गंझु, बाबूलाल उरांव, दिवाकर प्रसाद गुप्ता, राजन सिंह द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर कोच राजकिशोर पासवान, प्रेम प्रसाद गुप्ता, पंकज सिंह, मो जहूर, पंचायत समिति सदस्य पिन्टू नायक, मो यूसुफ मिंया, अशोक पासवान उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

शिक्षक विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय परिसर में गुरूवार को शिक्षक संघ के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त हुए प्रखंड के सभी शिक्षकों को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, रामवी के प्रधानाध्यापिका अनिता देवी, शिक्षक निरंजन सिंह, शंभु राम, सुनिल सिंह, राजेश यादव, लालचंद पासवान ने संयुक्त रूप से किया। मंच का संचालन भीम प्रजापति ने किया। बीडीओ ने सेवानिवृत शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन्होंने कुशलतापूर्वक अपने सेवाकाल को निभाया है। प्रमुख देवी ने कहा कि सरकारी सेवा में यह क्षण बड़ा ही दुखदायी होता है। मौके पर शिक्षक मिथलेश कुमार मेहता, नित्यानंद तिवारी, सुनिल सिंह, शिक्षक मनोज तिवारी, सेवानिवृत्त हुए सहायक शिक्षक लाजरूस एक्का, लक्ष्मण उरांव, सुखदेव भगत, अजित कुमार सिंह, शिक्षिका शिला एक्का, विद्यारथ प्रसाद सिंह, शंभु राम, ईलिजवेद मिंज, कंचन कुमार सिंह के अलावा सहायक अध्यापक शंभु प्रसाद केसरी, जीतन राणा, पंचम गंझु, नरेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद यादव, नवल सिंह, बिनोद मिश्रा, अनिल कुमार सुमन, जय काली नाथ शाहदेव, लाल चंद पासवान संजिव कुमार, अजय बैठा सत्येंद्र राम के कई शिक्षक मौजूद थे।

स्थानांतरित अंचलाधिकारी को दी गई विदाई

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित कर स्थानांतरित अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक को भावपूर्ण विदाई दी गई। विदाई समारोह में बीडीओ संजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव व प्रमुख मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान सीओ को साल, पुष्प गुछ भेंट की गई। साथ ही उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि सीओ श्री पाठक का कार्य सराहनीय रहा। मौके विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, समाज सेवी बसंत सिंह, प्रणेश कुमार गुप्ता, मुखिया जगदीश यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण व प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

स्वच्छता व स्वास्थ्य पर निबंध प्रतियोगिता हुई

चंदवा। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा में गुरुवार को स्कूली बच्चों के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य के विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चंदवा और राजकीयकृत मध्य विद्यालय चंदवा में आयोजित की गयी। बेहतर निबंध लिखने वाले बच्चों को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। इस मौके पर चंदवा पूर्वी जल सहिया अंजू कुमारी, चंदवा पश्चिमी जल सहिया मायावती देवी के अलावे कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन, उप वार्डन, शिक्षक मो. इम्तियाज खान समेत कई लोग मौजूद थे।

वज्रपात से भारी नुकसान, बाल-बाल बचे लोग

मयूरहंड। प्रखंड क्षेत्र के बेलखोरी में गुरुवार को वज्रपात होने से मस्जिद में लगा सीसीटीवी कैमरे व जनरेटर के साथ बिजली वाइरिंग क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं वज्रपात की चपेट में आने से अगल बगल घर के लोग बाल-बाल बचे। वहीं एक पक्षी की घटना स्थल पर मौत हो गई। ग्रामीण मुबारक अंसारी ने बताया की सुबह लगभग दस बजे अचानक बिजली कड़कने के साथ वज्रपात हुई, जिसमें कई घरों में भी इलेक्ट्रॉनिक सामान क्षतिग्रस्त हुआ है। मस्जिद व अन्य घरों में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इसकी लिखित सूचना अंचल कार्यालय में देकर क्षतिपूर्ति की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। मौके पर सतार मियां, मो. सलीम आदि मौजूद थे।

सीसीएल ने आयोजित की पेंटिंग प्रतियोगिता

टंडवा। सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना द्वारा सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका थीम भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें रखा गया है। सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि गाडिलौंग के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 छात्राओं ने भाग लिया।

सिंदूर होली के साथ गणपति का विसर्जन

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय के रेलवे कॉलोनी और बाजार पंचमुखी मंदिर रोड में आयोजित तीन दिवसीय गणपति महोत्सव गुरुवार शाम भगवान गणपति के प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुई। इससे पहले बुधवार की शाम भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, रेलवे के वरीय अनुभव अभियंता विवेकानंद बसु के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कलाकारों ने भक्ति गीत पेशकर दर्शकों का देर रात्रि तक भरपूर मनोरंजन किया। वहीं पूजा पंडाल में महिलाओं के द्वारा बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर होली खेली गई। मौके पर सायमली डे, मनीष डे, आदित्य कुमार, शिल्पी डे, पायल डे, भोला बारिक, उतम रॉय, गोपाल दास, गीता दास, शिखा रॉय, कोयल मन्ना, विवेकानद बासू, अर्पिता बासु, माहुली डे, विजय कुमार मन्ना, शुभांकर बारिक, सोनू बारिक, विनोद कुमार सिंह, उज्जवल कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, अचल कुमार, प्रिया कुमारी, लकी सिंह, पंकज विश्वकर्मा, अभय नाथ, साहिल सिंह, अमरकांत गौतम आदि मौजूद थे।

संत जेवियर कॉलेज में रिसर्च व इनोवेशन पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

'नए विचारों का अनुशीलन करें'

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
ऑस्ट्रेलिया से आए दो विद्वानों डॉ. शिवकुमार तथा फादर रॉबर्ट सेलेटरी ने संत जेवियर महाविद्यालय में अनुसंधान और नवाचार में शैक्षणिक उत्कृष्ट पर अपने-अपने विचार साझा किए। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. शिवकुमार और फादर रॉबर्ट सेलेटेरी ने अपने अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए नवाचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों को आत्मनिर्भरता, अद्भुत विचारधारा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन के महत्व के बारे में प्रेरित किया जिससे छात्रों को अनुसंधान में अधिक रुचि और जागरूकता विकसित हो सके। जो भविष्य में उनके करियर के विकास में मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से शिक्षा का वैश्वीकरण किया जा सकता है। शिक्षा में नवाचार को अपने से आलोचनात्मक, साहस की भावना और अनुकूलन के लिए खुलेपन को बढ़ावा मिलता है, जो कक्षा में छात्रों के लिए उपयोगी होगा। उनके भविष्य

के कार्य स्थल की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा और उन्हें अनुकूलन जारी रखने के लिए आत्मविश्वास और कौशल प्रदान करेगा।

मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ. एमके जोस ने स्वागत अभिभाषण के दौरान कहा कि हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष सत-प्रतिशत रिजल्ट देते हैं। जो कि इस महाविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्ट का एक प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अद्वतीय और योगदान के साथ-साथ अनुसंधान का महत्व भी बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों को यह समझने की अपील की कि वे नए और रोचक विचारों का अनुशीलन करें और अपने अध्ययन के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। फादर डॉ. राजीप ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के विषय की जानकारी देते हुए इस अद्वतीय सेमिनार के माध्यम से यह आयोजन एक नई शिक्षा के माध्यम से ज्ञान का विस्तार करने का अवसर प्रदान करता है। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरिफुल हक तथा भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर अजय कुमार साव ने अपने-अपने पेपर प्रस्तुत किए तथा साथ ही सभी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कॉलेज एंथम गाकर सभागार को संबोधित किया। इसी के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य तथा मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर फादर डॉ. समीर सिस्टर कैशलीन जूलियट, जफर इकबाल, रीमा रेणु, खुर्शीद खान, अमृत मिंज, अविनाश यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में दो जगह लगाए भंडारा

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
सुख व समृद्धि के देवता विघ्नहर्ता श्री गणेश चतुर्थी का त्योहार महुआडांड प्रखंड मे पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। थाना चौक में मां महाकाली नवयुवक संघ एवं मुख्य बाजार शिव मंदिर में आर्यन संघ के

नवयुवकों के द्वारा गणेशोत्सव के तीसरे दिन भंडारा का आयोजन किया गया। आर्यन संघ के भंडारे का उद्घाटन समाजसेवी बिहारी लाल जायसवाल, शंकर दास, विनोद जायसवाल, सुनील जायसवाल,अनिल प्रसाद, बिगन प्रसाद, उत्तम कुमार, विकास गुप्ता, विवेक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव को सफल बनाने में आर्यण संघ के अभिषेक कुमार, पंकज दास बाबु निकेस कुमार, विकास कुमार भोला, सत्यम कुमार, सतीश कुमार, आयुष जायसवाल, प्रिंस दास, अंकित जायसवाल, अंशु कुमार, सुरज कुमार, हिमांशु जायसवाल, हंस कुमार, करन कुमार, नीतीश कुमार, बिक्की, निखिल, विवेक शर्मा आदि सराहनीय योगदान दे रहे हैं। वहीं नवयुवक संघ के भंडारा का उद्घाटन जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, डॉ. एस. के. मित्रा, हामी मुखिया प्रदीप बड़ाईक, महुआडांड मुखिया प्रमीला मिंज, दुरूप मुखिया उषा खलखो, पप्पू प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संघ के पप्पू कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार(छोटू), शुभम गुप्ता, भोला बड़ाईक (बड़ाईक बाबू), अभिषेक सोनी, अंकित कुमार, रिंकू कुमार, विनीत पाठक, शुभम जायसवाल, हिमांशु कुमार, रोहित गुप्ता, जयदीप गुप्ता, दीना गुप्ता, शशि कुमार, प्रीतम गुप्ता, सुरज सोनी आदि सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

संतोष ने महुआडांड़ सीओ का पदभार किया ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़
प्रखंड के नए अंचलाधिकारी संतोष बैठा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रभारी सीओ अमरेन डांग से पदभार लिया। इस दौरान नए सीओ का महुआडांड बीडीओ अमरेन डांग सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों ने स्वागत करते

हुए उम्मीद जताई कि नए सीओ के नेतृत्व में प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों में तेजी आएगी। बैठा ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पूरा प्रयास करेंगे। मौके पर अंचल निरिक्षक गौतम कुमार लकड़ा सहित अंचल कर्मी उपस्थित थे।

बीच सड़क पर गिरा पेड़, घंटों आवागमन रहा बाधित

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-चौपारण मुख्य पथ पर तपेज स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास गुरुवार को मूसलाधार बारिश के दौरान पुराना बड़ा आम का पेड़ अचानक गिर गया। इससे उक्त पथ पर आवागमन घंटों बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से बीच सड़क पर गिरे पेड़ को घंटों मशक्कत के बाद हटाया गया।

इसके बाद आवागमन सुलभ हुआ। ज्ञात हो कि पेड़ गिरने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। पेड़ के गिरने से जहां कई बाइक व कार सवार बड़े हादसे की चपेट में आने से बच गए। वहीं चपेट में आकर एक ट्रक पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया। पेड़ के सड़क पर गिरने से पूरे शहर में अहले सुबह से ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। आवागमन बाधित रहने से स्कूली बच्चों को भी काफी परेशानी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस व नगरपालिका की संयुक्त टीम ने बिजली विभाग के सहयोग से सड़क पर गिरे पेड़ को घंटों मशक्कत के बाद हटाया।

राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने को गंभीर : सत्यानंद भोगता

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
राज्य के कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर लातेहार पहुंचे। मंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन स्टेशन रोड में आयोजित कौशल

उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मंत्री ने हजारों युवाओं को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। श्रम विभाग के द्वारा चयनित लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का भी वितरण किया। इस उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भोगता ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर काफी गंभीर है। पूरे राज्य में ऐसे आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। शिक्षित, अशिक्षित युवाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बना रही है और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त हिमांशु मोहन के अलावा जिला के कई अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

नदी में अचानक आए बाढ़ में बहा अधेड़, नहीं मिला शव

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
थाना क्षेत्र के करकरा नदी में गुरुवार को लगभग 12 बजे अचानक बाढ़ आने से नदी में नहा रहा नावाडीह (मखरौल) निवासी 55 वर्षीय शंभु चंद्रवंशी बह गया। करकरा नदी में गोरीया के समीप बने चेकडेम में नित्य दिन की भांति शंभु चंद्रवंशी नहाने गया हुआ था। तभी अचानक तेज रफ्तार में नदी में बाढ आ गया, जिसकी चपेट में आने से वह नदी में डुबने लगा। वहीं नदी में डूबता देख मवेशी चरा रहे ग्रामीणों ने देखा और इसकी जानकारी परिजनों को दी, लेकिन परिजन व ग्रामीण जब तक नदी पहुंचे तबतक वह बह गया था। कहीं कोई पता नहीं चल पाया तो घटना की सूचना बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय

कुमार सिंह को दी। सूचना पाकर बीडीओ व थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंचे। अधिक बारिश होने के साथ नदी में तेज बहाव होने के कारण शव का कोई अता पता नहीं चल पाया। शाम होने के कारण गोताखोर व अन्य संसाधनों का उपयोग नहीं हो पाया। इसके कारण समाचार लिखे जाने तक अधेड़ का शव बरामद नहीं हो पाया था। दूसरी ओर दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।

ताला तोड़कर मिड-डे मील का राशन चुराया

बारियातु। थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय झीरमतकोमा का बिते रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मिड-डे मील का राशन चोरी कर लिया। विद्यालय के अध्यक्ष हुलास गंझू ने बताया कि प्रतिदिन की भांति पठन-पाठन कार्य संपन्न होने के बाद विद्यालय भवन बंद कर छात्र व शिक्षक चले गए। सुबह गांव का एक बच्चा मवेशी चराने जा रहा था तो देखा कि स्कूल का ताला और दरवाजा खुला हुआ है और चावल बाहर में बिखरा पड़ा है। विद्यालय की संयोजिका झालो देवी, वार्ड सदस्य विनेश्वर गंझु, आदि विद्यालय पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और कार्यालय में रखे कागजात भी बिखरे पड़े हुए हैं।

राजनीति | महिला आरक्षण पर बोले चंदवा प्रखंड अध्यक्ष

भाजपा की नीति और नीयत साफ नहीं

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने महिला आरक्षण बिल का स्वागत करते हुए कहा है कि इसमें ओबीसी, एससी और एसटी कोटा का निर्धारण किया जाय। 2024 लोकसभा चुनाव से ही महिलाओं को उसका हक दिया जाय। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण पर भाजपा की नीति और नीयत साफ नहीं है। वास्तव में जब

तक परिसीमन या जनगणना नहीं होती तब तक इस बिल का फायदा महिलाओं को नहीं मिलेगा।

संसद में गृहमंत्री अमित शाह खुद ब्यान दे चुके हैं कि यह बिल 2029 के बाद लागू होगा। इसलिए केंद्र सरकार की नीति और नियत पर सवाल खड़ा हो रहा है। अगर बीजेपी की नीति और नीयत साफ है तो गारंटी दें कि 2024 के चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से इस बिल के पक्ष में खड़ी है। पिछड़े वर्ग और एससी महिलाओं का क्या होगा, उन्हें शामिल किए बिना महिला आरक्षण कैसे सभी वर्गों की महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहली बार स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन कांग्रेस पार्टी के राजीव गांधी ही लेकर आए थे, बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में कांग्रेस ने उसे पारित कराया था। उसका नतीजा है कि आज देश भर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेतृत्व कर रही हैं। राजीव गांधी का सपना आधा ही पूरा हुआ है। इस बिल के पारित होने के साथ वह पूरा होगा।

ग्रामीणों ने डीएफओ के नाम रेंजर को दिया ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
पिछले कुछ वर्षों से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बरकरार है। अब तक हाथियों ने कई लोगों को कुचलकर मार डाला है। विभिन्न गांवों में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। घर में रखे अनाज खा जाते है और सामान को नुकसान पहुंचाते हुए खेत में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचाते रहे हैं। इन्ही परिस्थितियों से निजात पाने के लिए चकला पंचायत के जंगलों के किनारे बसे लोगों नें वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार के नाम वन क्षेत्र पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा है कि आदिवासी समुदाय के लोग इस क्षेत्र मे रहकर खेतीबारी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हाथियों का झुंड रह रह कर तबाही मचा रहा है। प्रतिलिपि विधायक बैद्यनाथ राम, जिला परिषद सदस्य चंदवा पूर्वी तथा पश्चिमी के अलावा प्रखंड प्रमुख चंदवा को दिया है। ज्ञापन देने वालों में हरिकुमार भगत, उद्देश्वर भगत, अरुण भगत आदि दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

कुडू प्रखंड मुख्यालय में कला संस्कृति, खेलकूद विभाग का मांदर वितरण समारोह

आदिवासी संस्कृति व सभ्यता को आगे बढ़ाना ही मेरा लक्ष्य : डॉ. रामेश्वर उरांव

नवीन मेल संवाददाता। कुडू
कुडू प्रखंड मुख्यालय में कला संस्कृति, खेलकूद विभाग द्वारा मांदर वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ उरांव ने कहा कि करमा परब लोहरदगा की जनता धूमधाम से मनाए इसको लेकर त्योहार से पूर्व मांदर वितरण किया जा रहा है। इससे आदिवासी समाज अपने संस्कृति एवं सभ्यता को दिखाते हुवे खुशियों के साथ मनाए। लोहरदगा के ग्रामीण जनता एवं लोहरदगा का विकास हो इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। वर्तमान समय में मांदर वितरण किया जा रहा ताकि वादय यंत्र वितरण से आदिवासी धुन के साथ पूरा आदिवासी समाज करमा परब मनाए। गीत संगीत हमारी संस्कृति है, जिससे हम आगे बढ़ा रहे हैं। आदिवासी संस्कृति को बचाने से पहले सजाना है। अखड़ा आदिवासियों का धरोहर हैं। हमारे विधायक मद से पूरे लोहरदगा विधानसभा में आदिवासी बहुल क्षेत्र में अखंडा का लगभग 100 से अधिक निर्माण किया।

जिला प्रशासन के द्वारा आदिवासी बहुल गांव के अखड़ा में सोलर लाइट निर्माण किया जाएगा। आम गरीब जनता के लिए की 20 लाख राशन कार्ड कार्ड बनाया गया। बच्चों के लिए आंगनबाड़ी में गर्म कपड़ा का वितरण किया जा रहा है ताकि आम ग्रामीण जनता का कल्याण हो सके। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार, डीएसओ नारायण राम, खेल पदाधिकारी उत्पल बाड़ा, हाजी सदरूल अंसारी, कुडू प्रमुख ऐनुल अंसारी, शुसिल उरांव संगीता उरांव, रौनक इकबाल, मुनि उरांव, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, आजाद खान, मुनीम अंसारी, अबू रेहान, सूरज मुंडा, महावीर उरांव, नसीम, इकबाल, इरशाद अंसारी, खुशी तिग्गा, संतोषी उरांव उपस्थित थे।

भंडरा में धूमधाम से मनाया गया करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। भंडरा
प्रखंड के बिटपी मुरली तालाब के समीप स्थित जय सरना लूरकुड़िया भवन प्रांगण में गुरुवार को करमा पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा गुमला जिले के विभिन्न गांवों से आए हुए 50 खोड़हा समूह पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिए। सरना प्रार्थना सभा, 12 पड़हा और आदिवासी छात्र संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, शिवराम कछाप एव अन्य ने किया। मौके पर लिंडा ने कहा कि प्रकृति की रक्षा से ही समाज में प्रगति आ सकती है। करमा का त्योहार आदिवासी संस्कृति को नवजीवन देता है। इससे पर्यावरण में भी शुद्धता रहती है। आदिवासी समाज को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परंपरा को भी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज को आगे लाने में युवाओं को सहयोग करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि शिवराम कछाप ने कहा कि करमा पर्व भाई-बहन का पवित्र त्योहार है। इसके माध्यम से बहन उपवास कर अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना करती है। आदिवासी परंपरा की पहचान पूरे विश्व में है। हमें अपनी संस्कृति को बचा कर रखने की जरूरत है। गांव के पाहन-पुजार मां सरना से प्रार्थना कर अच्छी फसल होने की कामना करते हैं। आदिवासियों को अपनी रीति रिवाज, सभ्यता और संस्कृति को बचाना अत्यंत ही आवश्यक है। अतिथि सरना समिति रांची संतोष तिर्की ने कहा की अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इसके लिए मिल-जुलकर काम करना होगा। हमें समाज के वयोवृद्ध लोगों से शिक्षा लेनी चाहिए। मौके पर विभिन्न खोड़हा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि का स्वागत समाज की महिलाओं ने पारम्परिक तरीके से किया। करमा पूर्व संध्या में विभिन्न गांव से पहुंचे खोड़हा टीम को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे थाना प्रभारी गौतम कुमार, राधा तिर्की, बिट्टू उरांव,शामिल उरांव,बिसून उरांव, मंगरा उरांव, सोम उरांव, एतवा उरांव, फुलदेव उरांव,बिनोद उरांव,तिवारी उरांव सहित दर्जनों गांव के आदिवासी समुदाय के लोग मौजूद थे।

करमा प्राचीनतम धर्म है, आदिवासी समाज इसे बचाए : लिंडा

सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कण्डरा स्थित लुड़कुड़िया विद्यालय के मैदान में आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगभग 100 से अधिक खोड़हा दल पारम्परिक वाद्य यंत्र के साथ आदिवासी महिला पुरुष शामिल हुए। मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि विधयक चमरा लिंडा ने कहा कि करमा आदिवासीयों का बहुत ही प्राचीनतम त्यौहार है। आदिवासी समाज के लोग इसे बचा कर रखें। वहीं सभी खोड़हा दल के लोगों को सान्त्वना पुरस्कार स्वरूप एक एक डेग दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, मुखिया पार्वती उरांव, मनीष उरांव, सुमती उरांव, फूलदेव उरांव, सुनीता उरांव, मुन्ना उरांव, संदीप उरांव, पुष्पा उरांव, विजय उरांव, समीर उरांव सहित आदिवासी समुदाय के बालक बालिका और महिला पुरुष उपस्थित थे।

इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन लाल बादशाह जिदो की टीम बनी विजेता

नवीन मेल संवाददाता। कुडू
कुडू प्रखंड के बारीडीह गांव में सेवन स्टार फुटबॉल क्लब बारीडीह के तत्वावधान में तीन दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में जंगबाज क्लब टाकू की टीम एवं लाल बादशाह जिदो की टीम के बीच खेला गया। लाल बादशाह जीदो की टीम 2 - 0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद, विशिष्ट अतिथि कुडू थाना के प्रभारी विश्वजीत सिंह, महासचिव सलीम अंसारी बड़े, जिला बीस सूत्री समिति सदस्य संगीता उरांव, युवा कांग्रेस के लोहरदगा विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा फाइनल में पहुंचे दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। विजेता एवं उपविजेता समेत कुल छह टीमों को अतिथियों के द्वारा नकद राशि एवं खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर नेसार अहमद ने कहा कि फुटबॉल का खेल इस क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। जिसे ग्रामीण स्तर पर लोग उत्सव के रूप में मनाते हैं। यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों एवं अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस तरह के खेल के आयोजन से ग्रामीण स्तर पर सामाजिक सद्भाव और सौहार्द बढ़ता है। इस क्षेत्र के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है और वर्तमान राज्य सरकार खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए कई नीति बनाई है जिसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए। ऐसे खिलाड़ियों को संरक्षण और प्रोत्साहन देना हम सब की जिम्मेदारी है। थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने कहा कि खिलाड़ी लगन और मेहनत से ही कामयाबी हासिल होती है। खासकर क्षेत्र के लोग आपसी सद्भावना बनाए और एक दूसरे को सहयोग करें। मौके पर लाल विकास, राकेश कुमार गुप्ता, रफीक अंसारी, तारिक अनवर, कमरुल इस्लाम, मोहम्मद नसीम, मुनीम अंसारी, सरवर खान, नेसार खान उर्फ बबलू समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

मां सिद्धिदायिनी दुर्गा पूजा समिति भंडरा की बैठक

भंडरा। पुराना थाना के समीप बन रहे मां सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को ईश्वरी मोहन शर्मा की अध्यक्षता में मां सिद्धिदायिनी दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इसमें दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर कमिटी का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए ईश्वरी मोहित शर्मा को चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए धनेश्वर साहू, आनंद साहू, मुकुल अधिकारी, पारस साहू, बिंदु साहू, सचिव पद के लिए राजेश गुप्ता, उप सचिव दिनेश साहू, अनित कुमार कुंदन, अमरेश रथे, पुरुषोत्तम यादव, अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद के लिए ललन सोनार, उप कोषाध्यक्ष उत्तम गुप्ता, संरक्षक राधा मोहन शर्मा, किशोरी मोहन शर्मा, थाना प्रभारी गौतम कुमार, डाक्टर संजय कुमार को चुना गया। मौके पर अध्यक्ष ईश्वरी मोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडरा बाजार टांड़ में मां अंबे की पूजा अर्चना की जाएगी।

संक्षिप्त

अनुकंपा समिति की बैठक में 6 मामलों पर चर्चा

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें पशुपालन विभाग के 2, कल्याण विभाग का 1, शिक्षा विभाग का 1, आयुष कार्यालय का 1 और सिविल सर्जन कार्यालय का 1 मामला समेत कुछ 6 मामलों पर चर्चा हुई और आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

डाकघर के क्रियाकलापों से अवगत हुए बच्चे

लोहरदगा। डाकघर में त्रिवेणी कॉन्वेंट टायनी टास्क स्कूल के सभी बच्चे बच्चियों का डाकघर का विजिट हुआ। इसमें स्कूल के शिक्षक शिक्षिका भी उपस्थित थे। डाकघर के कर्मचारियों ने सभी बच्चों को डाकघर के कार्य के बारे में विस्तार रूप से अवगत कराया। सभी बच्चे बच्चियों को पोस्टकार्ड वितरण किया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक एवं सुकन्या खाता के बारे में भी जानकारी दिया गया। मौके पर पोस्ट ऑफिस के एसडीआई भूषण कुमार, पोस्टमास्टर उपेंद्र प्रसाद साहू, लोहरदगा डिवीजन अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति, सुरेश साहू, रामशरण साहू, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद अजहरूद्दीन समेत डाकघर के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

बीएस कॉलेज में आजसू की स्टूडेंट कमेटी गठित

लोहरदगा। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) द्वारा महाविद्यालय बीएस कॉलेज, लोहरदगा में महाविद्यालय प्रभारी आशीष कुमार साहू की अध्यक्षता में महाविद्यालय के स्टूडेंट कमेटी का गठन किया गया। इसमें महाविद्यालय प्रभारी आशीष कुमार साहू, अध्यक्ष आयुष कुमार मेहता, महासचिव आकाश मेहता, उपाध्यक्ष ऋतिक वर्मा, आकाश तिग्गा, सचिव विवेक चौधरी, उत्तम साहू, सह सचिव अंजली कुमारी, दिव्या कुमारी कोषाध्यक्ष अंजलि साहू मीडिया प्रभारी सह सोशल मीडिया प्रभारी सोनू राजकुमार को बनाया गया है। बताया गया कि 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आजसू के केंद्रीय महाधिवेशन होना तय हुआ है। इसमें वर्तमान सरकार द्वारा छात्रों से किया वादा पूरा नहीं कर सकना, वर्तमान सरकार की नाकामी को लेकर स्टूडेंटो में आक्रोश देखा जा रहा है। वर्तमान में शिक्षा मंत्री का पद भी स्वयं मुख्यमंत्री ही लेकर रखे है ना तो छात्रों को कुछ सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। ना ही छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति मिल रहा है। इसको लेकर चर्चा परिचर्चा की जाएगी।

संक्रमण की रोकथाम को कृमि की दवा कारगर

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर भैया बहनों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। सभी भैया बहनों ने बढ़ चढ़कर इसमें सहयोग किया। कक्षा षष्ठ से लेकर दशम तक के भैया बहनों को यह गोली खिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। हम सभी को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम एवं योग करना चाहिए। परंतु जो परजीवी शरीर के अंदर पनप कर आंत को प्रभावित करते हैं, उसकी रोकथाम के लिए यह दवा खाना अति आवश्यक है। सभी भैया बहन यह दवा लें और अपने शरीर को स्वस्थ बनाए। भैया बहनों को दवा खिलाने में विद्यालय के आचार्य आचार्या का महत्वपूर्ण सहयोग हुआ। राष्ट्रीय दिवस विद्यालय में बड़ी ही जिम्मेदारी पूर्वक आयोजित किया गया।

महिला स्वावलंबी संगठन की वार्षिक आमसभा

पत्थलगड़ा। प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को संकुल स्तरीय आजीविका महिला संकुल सगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा हुई। इसका शुभारंभ बीडीओ मोनी कुमारी, विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर, विरोचन गिरी, एसबीआई शाखा प्रबंधक लालधारि यादव ने संयुक्त से किया। बीडीओ ने कहा कि आजीविका मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं आज लोगों को आत्मनिर्भर बनने में मददगार साबित हो रही है। 2018 से पूर्व महिलाएं घर के काम काज तक ही सीमित रहती थी। उन्हें रोजगार के लिए सोचना पड़ता था, लेकिन आज इस मिशन के तहत प्रखंड के लगभग 4000 से अधिक महिलाएं इस संगठन से जुड़कर आज अपने घर परिवार की परवरिश करने में मददगार साबित हो रहे है। बीपीएम अनमोल मिंज ने कहा आजीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को ऋण भी उपलब्ध कराया गया है। मौके पर सीसी रवि कुमार, आईपीआरपी निता कुमारी, दीपिका होरो, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, पूनम कुमारी, पूनम कुशवाहा, कविता देवी, रंजू देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, पूनम कुमारी, सुमन पूर्ति, सविता देवी, कंचन देवी, नीतू कुमारी, निशा कुमारी, शिवानी वर्मा, मधु कुमारी, किरण कुमारी, संगीता देवी, रीना देवी, आरती कुमारी, बसंती देवी, निधि कुमारी, ललिता देवी, ममता देवी, मीना देवी मौजूद थे।

अभियान मोड में चलाया जा रहा पोषण कार्यक्रम

चतरा। कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में कमी लाने के उद्देश्य से पूरे देश में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिले में कार्यक्रम की शुरूआत से प्रतिदिन कुपोषण मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण पदाधिकरी सुरजमुनि कुमारी ने बताया कि पहले चरण में आंगनबाड़ी केन्द्र स्चितर पर पोषण अभियान के तहत विभिन्न गीतिविधियों का आयोजन का कुपोषण से बचाव के लिए महिलाओं को जागरूक करने के साथ बच्चों व गर्भवती महिलाओं के पोषण एवं देखभाल से संबंधित जानकारी दी जा रही है। समय-समय पर पोषक आहार दिए जाने हेतु प्रेरित करते हुए अपने आसपास स्वच्छता रखने की भी जानकारी दी जा रही है।

बीडीओ ने स्कूली बच्चों की क्लास लगाई, दिया सफलता का मूल मंत्र

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला)
प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चैनपुर के छात्र छात्राओं के बीच गुरुवार को शिक्षा का भेट कार्यक्रम के तहत बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह पढ़ाया इस दौरान बीडीओ शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने बच्चों की क्लास लगाई और सफलता का मंत्र बताया। छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आये कभी हार नहीं मानना चाहिए। जितनी कड़ी मेहनत करेंगे उतनी ही बड़ी सफलता मिलेगी। छात्र जीवन में बहुत सारी कठिनाइयां आती हैं। कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए। अगर हम घबराते हैं तो हमारी मंजिल और दूर होगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों को पठन पाटन से संबंधित वार्ता की उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को सरल एवं सहज भाषा में पढ़ाये ताकि बच्चों को जिस चीज का अध्ययन कर रहे हैं वह अच्छे से समझ में आए। उन्होंने मॉक टेस्ट सिलेबस के अनुसार पढ़ाई स्मार्ट क्लास रेल कार्यक्रम के तहत प्रश्न पत्रों का अभ्यास एवं छात्रों की उपस्थिति सहित पुस्तकालय पर विशेष चर्चा की। इस दौरान बीडीओ डॉ. सिंह पूरी तरह से शिक्षक की भूमिका में दिखे। छात्रों के सवालों का उन्होंने एक शिक्षक की तरह जवाब दिया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वह यहां भाषण देने नहीं आये हैं। मन में जो भी सवाल हो पूछें वह जवाब देंगे। सवाल-जवाब होना जरूरी है। समस्याओं को सवाल-जवाब के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े और सफलता हासिल करें। लक्ष्य बनाकर मेहनत करने पर निश्चित सफलता मिलती है। उन्होंने स्वच्छता और स्वास्थ्य पर पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि हर इंसान को समझना चाहिए कि उसके पास एक दिन में 24 घंटा है। इसी समय का उपयोग कर कोई सफल बनता है तो कोई दुरुपयोग कर असफल। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होता है कि आपके पास जो भी रिसोर्स हों उसका सही तरीके से उपयोग करें।

डीसी की अध्यक्षता में हुई आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक, अफसरों को दिशा निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को आत्मा गवर्निंग बोर्ड, राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन, कार्यकारिणी समिति एवं समेकित बिरसा ग्राम योजना-सह-कृषक पाठशाला आदि बिंदुओं को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुडू प्रखंड में समेकित बिरसा ग्राम योजना-सह-कृषक पाठशाला के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई जिस पर असंतोष व्यक्त किया गया। इसमें सिटीजन फाउण्डेशन, रांची जो कार्य एजेंसी है, उसे 15 दिनों के अंदर कार्य में प्रगति लाते हुए प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। स्मार्ट एग्री ग्राम योजना अंतर्गत चयनित ग्राम में सीआरपी का चयन में नियमानुसार प्रक्रिया अपनायी गई है या नहीं, इसके लिए जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी और परियोजना निदेशक को जांच कर प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में आत्मा परियोजना अंतर्गत संचालित जिला प्रसार कार्य योजना-2023 की समीक्षा की गई। कृषि कार्यालय की ओर से एनएफएसएम के वार्षिक कार्य योजना पर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया। कृषि विभाग की समीक्षा में वषार्पात, धान की बुआई, वैकल्पिक फसल बीज वितरण, कृषि ऋण माफी, केसीसी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम कुसुम योजना की समीक्षा की गई। साथ ही, जो किसान धान की बुआई नहीं कर सके उनके लिए वैकल्पिक फसल का बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को लाभुकों का लक्ष्य दिये जाने का निर्देश दिया गया। 15 दिनों में बुआई का अधिक से अधिक उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। मौजूदा वित्तीय वर्ष में पीएम कृषि सिंचाई योजना और पीएम कुसुम योजना में लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त आवेदन व उपलब्धि की जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, एलडीएम, उप निदेशक आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक समेत बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

आयोजन कैरो पंचायत समिति की बैठक में कार्यों की समीक्षा

'योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं'

नवीन मेल संवाददाता। कैरो
प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्ति की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायती मिल रही है कि जनवितरण प्रणाली दुकानदार पहले ही अंगूठा लगवा लेते हैं और बाद में राशन का वितरण करते हैं जबकि अंगूठा लगाने के साथ ही राशन देने का प्रावधान है। उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की गई है। कार्यक्रम के बारे में प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया को कोई सूचना नहीं दी गई। पंचायत समिति सदस्य सुनीता लकड़ा ने राजकीय मध्य विधालय में शिक्षकों की कमी व गुणवत्ताविहीन नाडेप निर्माण पर आपत्ति जताई। नरौली पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी ने नगजुवा टिकरा टोली आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका चयन एवं अभियान विधालय टिकरा टोली में पेय जल की समस्या के बारे में बैठक में बात रखी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचल पदाधिकरी कमलेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र उरांव, सिमा भगत, पशुचिकित्सा पदाधिकरी अनिल कुमार, निभा तिर्की, गुहा उरांव, रोशन उरांव, अमन शिखर, शतिष कुमार, प्रदीप कुमार उपस्थित थे।

गणेश उत्सव में महिलाओं की उमड़ रही है भारी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा
देवस्थल, शांतिनगर प्रांगण में पांच दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है। आज तीसरे दिन पूजन के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन देवस्थल प्रांगण में किस्को मोड़ निवासी संजय प्रसाद साहू एवं उनकी पत्नी रेणु देवी के सहयोग से किया गया। भंडारे का प्रसाद में श्रद्धालुगण बढ़ चढ़कर देखने को मिल रही है। देवस्थल में गणेश उत्सव से आसपास का क्षेत्र में पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। संध्या महाआरती के पूर्व महिलाओं के टीम द्वारा कीर्तन भजन के माध्यम से भगवान श्री गणेश की अर्चना कर रहे हैं। महाआरती के पश्चात महाप्रसाद में सहयोग योगी सेना के नगर अध्यक्ष दिव्यांशु कुमार द्वारा की गई है। श्रद्धालुगण पूजन में बढ़चढकर शामिल हो रहे हैं। उत्सव में जनप्रतिनिधि, शहर के गणमान्यजन, महिलाएं, युवा वर्ग, समिति के पूर्व सदस्यगण, अभिभावकजन एवं आसपास के श्रद्धालुगण जुट रहे हैं।

आडाणी की परियोजना में 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा जापान

एजेंसी। नई दिल्ली

फ्रांस की टोटल एनर्जीज एसई अडानी ग्रुप के साथ नवीकरणीय ऊर्जा योजना के लिए एक नए ज्वाइंट वेंचर में 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। भारतीय ग्रुप ने शेयर बाजारों को इस बारे में जानकारी दी। अडानी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लि. ने कहा, टोटल सीधे खुद या अपनी सहयोगी इकाइयों के जरिए एजीईएल के साथ 50:50 अनुपात वाली संयुक्त

उद्यम कंपनी के गठन के लिए 30 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। नई संयुक्त उद्यम कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी ट्वंटी थ्री लि. के पास 1,050 मेगावाट (टहअउ) है। इसमें पहले से परिचालन में आ चुका 300 मेगावाट शामिल है। इसके अलावा 500 मेगावाट निर्माण के चरण में है। 250 मेगावाट विकास के चरण में है। पोर्टफोलियो में सौर और पवन ऊर्जा दोनों शामिल हैं। इस साल की शुरूआत में आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद यह अडानी ग्रुप की कंपनियों में निवेश की बड़ी डील है। आपको बता दें हिंडनबर्ग की तरफ से अडानी ग्रुप पर आरोप लगाया गया था कि उसने लिस्टेड कंपनियों के स्टॉक में हेरफेर किया है। इसके बाद अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर में बड़ी गिरावट देखी गई थी। इसका असर यह हुआ कि शेयर 52 हफ्ते के निचले लेवल पर पहुंच गए। हालांकि इन सभी आरोपों से अडानी ग्रुप ने इनकार किया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की गई थी। इस समिति ने जांच के बाद सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए आरोपों से क्लीन चिट दे दी है।

बायजू के भारतीय परिचालन के सीईओ मृणाल मोहित ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू के संस्थापक भागीदार और भारतीय परिचालन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मृणाल मोहित ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बायजू के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मामलों के सीईओ अर्जुन मोहन भारतीय परिचालन की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेंगे। बयान के अनुसार, अर्जुन मोहन भारतीय परिचालन के सीईओ के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं। वह बायजू के संस्थापक भागीदार और भारतीय कारोबार के निवर्तमान प्रमुख मृणाल मोहित का स्थान लेंगे। मोहित व्यक्तिगत आकांक्षाओं को पूरा करने के मोहन बायजू की संस्थापक टीम का हिस्सा थे और अपने पिछले कार्यकाल में मुख्य व्यवसाय अधिकारी थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 09/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 12.09.2023 जो PR 306874 Rural Work Department (23-24)D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उसके आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या को संशोधित करते हुए इस प्रकार पढ़ा जाय –

क्र0	पूर्व प्रकाशित आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	संशोधित आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या
1	JH-M-GAR-14/ 2023-24	RWD/GARHWA/STPKG/01/2023-24
2	JH-M-GAR-15/ 2023-24	RWD/GARHWA/STPKG/02/2023-24
3	JH-M-GAR-16/ 2023-24	RWD/GARHWA/STPKG/03/2023-24
4	JH-M-GAR-17/ 2023-24	RWD/GARHWA/STPKG/04/2023-24

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.307437 Rural Work Department(23-24):D

इसरो के लिए लॉन्चपैड बनाने वाले को 18 महीनों से नहीं मिली सैलरी

अब इडली बेचकर गुजार रहा जिंदगी

एजेंसी। नई दिल्ली

हाल ही में देश ने इतिहास रचा है। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरकर भारत को ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना दिया है। लेकिन चंद्रयान-3 से पहले इसरो के लॉन्चपैड निर्माण में शामिल रहे एक टेक्नीशियन अब कथित तौर पर चाय और इडली बेच रहे हैं। इन टेक्नीशियन का नाम दीपक कुमार उपरारिया है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, उपरारिया हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, रांची में काम करते हैं। उन्हें आर्थिक तंगी के चलते चाय और इडली बेचने पर मजबूर होना पड़ा है। एचईसी एक सीपीएस व कंपनी है, जिसने इसरो के लिए कई महत्वपूर्ण

काम किये थे। ऐसा कहा जा रहा है कि कंपनी ने अपने कर्मचारियों को 18 महीने से सैलरी नहीं दी है। रिपोर्ट के अनुसार उपरारिया ने पहले तो क्रेडिट कार्ड के जरिए अपने घर खर्च को मैनेज करने की कोशिश की। भारी कर्ज में डूबने के बाद उन्होंने रिश्तेदारों से पैसे लेना शुरू किया। इसके बाद उन्हें घर चलाने के लिए अपनी पत्नी के जेवर गिरवी रखने पड़े। बीबीसी ने उपरारिया के हवाले से कहा, 'पहले मैंने अपने खर्चे क्रेडिट कार्ड से मैनेज करने शुरू किये। इस पर मुझे 2 लाख का कर्ज हो गया और मुझे डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया। इसके बाद, मैंने रिश्तेदारों से पैसे उधार लेकर अपना घर चलाना शुरू किया। अब मुझ पर 4 लाख रुपये से अधिक का कर्ज है।' उन्होंने आगे कहा, 'जब मुझे लगा कि मैं भूख से मर जाऊंगा, तो मैंने एक इडली की दुकान खोल ली। मेरी पत्नी अच्छी इडली बनाती है। अब में हर दिन 300-400 रुपये की इडली बेच रहा हूं। जिससे मुझे कभी 50 तो कभी 100 रुपये की कमाई होती है। दीपक उपरारिया मध्यप्रदेश में हरदा जिले के रहने वाले हैं। दीपक ने साल 2012 में एक प्राइवेट कंपनी की 25,000 रुपये की नौकरी छोड़कर एचईसी में 8,000 रुपये की सैलरी पर जॉइन किया था।

|| जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा ||

-: आवश्यक सूचना :-

लोहरदगा जिलान्तर्गत वैसे सभी Pet shop एवं Dog Breeding सेन्टर जो राज्य जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे है या निबंधित थे परन्तु वर्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन का रहे है उन्हे सूचित किया जाता है कि एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन जिला पशुपालन कार्यालय, लोहरदगा से सम्पर्क कर आवेदन जीव–जन्तु–कल्याण बोर्ड झारखण्ड हेसाग, राँची में जमा करे। अन्यथा नियमानुसासर पशु क्रय–विक्रय एवं तदविषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 307401 Lohardaga (23-24)_D

वित्त मंत्रालय ने 'घरेलू बचत' में कमी की आलोचनाओं को सिरे से खारिज किया

एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट को लेकर हो रही आलोचनाओं को नकारते हुए कहा कि लोग अब दूसरे वित्तीय उत्पादों में निवेश कर रहे हैं, इसलिए ह्यसंकटह्न जैसी कोई बात नहीं है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में घरेलू बचत में पिछले कई दशकों में आई सबसे बड़ी गिरावट और इसका अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर हो रही आलोचनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि उपभोक्ताओं का रूझान अब विभिन्न वित्तीय उत्पादों की ओर है। इसी वजह से घरेलू बचत कम हुई है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जून, 2020 और मार्च 2023 के बीच घरेलू सकल वित्तीय परिसंपत्तियां 37.6 फीसदी बढ़ी। वहीं, घरेलू सकल वित्तीय देनदारी 42.6 फीसदी बढ़ी। इन दोनों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि लोग अब कर्ज लेकर घर एवं अन्य रियल एस्टेट संपत्तियां खरीद रहे हैं। बैंकों के व्यक्तिगत कर्ज में रियल एस्टेट और वाहन कर्ज की हिस्सेदारी 62 फीसदी है। यह दशार्ता है कि घरेलू क्षेत्र में संकट जैसी कोई बात नहीं है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के ताजा जारी मासिक बुलेटिन के एक लेख में कहा गया है कि शुद्ध घरेलू बचत वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 फीसदी रही, जो पिछले 47 वर्षों का निचला स्तर है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण–सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जाँच हेतु लैब सामग्रियों का क्रय किया जाना है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्ता लैब सामग्रियों का न्यूनतम दर मूहरबंद लिफाफे में दिनांक 03.10.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं जो उसी दिन अपराह्न 5:00 बजे दरदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा।

लैब सामग्रियों की सूची एवं शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 307442 (Rural Work Department)23-24*D

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Lohardaga

Very Short Notice Inviting e-quotation
Notice No. 01/Loh-2023-24

Sl No.	Description	Unit	Rate including FrieghtuptoLohardaga withother taxes but excluding GST (in Rs.)	
	Z Section Sheet Piles		(In Figures)	(In Words)
1	Supplying and Frieghting of Z Section Sheet Piles with Dimension 690 x 390 x 10 mmCold Formed Z type Sheet Piles (Tata/Sail Make)	P/MT		

The quotationer may download the documents from the website Http://Jharkhandtenders.gov.in and quote their rate for online from 22-09-2023 at 10:30 AM to 28-09-2023 at 10:30 AM. The quotation will be opened on 29-09-2023 at 11.30 AM.

कार्य की विस्तृत विवरणी एवंअन्य सूचना वेससाईट http://Jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

Executive Engineer
D.W & S. Division,Lohardaga

PR 307399 (Lohardaga) 23-24 (D)

कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08/2023–24 विज्ञापन संख्या – PR.NO.307084 Lohardaga (23-24)#D में निम्नांकित संशोधन किया जाता है :–

1	वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	:–	23.09.2023
2	बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय	:–	29.09.2023/04:00 बजे अपराह्न तक
3	अग्रधन की राशि, परिमाण विपत्र का मूल्य, तथा हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय	:–	30.09.2023/03:00 बजे अपराह्न तक
4	निविदा खोलने की तिथि व समय	:–	30.09.2023/05:00 बजे अपराह्न

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 307420 Lohardaga (23-24)_D

कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय "C" ब्लॉक, मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
Email- deo.palamu@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के पत्रांक 1331 दिनांक 14.08.2023, पत्रांक 1515 एवं 1516 दिनांक 06.09.2023 का पत्र जो सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (मा0 शि0), झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2537, 2540 एवं 2541 दिनांक 18.09.2023 के द्वारा स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के विभिन्न विषयों में यथा शारीरिक शिक्षा, इतिहास/नागरिक एवं अंग्रेजी के पद पर नियुक्ति हेतु कुल 16 (सोलह) अनुशंसित अभ्यर्थियों का कॉउसिलिंग किया जाना है। कॉउसिलिंग का कार्य रा0कृत गिरिवर +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक 23.09.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक की जायेगी। अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

अतः चयनित/अनुशंसित अभ्यर्थी अपने–अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक (बी0एड0 डिग्री की वैधता के संबंध में एन0सी0टी0ई0 से मान्यता संबंधी प्रमाणक) एवं अन्य मूल प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं प्रमाण–पत्र की छायाप्रति दो प्रति में फोलडर फाईल के साथ निर्धारित तिथि को ससमय कॉउसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(अनिल कुमार चौधरी)
जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू

PR 307430 (District)23-24*D

कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 का Status "Approved by DLC Officer" (Student Login में "Pending by DLC Officer") है वे आवेदन में दिये गये आधार संख्या को अपने बैंक खाता के साथ दिनांक 30 सितम्बर 2023 तक निश्चित रूप से लिंक करा ले। कुछ आवेदन से संबंधित आधार असक्रिय (Inactive) होने के कारण भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे आवेदक अपना आधार को दिनांक 30 सितम्बर 2023 तक सक्रिय (Active) करा लें। पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् Mapping / आधार Active कराने वाले छात्रों को वर्ष 2022–23 का छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper) से अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here½ लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR.NO.307397 Lohardaga(23-24):D

कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा पुनः सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण में अवस्थित 2500 एम0टी0 क्षमता का गोदाम सं0– 01 एवं 02 जिसका प्रति गोदाम का क्षेत्रफल कुल 14160 (चौदह हजार एक सौ साठ) वर्गफीट है, का आवंटन किया जाना है, जिसमें पर्षदीय निदेशानुसार कृषि उपज का संव्यवहार करनेवाले भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार के सरकारी संस्थान को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। यदि किसी भी सरकारी संस्थान के द्वारा उक्त दोनो गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उस स्थिति में कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म को उक्त दोनो गोदाम का आवंटन पर विचार किया जा सकेगा। गोदाम जिस अवस्था में है, उसी अवस्था में आवंटन किया जाएगा।

अतः इच्छुक भारत सरकार/झारखण्ड सरकार के अधिकृत सरकारी संस्था एवं कृषि उपज का व्यवसाय करनेवाले व्यापारी/फर्म अपना–अपना आवेदन दिनांक– 30.09.2023 तक कार्यालय काल में समर्पित कर सकते है।

एक से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी से आवंटन किया जाएगा तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू)

PR 307434 District (23-24)_D

जिलागव्य विकास कार्यालय,गढ़वा
Email Id:-dddogarhwa@gmail.com mobile No. -9934529928

(पशुपालकों के लिए आम सूचना)

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशु पालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदरदुधारू पशुप्रबंधन एवं पशुपोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिलागव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।
प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशुप्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)

क0	दिनांक	समान्य जाति(OSP)			अनूसूचित जाति(SCSP)			कुल योग
	प्रशिक्षण अवधि	पुरूष	महिला	कुल	पुरूष	महिला	कुल	
1	06.02.2024 से 12.02.2024	18	10	28	3	2	5	33
2	13.02.2024 से 19.02.2024	18	10	28	3	2	5	33
3	20.02.2024 से 26.02.2024	18	10	28	3	2	5	33
	कुलः–	54	30	84	9	6	15	99

पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–
1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनितलाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारितहै।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आनावर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियोंको अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूलप्रतिलाना अतिआवश्यक है।
5. उम्रन्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दरहो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 307431 Animal Husbandry(23-24).D

कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2022–23 का **Status "Pending at DNO Officer"** है, आवेदन पेंडिंग होने पर पेंडिंग होने का कारण दिया गया है। अपने Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को पोर्टल पर दिनांक 30 सितम्बर 2023 तक निश्चित रूप से अपलोड/सुधार करते हुए अपने आधार न0 को बैंक खाता से लिंक/सक्रिय (Active) करा लें। चूंकि पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् ई–कल्याण पोर्टल बंद हो सकता है, जिस कारण से छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट (https://resident.uidai.gov.in/bank-mapper) से अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services & Schedule→ Student Services & Schedule (Post-Matric → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 307395 Lohardaga (23-24)_D

घरेलू बचत में बड़ी गिरावट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घरेलू वित्तीय बचत के जो आंकड़े इस सप्ताह पेश किए हैं, उन्होंने अर्थशास्त्र के विद्वानों को चौंका दिया है और इनका मध्यम अवधि की वृद्धि पर गहरा असर हो सकता है। आंकड़ों से पता चलता है कि विशुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5.1 फीसदी के बराबर ही रह गई, जो कई दशकों में इसका सबसे कम स्तर है। पिछले वर्ष यह 7.2 फीसदी थी। वित्तीय बचत में ऐसी गिरावट की कई वजह हो सकती हैं। चूंकि बचत में कुल मिलाकर गिरावट हुई है इसलिए संभव है कि महामारी के दौरान जिन परिवारों की आय को झटका लगा था उनकी आय पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाई हो। इससिए हो सकता है कि अर्थव्यवस्था में सुधार कंपनियों के मुनाफे की वजह से दिखा हो, जिसमें पिछली कई तिमाहियों से अच्छी बढ़त रही है।यह भी संभव है कि निरंतर बढ़ती महंगाई के कारण परिवार बचत नहीं कर पाए हों। खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर महामारी के बाद से ही ऊंचे स्तर पर रही है। रिजर्व बैंक भी 2022 में तय मुद्रास्फीतिक लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा है और इस बारे में उसे केंद्र सरकार के सामने सफाई भी देनी पड़ी। मुद्रास्फीति की दर एक बार फिर केंद्रीय बैंक के तय दायरे से ऊपर है। परिवारों की वित्तीय देनदारियां भी 2022-23 में जीडीपी की 5.8 फीसदी हो गईं, जो 2021-22 में 3.8 फीसदी ही थीं। संभव है कि लोगों ने उपभोग के लिए उधारी ली हो क्योंकि उनकी आय पर्याप्त नहीं थी। यह भी संभव है कि लोगों ने घर आदि अचल संपत्ति खरीदने के लिए भी राशि व्यय की हो और उधार ली हो। ऋण उठान के आंकड़े भी यही संकेत देते हैं कि लोगों की उधार लेने की रफ्तार बढ़ी है। घरेलू कर्ज 2021-22 के 36.9 फीसदी से बढ़कर 2022-23 में जीडीपी के 37.6 फीसदी के बराबर हो गया। अगर खपत मांग को भी ऋण से सहारा मिल रहा है, जो कुछ हद तक लग भी रहा है तो घरेलू हिसाब-किताब दुरुस्त करने पर भविष्य में मांग कमजोर रहेगी।

आंकड़ों से पता चलता है कि विशुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5.1 फीसदी के बराबर ही रह गई, जो कई दशकों में इसका सबसे कम स्तर है। गत वर्ष यह 7.2 फीसदी थी। बचत में ऐसी गिरावट की कई वजह हो सकती हैं।

कमजोर मांग का अर्थ होगा निकट अवधि में कमजोर आर्थिक वृद्धि। उम्मीद है कि निजी निवेश में सुधार से वृद्धि को मदद मिलेगी। मगर निजी खपत में सतत वृद्धि के अभाव में कंपनियां भी शायद क्षमता विस्तार की इच्छुक न रहें। चूंकि वैश्विक मांग भी कमजोर रहने का अनुमान है, इसलिए कंपनियां नया बड़ा निवेश भी करना नहीं चाहेंगी। ऐसे में वृहद आर्थिक नजरिये से अगर निजी खपत, निवेश और निर्यात कमजोर रहे तो इसकी भरपाई सरकार को करनी होगी। पिछले कुछ समय से उच्च पूंजीगत व्यय के माध्यम से सरकार यही करती आ रही है, किंतु तमाम राजकोषीय बाधाओं को देखते हुए शायद सरकार ज्यादा लंबे समय तक ऐसा न कर पाए। घरेलू वित्तीय बचत में कमी ब्याज दरों और निवेश को भी प्रभावित कर सकती है। यह बात ध्यान देने लायक है कि सरकारी उधारी घरेलू क्षेत्र से होने वाली वित्तीय बचत की आपूर्ति की तुलना में अधिक है। अगर कॉरपोरेट क्षेत्र निवेश के लिए अधिक ऋण लेना शुरू कर देता है तो ब्याज दरें बढ़ेंगी। कम घरेलू बचत के साथ निवेश में इजाफे का अर्थ होगा भारत को पूंजी आयात की आवश्यकता। ऐसा करना पड़ा तो अलग तरह की दिक्कतें आएंगी।

निपाह से निपटने की चुनौती

केरल में निपाह के बढ़ते खतरे को देखते हुए अन्य राज्यों को भी अलर्ट किया जा चुका है। दरअसल इस वायरस के बारे में कहा जा रहा है कि इस संक्रमण के कारण मृत्यु दर बहुत ज्यादा है। राज्य में सामने आए छह निपाह मरीजों में से दो की मौत चुकी है और केरल की स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक फिलहाल संक्रमित व्यक्तियों की सम्पर्क सूची में सैंकड़ों स्वास्थ्यकर्मियों सहित एक हजार से भी अधिक लोग हैं, जिनमें सैंकड़ों उच्च जोखिम वाली श्रेणी में हैं। निपाह संक्रमण के बारे में आईसीएमआर का कहना है कि कोविड में जहां मृत्युदर महज दो-तीन प्रतिशत थी, वहीं निपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत है।

केरल में निपाह वायरस की जांच के लिए कुछ लोगों के सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) भेजे गए हैं और एनआईवी के सीरो सर्वे में पता चला है कि वायरस दूसरे राज्यों तक पहुंच रहा है। एनआईवी के वैज्ञानिकों को निपाह वायरस को लेकर दूसरे सीरो सर्वे में केरल सहित गोवा, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, तमिलनाडु, कर्नाटक, पुडुचेरी इत्यादि के चमगादड़ों में वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी मिली हैं। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पुडुचेरी में पहले भी एंटीबॉडी मिली थी। यही कारण है कि केरल सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार भी निपाह के मामलों को लेकर सक्रिय है। दरअसल 2018 में केरल में यह बीमारी जो कहर बरपा चुकी है, वह खौफनाक मंजर एक बार फिर लोगों की आंखों के सामने आने लगा है। उस समय 23 संक्रमितों में से 21 की मौत हो गई थी लेकिन उसके बावजूद इन पांच वर्षों में 2019 और 2021 में भी इस संक्रमण का प्रकोप झेलने के बाद भी निपाह के उपचार के विकल्पों के मामलों में परिस्थितियां जस की तस हैं। आज भी इस बीमारी का कोई कारगर इलाज मौजूद नहीं है।

पहले जान लें कि निपाह आखिर है क्या और यह इतना खतरनाक क्यों माना जाता है? निपाह ऐसा वायरस है, जो चमगादड़, सुअर, कुत्तों, घोड़ों इत्यादि से फैलता है। 'फ्रूट बैट्स' अर्थात फलाहारी चमगादड़ इस वायरस के वाहक होते हैं। यह बहुत तेजी से फैलने वाला खतरनाक संक्रमण है, जिसे तुरंत रोक पाना बहुत कठिन होता है। भारत में निपाह संक्रमण से औसत मृत्यु दर 75 फीसदी से भी अधिक रही है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के पास निपाह संक्रमण को रोकने के लिए कोई खास पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि निपाह देश के पूर्ण साक्षर राज्य केरल में बार-बार दस्तक देने में सफल हो रहा है?

पर्यावरणविदों का कहना है कि जून 2018 में केरल को निपाह मुक्त घोषित करने के बाद इतने कम अंतराल में इस वायरस के बार-बार सिर उठाने के पीछे सबसे प्रमुख कारक शहरीकरण है क्योंकि अंधाधुंध शहरीकरण के चलते मनुष्यों ने जंगलों को भी नहीं छोड़ा है और निपाह के लिए जिम्मेदार चमगादड़ों के रहने के लिए अब जंगल सीमित रह गए हैं। चमगादड़ों के निवास स्थान नष्ट होने से चमगादड़ तनावग्रस्त हो जाते हैं और भूखे रहते हैं, जिससे उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है और उनके भीतर वायरस का भार बढ़ जाता है, जो मूत्र और लार के जरिये बाहर आता है। इन्हीं के जरिये यह वायरस जानवरों तथा मनुष्यों में फैलता है। यह वायरस मुख्य रूप से टेरोपस जींस नामक नस्ल के चमगादड़ों के संक्रमण द्वारा फैलता है और बाद में महामारी का रूप धारण कर लेता है। ये चमगादड़ जिस पेड़ पर रहते हैं, वहां मूत्र और लार के जरिये इस वायरस को फैला देते हैं और फिर जो भी मनुष्य या जानवर जाने-अनजाने में उस पेड़ के फल खाता है, वह निपाह से संक्रमित हो जाता है।

केरल में निपाह वायरस की जांच के लिए कुछ लोगों के सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (एनआईवी) भेजे गए हैं और एनआईवी के सीरो सर्वे में पता चला है कि वायरस दूसरे राज्यों तक पहुंच रहा है।

इन दिनों

भारत के दक्षिणी राज्यों और विशेषकर केरल में तो यह 'फलभक्षी चमगादड़' बहुतायत में हैं, जो श्रीलंका तक फैले हैं। सबसे पहले निपाह वायरस का पता 1998 में मलेशिया में सुअर पालने वाले किसानों के बीच फैली महामारी के दौरान चला था। तब निपाह वायरस का पहला मामला मलेशिया के एक गांव कम्पुंग सुंगई निपाह में सामने आया था, जिसके बाद इसी गांव के नाम पर इस वायरस का नाम 'निपाह' रखा गया। उस समय इस बीमारी के वाहक सूअर बनते थे लेकिन उसके बाद जहां-जहां भी निपाह के मामले सामने आए, सुअरों के बजाय 'फ्रूट बैट' निपाह के सबसे बड़े वाहक बनकर सामने आए। पहली बार मलेशिया में इस बीमारी का पता चलने और सिंगापुर के भी इससे प्रभावित होने के दौरान पाया गया था कि निपाह वारयस से संक्रमित अधिकांश व्यक्ति बीमार सुअरों या उनके दूषित उत्तकों के सीधे सम्पर्क में आए थे लेकिन उसके बाद बांग्ला देश तथा भारत में निपाह के कारण महामारी फैलने का सबसे संभावित स्त्रोत चमगादड़ों के मूत्र व लार से संक्रमित फल अथवा इन संक्रमित फलों से निर्मित उत्पाद या ताड़ी का सेवन रहा। अन्य वायरस संक्रमणों के मुकाबले निपाह ज्यादा खतरनाक इसलिए माना जाता है क्योंकि इससे निपटने के लिए अब तक कोई वैक्सीन बनाने में सफलता नहीं मिली है अर्थात इसका कोई कारगर इलाज नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार निपाह इंसेफ्लाइटिस संक्रमण है, जो छूने मात्र से बड़ी तेजी से पूरे शरीर में फैलता है। इसकी चपेट में आने वाला व्यक्ति 24-48 घंटे के भीतर कोमा में जा सकता है और ऐसी स्थिति होने पर रोगी के बचने की संभावना लगभग खत्म हो जाती है। इंसेफ्लाइटिस यानी दिमागी बुखार में सिरदर्द, तेज बुखार, सांस लेने में दिक्कत, सुस्ती, उलझन, याददाश्त कमजोर होना, चक्कर आना, भ्रम होना, मिर्गी आना और दौरे पड़ने जैसी शिकायत सामने आती हैं। निपाह वायरस बच्चों को सबसे पहले और आसानी से अपनी गिरफ्त में लेता है। पशुजनित यह बीमारी चमगादड़ों या सुअरों के जरिये मनुष्यों में फैलती है और यह दूषित भोजन तथा मनुष्य से मनुष्य के सम्पर्क से भी फैल सकती है।

बचाव व रोकथाम ही निपाह संक्रमण का एकमात्र उपचार है। चूंकि अभी तक इस वायरस से बचने के लिए कोई वैक्सीन तैयार करने में सफलता नहीं मिली है, इसलिए निपाह संक्रमण को फैलने से रोकने का एकमात्र उपाय लोगों को इससे बचाव के उपायों की समुचित जानकारी देना और जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार ही है। निपाह को महामारी में परिवर्तित होने से रोकने के लिए सबसे जरूरी है कि लोगों को निपाह, इससे फैलने वाली बीमारी और बचाव के तरीकों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

योगेश कुमार गोयल

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी

आत्माएं काल के इस लोक में माया से सम्मोहित होकर भ्रमित हो गए हैं। इसलिए वे परमात्मा की बात पर विश्वास नहीं करते हैं और शास्त्र विरुद्ध साधना कर अपना मानव जीवन बर्बाद कर देते है। पूर्ण परमात्मा बताते हैं कि

यह दम टूटै पिण्डा फूटै, हो लेखा दरगाह मांही।
उस दरगाह में मार पड़ैगी, जम पकड़ेंगे बांही।।

अर्थात जब आप मरेंगे तो यम के दूत आपको पकड कर धर्मराज (यम) जो काल ब्रह्म के 21 ब्रह्मांडों के मुख्य न्यायाधीश है, के दरबार में लेकर जाएंगे और जिन्होंने सतभक्ति नहीं को होगी , उनसे सवाल किया जाएगा कि मानव जन्म में आपने कितनी भक्ति की कमाई है? फिर वह शर्म से अपना सिर नीचे कर लेता है। तब उसे याद आता है कि जब मुझे मानव जन्म दिया गया था, मैंने वादा किया था कि मैं भगवान को याद करूंगा, तत्वदर्शी संत को ढूंढूंगा और मोक्ष प्राप्त करने के लिए सतभक्ति करूंगा। यहां तक कि आत्मा को मां की कोख में भी अपना वादा याद रहता है। यह पूर्ण परमात्मा द्वारा बताया हुआ आध्यात्मिक ज्ञान है। और सत्संग में आने से ही आत्मा को इसका पता चलता है। परमात्मा अपनी वाणी में बताते हैं कि

उस समर्थ की रीझ छुपाई, कुल कुटम से राता।
गर्भ के अंदर वचन करे थे, कहाँ गई वो बाता।।

पूर्ण परमात्मा बताते हैं कि मैंने मां के गर्भ में भी तुम्हारी आवाज सुनी। तुम्हें जन्म दिया और गर्भ में मृत्यु से बचाया अन्यथा गर्भ में बहुत मरते हैं और मां भी मरती है। लेकिन जन्म लेते ही आत्मा काल की त्रिगुणमयी माया में सब कुछ भूल जाता है। काल के जाल में फंस जाता है अर्थात काल के रंग में रंग जाता है। जब आत्मा बहाने बनाने लगता है तब धर्मराज (यम) चित्र और गुप्त द्वारा तैयार की गई उस आत्मा के कर्मों की फिल्म चलाते हैं और उसे बताते हैं कि वह झूठ बोल रहा है। ***(क्रमशः)***

क्यों मोदी ने संसद पर हमले को किया याद

भारत के संसदीय लोकतंत्र के लिये 13 दिसंबर, 2001 काला दिन था। उस दिन देश के दुश्मनों ने हमारे लोकतंत्र के मंदिर को निशाना बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए संसद पर हुए उस हमले का उल्लेख करके उन शूरवीरों के प्रति देश की कृतज्ञता को ज्ञापित किया जिनकी बहादुरी के कारण ही संसद भवन के अंदर आतंकी घुस नहीं सके थे। तब संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा था। उस दिन विपक्षी सांसद राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा काट रहे थे। सदन को तत्काल 45 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद से घर की ओर जा चुके थे। हालांकि, उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत अन्य सांसद संसद भवन में मौजूद थे। तभी सफेद एंबेसडर कार से जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी संसद भवन परिसर में प्रवेश करते हैं। भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी।

जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी। किसी ने ख्वाब में भी नहीं सोचा था कि आज संसद भवन पर हमला करने का कोई साहस करेगा। संसद भवन परिसर में धमाकों की आवाज सुनकर लालकृष्ण आडवाणी संसद भवन से बाहर आते हैं। तभी सुरक्षाकर्मी उन्हें रोक देते हैं, हमले की जानकारी देते हैं। इतना सुनते ही उपप्रधानमंत्री आडवाणी संसद भवन स्थित अपने कार्यालय में चले जाते हैं और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करते हैं। संसद पर हुए हमले में राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कॉन्स्टेबल कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक रामपाल, नानकचंद, हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बिजेन्दर सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के एक माली देश राय शहीद हो गये थे। कृतज्ञ राष्ट्र इन शहीदों को सदैव याद रखेगा। इन्होंने भारत विरोधी ताकतों की कोशिशों को नाकाम कर दिया था। बेशक, यदि संसद भवन में तैनात बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने आतंकियों का डटकर मुकाबला न किया होता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। संसद भवन पर हुए उस हमले में सबसे पहले केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कमलेश कुमारी यादव ने वतन के लिये अपनी जान का नजराना पेश किया था। कमलेश कुमारी की ड्यूटी संसद भवन के गेट नंबर एक पर थी। कमलेश कुमारी ने देखा कि एक एंबेसडर कार (डीएल3सीजे 1527) वहां से बिना उनकी अनुमति लिए संसद में तेजी से अंदर चली गई। कमलेश कुमारी को गड़बड़ नजर आई। वो भागकर अपने गेट को बंद करने लगीं और फिर उन्होंने बाकी गेटों पर तैनात अपने साथियों को सतर्क भी कर दिया। इसी दौरान चेहरे पर नकाब ओढ़े आतंकियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। उन्हें 11 गोलियां लगीं। यह 11.50 बजे की घटना है। अगर कमलेश कुमारी ने तुरंत अपने सहयोगियों को अलर्ट न किया होता तो आतंकियों को संसद भवन में बम विस्फोट करने का मौका मिल जाता। आतंकियों के पास एके-47 और हैंड ग्रेनेड थे। कहना होगा कि संसद पर हमले के कुछ पलों के भीतर ही सुरक्षाकर्मी आतंकियों से टक्कर लेने के लिये तैयार हो गये थे। तब ही एक आतंकी ने गेट नंबर-एक से संसद भवन में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे वहीं ढेर कर दिया। इसके बाद उसके शरीर पर लगे बम में भी ब्लास्ट हो गया। फिर पहले से संसद भवन परिसर में घुस चुके तीन आतंकियों को मार दिया गया। इसके बाद बचे हुए आखिरी आतंकी ने गेट नंबर-5 की तरफ दौड़ लगाई, लेकिन वो भी जवानों की गोली का शिकार हो गया। बहरहाल, संसद हमले के दो दिन बाद ही 15 दिसंबर 2001 को अफजल गुरु, एसएआर गिलानी, अफशान गुरु और शौकत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। इन सबने संसद पर हमले की साजिश रची थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने अफजल गुरु को मौत की सजा सुनाई। उसे 9 फरवरी 2013 को दिल्ली की तिहाड़ जेल में सुबह 8 बजे फांसी पर लटका दिया गया। पूरे मामले की जांच के दौरान पता चला था कि अफजल ने पाकिस्तान में आतंकी ट्रेनिंग ली थी।



आर.के. सिन्हा

भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी। जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी।

राजनीति

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से



बढ़ता ई-कचरा स्वास्थ्य के लिये खतरा

लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करोड़ मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंकड़ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का बड़ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे बड़ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। दूसरा बड़ा कारण, नये फोन के प्रति आकर्षण था। कंपनियों की मार्केटिंग और दोस्तों द्वारा हर साल फोन बदलने की आदतों से भी प्रभावित होकर भी लोग नया फोन ले लेते हैं, जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। इस वजह से भी ई-कचरे में इजाफा हो रहा है। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक अगर साल 2019 में उत्पादित कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रिसायकल कर लिया गया होता वो करीब 425,833 करोड़ रुपए का फायदा देता। यह आंकड़ा दुनिया के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है।

ललित गर्ग

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के बढ़ने की सबसे बड़ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से बढ़ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है।

हेल्थ

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी ह्यग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करोड़ मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी बड़ी है और आने वाले समय में यह और कितना बढ़ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कूड़ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

शुक्रवार को इस तरह करें मां लक्ष्मी की पूजा और आरती, धन-धान्य की नहीं होगी कमी

जिस घर में मां लक्ष्मी के साथ भगवान श्री हरि विष्णु की प्रतिदिन आराधना की जाती है। उस घर में मां लक्ष्मी सदैव अपनी कृपा बनाए रखती हैं। शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय होता है। मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना के साथ सुबह-शाम आरती की जाती है। उस घर में मां लक्ष्मी सदैव वास करती हैं। हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी को समर्पित होता है। इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाती है। मान्यता के अनुसार, जिस घर में शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी की सच्चे हृदय से पूजा- अर्चना की जाती है। उस घर में धन की बारिश होती है। मां लक्ष्मी की कृपा से घर में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है। धर्म शास्त्रों में शुक्रवार के दिन का विशेष महत्व बताया जाता है। मान्यता के अनुसार, जिस घर में मां लक्ष्मी के साथ भगवान श्री हरि विष्णु की प्रतिदिन आराधना की जाती है। उस घर में मां लक्ष्मी सदैव अपनी कृपा बनाए रखती हैं। शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय होता है। शुक्रवार के दिन धन की देवी को प्रसन्न करने के लिए पूजा करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। बताया जाता है कि जिस घर में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना के साथ सुबह-शाम आरती की जाती है। उस घर में मां लक्ष्मी सदैव वास करती हैं और घर में सुख-समृद्धि हमेशा बनी रहती है।

महालक्ष्मी जी की आरती

ओम जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशदिन सेवत हरि विष्णु विधाता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तुम ही जगमाता।
सूर्य, चंद्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
दुर्गा रूप निरंजनी, सुख संपत्ति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
तुम पाताल निवासनी, तुम ही शुभ दाता।
कर्म प्रभाव प्रकाशनी, भवनिधि की त्राता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
जिस घर में तुम रहतीं,सब सद्गुण आता।
सब संभव हो जाता, मन नहीं घबराता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
तुम बिन यज्ञ न होते, वस्तु न कोई पाता।
खान पान का वैभव सब तुमसे आता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
शुभ्र गुण मंदिर सुन्दर, क्षीरोदधि जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन कोई नहीं पाता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
महालक्ष्मी जी की आरती जो कोई नर गाता।
उर आनंद समाता, पाप उतर जाता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।
लक्ष्मी माता की जय, लक्ष्मी नारायण की जय।
तुमको निशदिन सेवत हरि विष्णु विधाता।।
ओम जय लक्ष्मी माता।

भारत का एक ऐसा गांव जहां बच्चा-बच्चा करता है काला जादू

भारत के असम राज्य के मोरीगांव जिले में ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर बसा मायोंग गांव काला जादू के लिए फेमस है। इस गांव का बच्चा-बच्चा काला जादू के बारे में जानता है। मायोंग गांव के लोग जादुई शक्ति से लोगों को हवा में गायब कर देते हैं। भारत के कई शहर और गांवों को अपनी रहस्यमई चीजों के लिए जाना जाता है। देशभर में कई ऐसी कहानियां प्रचलित हैं, जिनका अपना इतिहास है। आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, उस जगह को भारत का 'काला जादू की राजधानी' कहते हैं। बता दें कि असम का यह गांव काला जादू के लिए जाना जाता है। असम की राजधानी गुवाहाटी से 40 किमी दूर मायोंग गांव का बच्चा-बच्चा काला जादू जानता है।

काला जादू का गढ़

भारत के असम के मोरीगांव जिले में ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर मायोंग गांव बसा है। इस गांव को 'भारत का काला जादू राजधानी' भी कहा जाता है। मायोंग गांव काला जादू के लिए काफी ज्यादा फेमस है। कहा जाता है कि यहां के लोग अपनी रक्षा के लिए काला जादू करते हैं। भले ही आपको यह सुनने में थोड़ा सा अजीब क्यों ना लगे, लेकिन इस गांव के लोगों को इंसान से जानवर बनाए जाने की कला मालूम है। बताया जाता है कि इस गांव के लोग जादुई शक्ति से लोगों को हवा में गायब कर देते हैं।

महाभारत काल से जुड़ा है इतिहास

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस गांव का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। बताया जाता है कि मायांग से कई जादुई शक्तियां सीखने के बाद घटोत्कच महाभारत के युद्ध में शामिल हुए थे। इस गांव को घटोत्कच का गांव भी कहा जाता है। मायोंग संस्कृत से जुड़ा शब्द है, जिसका अर्थ 'भ्रम' होता है।

बीमारियां ठीक करने के लिए होता है काला जादू

इस गांव के ओझा लोगों को ठीक करने के लिए भी जादू का इस्तेमाल करते हैं। निमोनिया और खसरा जैसी गंभीर बीमारियों को ठीक करने के लिए गांव के ओझा काला जादू का इस्तेमाल करते हैं। जब किसी अच्छे काम के लिए जादू किया जाता है, तो उसे अच्छा जादू कहा जाता है। वहीं जब दूसरे को नुकसान पहुंचाने के लिए तंत्र-मंत्र किया जाता है, तो उसे 'काला जादू' कहते हैं।

ऐसे होता है इलाज

मायोंग गांव में ओझा बिना किसी दवा के काला जादू कर लोगों को ठीक कर देते हैं। यहां के लोग किसी भी दर्द को दूर करने के लिए ताम्बे की प्लेट को उस जगह पर दबाते हैं, जिससे दर्द गायब हो जाता है। गांव वालों का कहना है कि भूत-प्रेत यह सब करने में उनकी मदद करते हैं। वहीं कई लोगों का यह भी कहना है कि यह शक्तियां कई पीढ़ियों से चली आ रही हैं।

कांच के टूटे टुकड़ों से भविष्यवाणी

इस गांव की आधे से ज्यादा आबादी काले जादू के बारे में जानकारी रखती है। वह लोग रोजाना इसका अभ्यास भी करते हैं। वहीं इस गांव के स्थानीय लोगों को हाथ की रेखाएं पढ़ने की कला भी मालूम है। कुछ लोग सीपियों और टूटे कांच के टुकड़ों से भी किसी का भी भविष्य देखकर बता सकते हैं।

गांव में एंट्री करना है खतरनाक

बता दें कि इस गांव से गुजरना भी बेहद खतरनाक माना जाता है। इस गांव तक पहुंचना आसान नहीं है। बताया जाता है कि जो भी एक बार मायोंग गांव में प्रवेश ले लेता है। फिर उसका वापस लौट पाना मुश्किल होता है। इस बारे में कई कहानियां-किस्से भी प्रचलित हैं, जिनका लोग उदाहरण देते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

पेट के बल सोने से शरीर को मिलते हैं, फायदे खर्राटों से मिलती है निजात

पेट के बल सोना कई मायनों में शरीर के लिए फायदेमंद होता है। पेट के बल सोने से ऑक्सीजन की सप्लाई दुरुस्त होती है। लेकिन नियमित रूप से पेट के बल सोने के कई नुकसान भी होते हैं। बता दें कि पेट के बल सोने से कई स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं। पेट के बल सोना कई मायनों में शरीर के लिए फायदेमंद होता है। पेट के बल सोने से ऑक्सीजन की सप्लाई दुरुस्त होती है। लेकिन नियमित रूप से पेट के बल सोने के कई नुकसान भी होते हैं। हालांकि सभी के सोने का अपना-अपना तरीका होता है। कुछ सीधे सोते हैं, तो कुछ करवट लेकर सोते हैं। लेकिन आपको बता दें कि सोने की पोजीशन आपकी सेहत पर असर डालती है। आज हम आपको इस आर्टिकल में पेट के बल सोने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

इसलिए है फायदेमंद

पेट के बल सोने से स्लीप एप्निया की समस्या में राहत मिलती है।
पेट में अक्सर दर्द होने पर यदि पेट के बल सोया जाए तो इस समस्या से राहत मिल जाएगी।
खर्राटे की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप इस पोजीशन को ट्राई कर सकते हैं।
गर्दन, मांसपेशियों में दर्द होने पर आप पेट के बल सो सकते हैं।
पेट के बल सोने से शरीर में ऑक्सीजन सप्लाई में सुधार होता है।

पेट के बल सोने के नुकसान

पेट के बल सोने से शरीर में बेचैनी होती है।
पेट के बल सोने से रीढ़, गर्दन, कंधे जैसे एरिया में दर्द या खिंचाव संबंधी समस्या हो सकती है।
पेट के बल सोने से एसिडिटी या खट्टी डकार की समस्या हो सकती है।
इस पोजीशन में सोने से पाचन संबंधी समस्या हो सकती है।
इस तरह से सोने पर चेहरे पर जल्द झुर्रियां आने लगती हैं।
छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को इस तरह से सोने से बचना चाहिए।

जानिए बेहतर नींद का तरीका

अच्छी और गहरी नींद के लिए प्राकृतिक पोजिशन यानी पीठ के बल सोना चाहिए। हालांकि शरीर को आराम देने के लिए आप कुछ समय के लिए पेट के बल भी सो सकते हैं।

बेहद सामान्य होते हैं अल्जाइमर के लक्षण



अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी हैं, जिसमें व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे खोने लगती है। अल्जाइमर होने पर दिमाग के वह सेल नष्ट होने लगते हैं, जो याद रखने, सोचने व समझने के लिए जरूरी होते हैं। हर साल 21 सितंबर को वर्ल्ड अल्जाइमर्स डे मनाया जाता है। अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी हैं, जिसमें व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे खोने लगती है।
अल्जाइमर होने पर दिमाग के वह सेल नष्ट होने लगते हैं, जो याद रखने, सोचने व समझने के लिए जरूरी होते हैं। वहीं अगर इस बीमारी की जल्द पहचान ना होने पर यह बीमारी इस कदर हावी हो जाती है कि व्यक्ति अपना नाम, पता आदि भूलने लगता है। इसलिए समय रहते इस बीमारी का पता लगाना बेहद जरूरी होता है। इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल अल्जाइमर्स डे मनाया जाता है।

अल्जाइमर्स डे

बता दें कि हर साल 21 सितंबर को वर्ल्ड अल्जाइमर्स डे मनाया जाता है। साल 1994 में 'अल्जाइमर डिसीज इंटरनेशनल' के 10 साल पूरे होने पर हर साल 21 सितंबर को अल्जाइमर दिवस मनाया जाने लगा।
अल्जाइमर डिसीज इंटरनेशनल एक नॉन प्रोफिट है, जो डिमेंशिया और अल्जाइमर के लिए काम करती है। अल्जाइमर डिसीज इंटरनेशनल की स्थापना साल 1984 में हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, साल 2030 तक अल्जाइमर के मरीजों की संख्या दोगुना हो सकती है। हालांकि पहले यह बीमारी 50 साल की उम्र पार कर चुके लोगों में होती थी। लेकिन अब 30-40 साल के लोगों में इस बीमारी के लक्षण देखने को मिलते हैं।

इस साल की थीम

साल 2023 में अल्जाइमर्स डे की थीम 'नेवर टू अर्ली, नेवर टू लेट' रखी गई है। डिमेंशिया से बचाव के लिए यह थीम जल्द से जल्द अल्जाइमर के लक्षणों की पहचान करने व उससे बचाव के तरीकों पर जोर दे रही है।
अल्जाइमर डे को मना कर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरुक करने और अल्जाइमर और डिमेंशिया को ले कर चले आ रहे टैबू को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

लक्षण

अल्जाइमर के शुरूआती लक्षण में व्यक्ति बातें भूलने लगता है और बार-बार एक ही बात को पूछता है।
रोजमर्रा के काम खुद से ना कर पाना, साथ ही चीजों को ऑर्गेनाइज करने में समस्या होना।
रंगों की पहचान करने में दिक्कत होना। दूरी का अंदाजा ना लगा पाना आदि।
चीजें रखकर उन्हें भूल जाना या फिर उन चीजों को दोबारा वापस ना ढूंढ पाना।
सोशल एक्टिविटीज से दूर भागना।

ऐसे करें बचाव

बताया जाता है कि अल्जाइमर की बीमारी का कोई इलाज नहीं है। लेकिन कुछ सावधानी बरतकर इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। इसके लिए मेंटल स्ट्रेस न लें, नींद पूरी लें, खानपान का ध्यान रखें और अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज शामिल करें।

सूडोकु नवताल- 6830

★☆☆☆☆ सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6829 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

दैनिक पंचांग

22 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	कन्या	05.28 बजे से
चंद्र	वृश्चिक में	तुला	07.43 बजे से
मंगल	कन्या में	वृश्चिक	09.58 ब.से
बुध	सिंह में	धनु	12.14 बजे से
गुरु	मेष में	मकर	14.19 बजे से
शुक्र	कर्क में	कुंभ	16.05 बजे से
शनि	कुंभ में	मीन	17.38 बजे से
राहु	मेष में	मेष	19.09 बजे से
केतु	तुला में	वृष	20.49 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मिथुन	22.47 बजे से
		कर्क	01.00 बजे से
		सिंह	03.16 बजे से

शुक्रवार 2023 वर्ष का 265 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2080 **शक संवत्** 1945
मास भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला
तिथि सप्तमी 13.36 बजे को समाप्त।
नक्षत्र ज्येष्ठा 15.35 बजे को समाप्त।
योग आयुष्मान 23.52 बजे को समाप्त।
करण वणिज 13.36 बजे तदनन्तर विष्टि 01.02 बजे पात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 06.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 00° 30'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871744
जूलियन दिन 2460209.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1445
महीना रवि उलावल **तारीख** 06
विशेष महालक्ष्मी व्रत प्रारंभ, दूर्वा अष्टमी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
चर	05.55 से	07.23 बजे तक		रोग	05.38 से	07.1	बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक		काल	07.11 से	08.43	बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक		लाभ	08.43 से	10.15	बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक		उद्वेग	10.15 से	11.47	बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक		शुभ	11.47 से	01.19	बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक		अमृत	01.19 से	02.51	बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक		चर	02.51 से	04.23	बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक		रोग	04.23 से	05.55	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7892



बाएँ से दाएँ

1. पैगंबर,खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी,करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय,वोट-2
12. आलीशान,उदार-3
14. नकारना,इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन,खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज,प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

ऊपर से नीचे

1. हमेशा,हर पल,सदैव-4
2. जनता,लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और,एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा,कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार,प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा,जरा-2

शब्द पहेली -7891 का हल

	त	ल	वा	र		वि		
	क		द्य		अ	रा	ज	क
क	रा	र		क	प	ट		हा
	र	ज	त		ना		आं	सु
अ		क	मी	ना	प	न		नी
चा	बी		ज		न	ज	ला	
न		स	वा	ल		र	ज	त
क	र	ब	ला		आ		वा	
		ल		अ	स	बा	ब	

आज का राशिफल

मेष राशि : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

वृष राशि : आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

मिथुन राशि : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

कर्क राशि : कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

सिंह राशि : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

कन्या राशि : व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी।

तुला राशि : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।

वृश्चिक राशि : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

धनु राशि : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं।

मकर राशि : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

कुंभ राशि : विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रु से हानि की आशंका रहेगी।

मीन राशि : कार्य साधक दिन है, व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

मोदी 24 को राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर-जयपुर मार्ग पर चलेगी, अधिकारियों ने कहा कि यह राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी जो 25 सितंबर से राज्य में नियमित रूप से चलेगी। हालांकि यह ट्रेन 26 सितंबर को नहीं चलेगी। ट्रेन उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर सहित राज्य के पांच जिलों से होकर गुजरेगी और रास्ते में किशनगढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, चंदेरिया, मावली जंक्शन और राणा प्रताप नगर स्टेशनों पर रुकेगी।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान कृष्णा नदी में दो लोग डूबे

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में गुरुवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो लोग कृष्णा नदी में डूब गए। यह घटना बापटला जिले के रेपल्ले मंडल के पेनुमुडी गांव में उस समय घटी जब कुछ युवा मूर्ति विसर्जन कर रहे थे।

कनाडा में खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर सुक्खा के मारे जाने की खबर

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर भारत और कनाडा के बीच रिश्ते लगातार तनावपूर्ण हो रहे हैं, इस बीच खबर है कि एक और खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा की बुधवार देर रात कनाडा के विनिपेग में अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी। इसे गैंगवार का परिणाम बताया जा रहा है।

महिला आरक्षण से 2029 में चुन कर आ सकेंगी महिलाएं : नड्डा

एजेंसी। नई दिल्ली

महिला आरक्षण बिल का असर 2029 के चुनाव में देखने को मिलेगा। गुरुवार को राज्यसभा में बोलते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि आज यह बिल पास किया जाता है तो 2029 में महिलाएं, आरक्षित सीटों पर सांसद बनकर आ जाएंगी। यही सबसे छोटा रास्ता है। गुरुवार को राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया। नड्डा ने राज्यसभा में बोलते हुए कहा कि यदि बिल पास नहीं किया जा सका तो 2029 में भी महिलाएं चुनकर नहीं आ सकेंगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यही सबसे छोटा रास्ता है और यही अकेला रास्ता भी है, इसलिए इसी रास्ते से हमें जाने की आवश्यकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नड्डा को टोका। खड़गे ने कहा कि मैं कबीर का एक दोहा पढ़ता हूं कल करे सो, आज कर, आज करे सो अब, पल में प्रलय होगी तो कार्य करोगे कब। खड़गे ने कहा कि जब पंचायत, जिला पंचायत एक्ट से महिलाओं को आरक्षण मिला तो फिर केंद्र सरकार

द्वारा लाया गया महिला आरक्षण तुरंत लागू क्यों नहीं हो रहा। खड़गे ने भाजपा अध्यक्ष से कहा कि आप महिलाओं को अभी आरक्षण दीजिए, हम इसमें सहयोग के लिए तैयार हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि मैं यहां स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की नियत यहां कोई राजनीतिक लाभ लेना नहीं है। हमारा उद्देश्य महिलाओं का सही मायने में सशक्तीकरण करना है। अगर हमको राजनीतिक लाभ लेना होता तो हम कह देते कि इसे हम अभी कर लेंगे। नड्डा ने कहा कि यही एकमात्र रास्ता है और यही सबसे छोटा रास्ता भी है। इस पर विपक्ष ने 'नो-नो' कहना शुरू कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार नियम-कानून से चलती है। नियम-कायदों के अपने दायरे होते हैं। पीएम मोदी जो काम करते हैं, वह पक्का काम करते हैं कच्चा नहीं करते। नड्डा ने कहा कि मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को सदैव सम्मान देने में अग्रसर रही है। लोकसभा में हमारी 42 और राज्यसभा में 14 महिला सांसद हैं। 10 केंद्रीय मंत्री हैं। नड्डा ने कहा कि हम पहली और इकलौती पार्टी हैं, जो संवैधानिक तौर पर 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देते हैं हर समिति में। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार में पहली महिला विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, पहली महिला वित्त मंत्री, पहली महिला रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण, कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में पहली महिला सदस्य हमारी सरकार ने दी। इस पर विपक्ष ने कहा कि देश को पहली महिला प्रधानमंत्री कांग्रेस ने इंदिरा गांधी के रूप में दी। नड्डा ने कहा, उन्होंने इस बात का उल्लेख पहले ही अपने भाषण में किया है। महिलाओं को किस सीट पर आरक्षण मिले, इसका फैसला सरकार नहीं करती। इसका निर्णय एक न्यायिक बॉडी करेगी। इस पर विपक्ष ने शोर मचाना शुरू किया। जवाब में नड्डा ने कहा कि मैं सरकार में हूं और ऐसे में अगर मैं वायानाड लोकसभा सीट को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दूं तो...। यदि मैं अमेठी, रायबरेली, कलबुर्गी सीट को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दूं तो। नड्डा ने कहा कि महिलाओं की सीटें आरक्षित करने के लिए दो चीज आवश्यक है। पहला जनगणना और उसके साथ पब्लिक हियरिंग हो, सीट निकाली जाए, नंबर निकाला जाए। नड्डा ने कहा, यदि लोकसभा की सीटें बढ़ती हैं तो उसमें महिलाओं को भी 33 प्रतिशत आरक्षण के हिसाब से बढ़ी हुई सीटें मिलेगी।

गेमिंग सट्टेबाजी में करोड़ों गंवा रहे भारतीय

पुलिस ने 6 हजार बैंक व 18 हजार वर्चुअल खातों को फ्रीज कर 4.2 करोड़ रुपये होल्ड कराए

ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाले गेमिंग-बेटिंग के 9 एप व 27 वेबसाइट ब्लॉक किये

आरएनएम। नई दिल्ली

विश्व में इंडिया या भारत जनसंख्या में नंबर वन, बच्चा पैदा करने में नंबर वन, बेरोजगारी में नंबर वन, बैंकों से कई -कई हजार करोड़ रुपए लोन लेकर विदेश भाग जाने वालों में नंबर वन, ऐसे तमाम-तमाम नंबर वन में एक और नंबर वन जुड़ गया ऑनलाइन सट्टा में ठगाने के मामले में। भारतीयों को ठगने के लिए एप व वेबसाइट चीन, वियतनाम, फिलिपींस, रूस सहित अन्य विदेशी सर्वर पर संचालित हो रहे थे। जिनके मार्फत लोगों को शुरू में जीत की रकम देकर झांसे में लिया जाता था। इसके बाद बड़ी रकम लेने के बाद ठगी की जाती थी। क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑनलाइन सट्टे के नाम पर रकम हड़पने वाले विदेशी ठगों पर कई राज्यों से खुफिया इनपुट के बाद आगरा कमिश्नरेट की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई की। और ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गेमिंग-बेटिंग के 9 एप और 27 वेबसाइट ब्लॉक कर दिए गए हैं। पुलिस ने 6 हजार बैंक और 18 हजार वर्चुअल खातों को फ्रीज कर 4.2 करोड़ रुपये होल्ड कराए हैं। इनमें एक साल में 1600 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। रकम क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश ट्रांसफर की जाती थी। पुलिस लाइन में बुधवार को सट्टेबाजी के ऑनलाइन खेल की लाइव डेमो के साथ पुलिस ने जानकारी दी। यह कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का पूरा खेल विदेशी सर्वर से चल रहा है। पुलिस को पता चला था कि स्टार इंडिया कंपनी के अधिकृत हॉटस्टार, लाइव कंटेंट, लाइव गेम को थर्ड पार्टी ऐप एक बैट व वेब पोर्टल के माध्यम से चोरी कर दिखाए जाते हैं। इस संबंध में जून में थाना शाहगंज में मुकदमा लिखा गया था। साइबर सेल की टीम तेलंगाना और आंध्र प्रदेश गई। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि चीन, वियतनाम, फिलीपींस, रूस आदि के सर्वर के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग की जाती है। अवैध बेटिंग, गेमिंग कराकर किराये के बैंक और वर्चुअल खातों से करोड़ों की रकम ट्रांसफर की जाती है।

सिग्नल ,टेलीग्राम, इंस्टाग्राम ऐप पर भेजते हैं लिंक

अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले की जांच में खुलासा हुआ कि विदेशी ठग एप और वेबसाइट का लिंक इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते थे। डाउनलोड करने पर सब्सक्रिप्शन फीस के रूप में 500 रुपये तक लिए जाते थे।इसके बाद लाइव क्रिकेट मैच, फुटबॉल, रग्बी खेल दिखाकर रकम लगवाई जाती थी। पुलिस ने गृह मंत्रालय सहित सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों से संपर्क किया। इसके बाद एप और साइटों को बंद कराया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि एक वेबसाइट बंद होने पर साइबर अपराधी सप्ताह भर में नई तैयार कर लेते हैं। इसलिए पुलिस इन पर लगातार कार्रवाई कर रही है। साइबर सेल ने जब कड़ी से कड़ी जोड़ने की कोशिश की तो ऐसे लोग भी मिले, जिनके खातों से 70 से 80 लाख रुपये जमा कराए गए थे। शुरूआत में इन लोगों को रकम दी गई थी। मगर, बाद में ज्यादा रकम लगाने पर कोई पैसा नहीं मिला। ऑनलाइन एप चलने के दौरान लगने वाली रकम को भी दिखाया जाता था।इस बारे में पुलिस का कहना है कि लोगों को ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग से बचना चाहिए। मोबाइल पर आने वाले लिंक पर क्लिक नहीं करें। यदि कोई घर बैठे रुपये कमाने का लालच दे रहा है तो सतर्क हो जाइये, ठगी होने वाली है।

भारत ने कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित की

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने कनाडाई लोगों के लिए अगली सूचना तक वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस दावे पर कि उनकी सरकार के पास खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में नई दिल्ली से जुड़ी खुफिया जानकारी है, भारत ने ये कदम उठाया है। बीएलएस इंटरनेशनल - एक ऑनलाइन वीजा आवेदन केंद्र द्वारा एक नोटिस में कहा गया है, भारतीय मिशन से महत्वपूर्ण सूचना : परिचालन कारणों से, 21 सितंबर 2023 से, भारतीय वीजा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। कृपया आगे के अपडेट के लिए बीएलएस वेबसाइट देखते रहें : बीएलएस इंडिया वीजा एप्लीकेशन सेंटर। गुरुवार को यह अपडेट पंजाब मूल के वांटेड गैंगस्टर सुक्खा डुनेके की कनाडा के विन्निपेग में गैंगवार में गोली मारकर हत्या करने के बाद आया।

एनआईए ने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले के मामले में 10 वांछितों की मांगी जानकारी

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मार्च 2023 में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले से संबंधित मामले में आरोपी 10 वांछितों की तस्वीरें जारी की हैं और आम जनता से जानकारी मांगी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वांछित लोगों के खिलाफ तीन अलग-अलग 'पहचान और सूचना के लिए अनुरोध' नोटिस जारी किए हैं, इसमें महत्वपूर्ण जानकारी मांगी गई है, जिससे उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। जहां दो नोटिसों में दो-दो आरोपियों की तस्वीरें हैं, वहीं तीसरे नोटिस में कथित तौर पर आतंक से संबंधित मामले में शामिल अन्य छह आरोपियों की तस्वीरें हैं। एजेंसी ने आरोपियों के बारे में जानकारी साझा करने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं करने का वादा किया है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला 19 मार्च, 2023 की सुबह हुआ था जब कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने अतिक्रमण किया और वाणिज्य दूतावास को जलाने की कोशिश की। उसी दिन, नारे लगाते खालिस्तानी समर्थकों ने शहर पुलिस द्वारा लगाए गए अस्थायी सुरक्षा अवरोधों को तोड़ दिया और मिशन के परिसर में दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए, वाणिज्य दूतावास की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया, वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों पर हमला किया और उन्हें घायल कर दिया।

चोकसी की याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज

एजेंसी। मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी द्वारा उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के ईडी के कदम को चुनौती देने वाली चार याचिकाओं को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एस.वी.कोटवाल ने इस संबंध में चोकसी की याचिका पर गुरुवार को निर्णय दिया। ईडी ने याचिका के साथ एक विशेष पीएमएलए अदालत का रुख किया था, जो एफईओ अधिनियम, 2018 की धारा 4 और 12 के तहत चोकसी की संपत्तियों को जब्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

कानून कहता है कि किसी भी व्यक्ति को एफईओ घोषित किया जा सकता है, यदि उसे 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक की राशि वाले अपराधों के लिए वारंट का सामना करना पड़ता है, या यदि वह व्यक्ति देश छोड़ चुका है या वापस लौटने को तैयार नहीं है।

एससी का कावेरी जल विवाद मामले में हस्तक्षेप से इनकार

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा पारित निर्देशों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें कर्नाटक को 13 सितंबर से 15 दिनों के लिए तमिलनाडु को प्रतिदिन 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) दोनों में जल संसाधन प्रबंधन और कृषि के क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं और उन्होंने सभी प्रासंगिक

मुद्दों पर विचार किया है। बेंच ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी ने जिन कारकों पर विचार किया, उन्हें 'अप्रासंगिक' या 'विवादास्पद' नहीं कहा जा सकता। इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि अधिकारी 15 दिनों के अंतराल पर नियमित रूप से बैठक करेंगे और संबंधित अवधि के लिए स्थिति का आकलन करेंगे और पानी छोड़ने का निर्देश देंगे।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 200 धार्मिक और आध्यात्मिक परंपराओं से होगी

आरपी सिंह। नई दिल्ली

श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के लगभग 200 धार्मिक व आध्यात्मिक परंपराओं का समागम देखने को मिलेगा। ये इस धार्मिक व आध्यात्मिक परंपरा भगवान श्रीराम की मयार्दा के अनुरूप होगा। समारोह में जन-जन के राम की परिकल्पना भी साकार होती नजर आएगी। सबके राम, सब में राम... की अवधारणा पर हर वर्ग की भागीदारी समारोह में सुनिश्चित हो इसकी तैयारी की जा रही है। समारोह में देश की समस्त संत परंपराओं का समागम हो, इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद ने कार्य योजना तैयार करनी शुरू कर दी है।रामलला

की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह में राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को हर स्तर पर सहयोग करने तथा देश भर के मंदिरों के संतों व भक्तों को लाने के लिए विहिप ने संपर्क प्रमुखों की एक टीम बनाई है, जिसमें 300 कार्यकर्ता हैं। इनको जिला व प्रांतवार संतों से संपर्क की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कोशिश यह है कि देश की जो लगभग 200 परंपराएं हैं, वे सब इस धार्मिक व आध्यात्मिक परंपरा समारोह में शामिल हों। यह होने पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश की लगभग 200 परंपराओं का समागम होगा। इसके लिए वनवासी, गिरिवासी, तटीयवासी, द्वीप की परंपराएं, झारखंड, असम की जनजातीय परंपराओं के प्रमुखों को, छत्तीसगढ़ के रामनामी व सतनामी समाज को आमंत्रित किया जाएगा। वनवासी समाज के उत्थान के लिए व्यापक स्तर पर काम करने वाले गहरा गुरु को भी समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। ऐसी कई अन्य परंपराओं को सूचीबद्ध कर उन्हें आमंत्रित करने की तैयारी है।

उपलब्धि राष्ट्रपति ने 5 दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया शुभारंभ, कहा

यूपी का इकोनॉमिक ग्रोथ सराहनीय

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय है। इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ट्रेड शो में 2000 से अधिक निमार्ता अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। स्थापित औद्योगिक घरानों से लेकर नये उद्यमियों और विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि यहां मौजूद हैं, जिससे यहां के उत्पादों को वैश्विक बाजार

तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 साल में देश के आर्थिक विकास में अपना विशेष योगदान दिया है। यूपी की जीडीपी 2016-17 में 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22 लाख करोड़ पहुंच गई है। इकोनॉमिक ग्रोथ की ये उपलब्धि निःसंदेह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में यूपी ने आर्थिक विकास और निवेश के क्षेत्र में नये कदम उठाए हैं। निवेश को सरल, व्यापार को सुगम बनाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को गति देने के परिणाम स्वरूप यूपी आज देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है।

भारत जो आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए संकल्पबद्ध है। इस राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी ने अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में यूपी सरकार और यहां की जनता महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यूपी में एमएसएमई के लिए अच्छा ईको सिस्टम विकसित किया जा रहा है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ यूपी देश के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर है। लैंडलॉक राज्य होने के बावजूद प्रदेश का निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। राज्य का निर्यात 2017-18 में 88 हजार करोड़ से बढ़कर 1लाख 75 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। ये प्रदेश के उद्यमियों की मेहतन तथा योग्यता का परिणाम है। हाल ही में जी-20 सम्मेलन की सफलता से पूरा विश्व समुदाय प्रभावित है। यूपी के आगरा, लखनऊ, वाराणसी और ग्रेटर नोएडा में जी-20 के विभिन्न समिट आयोजित हुए। वहीं, ग्रेटर नोएडा में अब आयोजित ये ट्रेड शो भी जरूर सफल होगा। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन में सर्वसम्मति से अपनाए गये डिक्लेरेशन में अनलॉकिंग ट्रेड फॉर ग्रोथ के अंतर्गत लोकल वैल्यू क्रिएशन और एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानने तथा एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने के लक्ष्यों को शामिल किया गया है। विश्व के विभिन्न देशों के 400 से अधिक बायर्स इस ट्रेड शो में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जी-20 के लक्ष्यों के अनुरूप भारत के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगा।

FILMY हलचल

सलमान ने बहन अर्पिता के गणपति विसर्जन समारोह में शिंदे के साथ खिंचवाई तस्वीर

अर्पिता खान शर्मा के आवास पर गणपति विसर्जन समारोह में अभिनेता

सलमान खान अपनी सौतेली मां हेलेन, भाई अरबाज खान और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ शामिल हुए। शिंदे और सलमान को एक ही समय पर शर्मा निवास पर पहुंचते देखा गया और उन्होंने एक-दूसरे के साथ खुशियों का आदान-प्रदान करते हुए पापराजी के लिए एक साथ पोज दिया। सलमान काली पैंट के साथ नीली शर्ट पहनकर आए, जबकि शिंदे अपने नियमित सफेद शर्ट और सफेद पैंट में थे। हेलेन ट्रेडिशनल सूट पहने नजर आईं। अभिनेता जहीर इकबाल और अर्पिता के अभिनेता पति आयुष शर्मा को विसर्जन के लिए गणपति की मूर्ति ले जाते देखा गया, जबकि सलमान की दूसरी बहन अलवीरा और उनके पति अतुल अग्निहोत्री के अलावा उनके भाई सोहेल और अरबाज खान भी इसका हिस्सा थे। अभिनेत्री और फिल्म निमार्ता दिव्या खोसला कुमार और अभिनेत्री अनुषा धांडेकर भी समारोह में शामिल हुईं।

'थ्री इडियट्स के लाइब्रेरियन' एक्टर अखिल मिश्रा का निधन

थ्री इडियट्स फेम दिग्गज अभिनेता अखिल मिश्रा का निधन हो गया है। सड़सठ वर्षीय मिश्रा की पत्नी सुजैन बर्नर्ट ने मीडिया से बात करते हुए इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने थ्री इडियट्स फिल्म में लाइब्रेरियन दुबे का किरदार निभाया था। अखिल मिश्रा ब्लड प्रेशर संबंधी समस्याओं के कारण कुछ समय से अस्वस्थ थे। वह किचन में स्टूल पर चढ़कर कुछ करने की कोशिश कर रहे थे, तभी गिरने से उनके सिर पर चोट लग गई। खून से लथपथ अखिल मिश्रा को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बाद भी कुछ घंटों बाद ही उनकी मौत हो गई। इस घटना के समय उनकी पत्नी सुजैन बर्नर्ट एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए हैदराबाद में थीं। वहां उन्हें हादसे के बारे में पता चला और वह वापस मुंबई आ गईं। पति की अचानक मौत से सुजैन सदमे में हैं।

कैटरीना ने मुझे 'उरी' में पसंद किया, मुझे वह 'जीरो' में पसंद आईं : विक्की

'द ग्रेट इंडियन फैमिली' में नजर आने वाले अभिनेता विक्की कौशल ने अभिनेत्री कैटरीना कैफ की फिल्म 'जीरो' के बारे में बात की। विक्की अपनी आने वाली फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो यशराज बैनर के साथ उनकी पहली फिल्म है। अब तक विभिन्न भूमिकाओं के साथ अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देने वाले अभिनेता फिल्म में एक छोटे शहर के धार्मिक हिंदू व्यक्ति की भूमिका निभाते नजर आएंगे। विक्की ने अपनी और पत्नी कैटरीना की पसंदीदा फिल्मों के बारे में बात की। कैटरीना ने यशराज के लिए कई फिल्में की हैं और उनके साथ विक्की की यह पहली फिल्म है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इस फिल्म को साइन करने से पहले उनके साथ इस पर चर्चा की थी, अभिनेता ने कहा, हां, यह चर्चा हमेशा हर फिल्म के लिए होती है, चाहे वह किसी भी स्टूडियो से जुड़ी हो। एक-दूसरे के पसंदीदा काम के बारे में बात करते हुए

उन्होंने कहा, वह मुझे उरी जैसी कठिन भूमिकाओं में पसंद करती हैं। मुझे फिल्म जीरो में वह पसंद आईं। वह उसमें शानदार थीं। फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' में अपने किरदार भजन कुमार के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा, भजन कुमार एक बहुत ही ईमानदार व्यक्ति है। उनमें छोटे शहर की सादगी है। उनके बारे में सबसे खास बात यह है कि उसे अपने शहर का रॉकस्टार बनना पसंद है।

एचईसी बचाने के लिए आइएनडीआइए गठबंधन ने केन्द्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

एचईसी के अस्तित्व को खत्म करने की भाजपा की मंशा पूरी नहीं होगी : सुबोधकांत

नवीन मेल संवाददाता। रांची/नई दिल्ली
एशिया प्रसिद्ध कारखाना एचईसी को बचाने के लिए आईएनडीआईए गठबंधन की ओर से नई दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर एचईसी के श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी काफी संख्या में भाग लिया। एचईसी के मजदूरों ने कहा कि सभी जगह गुहार लगाने के बाद जब कोई कार्रवाई नहीं हो रही है,तब विवश होकर केंद्र सरकार के पास फरियाद लेकर आएं हैं। यदि केंद्र सरकार अविलम्ब मांगों पर विचार नहीं करती है तो कड़े कदम उठाने पर विवश हो जाएंगे। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की भाजपानीत सरकार जब से बनी है, सभी सरकारी उपक्रमों को बेचने का काम कर रही है। भारतीय रेल, इण्डियन एअर लाइंस, हवाई अड्डे, बंदरगाहों जैसे अनेक केंद्र सरकार की उपक्रमों को अपने पूंजीपति मित्रों अम्बानी, अडानी के हाथों बेच चुकी है। भाजपानीत केंद्र सरकार बनते ही एशिया की सबसे बड़ी मातृ उद्योग भारी अभियंत्रण निगम को भी बेचने की साजिश की जा रही थी। झामुमो के आन्दोलन ने भाजपा के मनसूबे पर पानी फेर दिया था। बाजपेयी सरकार से लेकर नरेन्द्र मोदी की सरकार, सभी ने झारखंड को चारागाह के रूप में उपयोग किया है। पुनः एचईसी को बेचने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत को चन्द्रयान के जरिए चन्द्रमा तक पहुंचने का गौरव प्राप्त हुआ, हम भारतीयों के लिए यह गर्व की बात है।

धरना में आईएनडीआइए गठबंधन के नेतागण हुए शामिल

एचईसी को बचाने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस द्वारा झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना दिया गया। धरना में 'इंडिया' गठबंधन के सभी दलों के नेता झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, 'आप' के दिल्ली सांसद संजय सिंह, जदयु के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव अतुल अंजान, सीपीआई के झारखण्ड राज्य सचिव महेंद्र पाठक, केरल के पूर्व राज्यसभा सांसद पी संतोष, कांग्रेस के खिजरी (रांची)विधायक राजेश कच्छप, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जिला संयुक्त सचिव सुजीत उपाध्याय, संजय राय, परवेज आलम गुड्डू, नामकुम प्रखण्ड उपाध्यक्ष साहिल यादव, गोपाल पाण्डेय, राहुल वर्मा, जदयु के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, आरजेडी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, कांग्रेस के अनवर अन्सारी, सुंदरी तिर्की, भंवर सिंह, प्रकाश, रामचन्द्रन साथ कई मजदूर यूनियन के लोग भी शामिल हुए।

सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा मामले में याचिकाकर्ता को सात दिनों की छूट

नवीन मेल संवाददाता। रांची
झारखंड हाई कोर्ट से सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पार कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य को अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में याचिकाकताओं को ऑफलाइन फॉर्म भरने के लिए और सात दिन की छूट दी है। 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। कोर्ट ने कहा है कि अब इन प्रार्थियों का एग्जाम लिया जाएगा और उनके रिजल्ट भी आएंगे। खंडपीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकताओं का रिजल्ट इस केस के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगा। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं लेकिन पिछले पांच साल से सरकार ने कोई एग्जाम नहीं लिया था। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से यह एग्जाम नहीं लिया। इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनीत प्रकाश एवं नेहा पांडे ने पैरवी की। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए निकाली गई है संकल्प यात्राः बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने गरीबों महिलाओं और देश के विकास के लिए अपना सब कुछ न्योच्छावर कर दिया, उसे फिर से प्रधानमंत्री के पद पर सत्तासीन करने और भ्रष्टाचार में लिप्त राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए ही भाजपा ने संकल्प यात्रा शुरू की है। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को तोरपा के प्रखंड मैदान में आयोजित संकल्प रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को हर समय देयश की मां-बहनों की चिंता रहती है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देने का काम किया। प्रधानमंत्री गरीबों और महिलाओं के दर्द को समझते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मा-बहनों की पूजा सदियों से होती आ रही है। उन्होंनें कहा कि हम शक्ति के रूप में दुर्गा जी की आराधना करते हैं। धन के लिए लक्ष्मी की और ज्ञान के लिए सरस्वती माता की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में महिलाओं की पूजा होती है, उनका सम्मान होता है, वहां जन्म लेने के लिए तो देवता भी लालायित रहते हैं। मरांडी ने कहा कि हमारे देश की वित्त मंत्री भी एक महिला ही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मातृशक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा से पास कराकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जब कोरोना काल में सब कुछ बंद हो गया था, कल कारखाने बंद हो गये थे, गाड़ियां बंद हो गई थी, उस समय गरीबों को चिंता थी कि उन्हें खाना मिलेगा या नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री ने उस समय भी 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया और आज भी हर परिवार को पांच किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। सभा कों संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कि राज्य की हेमंत सरकार गरीबों तक अनाज भी नहीं पहुंचा पा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के लिए अनाज देती है, पर हेमंत सरकार गरीबों के अनाज को बेचकर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन के दिन प्रधानमंत्री ने रसोई गैस में दो सौ रुपये की सब्सिडी की घोषणा की।

गेतलसूद दुर्गा पूजा समिति का गठन, जलेंद्र कुमार बने अध्यक्ष

रांची। गेतलसूद में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता विमल नायक ने की। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से जलेंद्र कुमार को पूजा समिति अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय नायक को सचिव व गणेश लोहरा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूजा समिति के मुख्य सरंक्षक पंडित ईश्वरचंद्र गोस्वामी होंगे। इनके अलावे कार्यकारी अध्यक्ष कामेश्वर महतो, अनिल चौधरी। वंही कार्यकारिणी में 50 लोगों को शामिल किया गया है। संजय नायक ने बताया कि बैठक में 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा ने महिला बिल पारित कराया : राजेश ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता। रांची
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से ही महिला सशक्तिकरण और महिला बिल को संसद से पारित किये जाने की पक्षधर रही है। आगामी चुनावों को देखते हुए महिला बिल भाजपा ने पारित कराया। ठाकुर प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अगर अधिकार और भागीदारी दिलाने की मंशा भाजपा को होती तो 2010 में राज्यसभा से पारित बिल को ही लोकसभा में लेकर भाजपा को जाना चाहिए। हम यह कह सकते हैं कि चुनावी फायदे के मद्देनजर इस बिल को लाया गया है। इससे भाजपा की खोटी नियत सामने आ गयी है। महिला आरक्षण के पूर्व जनगणना और परिसीमन का होना अनिवार्य है जो वर्तमान परिस्थिति में 2029 के पूर्व संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई और नये भारत के निर्माण में स्त्रियां हर मोर्चे पर पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़ी रही हैं। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पूर्णतया समर्थन करती है और इस बिल के पारित होने से हमें बेहद प्रसन्नता है लेकिन इसके साथ पार्टी चिंतित भी है कि महिला शक्ति विगत 13 वर्षों से राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही है, उन्हें और इंतजार करने को कहा जा रहा है। आधी आबादी के साथ सरकार का यह बर्ताव सर्वथा अनुचित है। कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि यह बिल अविलंब अमल में लाया जाए। साथ ही जातीय जनगणना कराकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था की जाए।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा संख्या – 10/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक 13.09.2023 जो PR 306872 Rural Work Department (23-24)_D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उसके आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या को संशोधित करते हुए इस प्रकार पढ़ा जाय –

क्र0	पूर्व प्रकाशित आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	संशोधित आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या
1	JH-M-GAR-18/ 2023-24	RWD/GARHWA/STPKG/ 05/2023-24
2	JH-M-GAR-19/ 2023-24	RWD/GARHWA/STPKG/ 06/2023-24

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 307438 Rural Work Department (23-24)_D

श्री श्याम मण्डल रांची का 56 वां वार्षिक मोहत्सव मनाया गया

गौ माता की पूजा कर लिया गया आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री श्याम मण्डल रांची का 56 वां वार्षिक मोहत्सव वृहस्पतिवार को गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुआ। प्रातः 8 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में भव्य आरती हुई जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। आरती के पश्चात श्री श्याम मण्डल के लगभग 50 सदस्यों की टोली ने श्री श्याम प्रभु का जयकार करते हुए सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान कर गौशाला में पूर्ण विधि विधान से गौ माता का पूजन वन्दन किया एवं गौ शाला स्थित मन्दिर में सामूहिक संकीर्तन कर तत्पश्चात गौशाला में स्थित सभी गौ माताओं को बड़े ही श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर, रोटी, हरी सब्जी एवं दलिया खिलाया। इस अवसर पर गौमाता का पूर्ण प्रांगण श्री श्याम प्रभु एवं गौमाता के जयकारों से गूंज रहा था साथ ही गौ सेवा के पश्चात रोली चावल से गौमाता का तिलक कर 56 वें श्री श्याम मोहत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव परसरामपुरिया, अशोक लाठ, सज्जन सर्राफ, सर्वेश बागला, अंकित मोदी, विवेक ढांढनीयां, अनिल ढांढनीयां, ज्ञान प्रकाश बागला, राकेश सारस्वत, प्रदीप अग्रवाल का सहयोग रहा।
गुरुवार को अपराह्न 4 बजे अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर से श्री श्याम प्रभु का भव्य शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः श्री श्याम मन्दिर पहुंचेगी।

शराब दुकानों में एमआरपी से अधिक पर शराब बिकी तो होगी कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राज्य में शराब कारोबार से राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को हासिल करने व राजस्व के स्तर की समीक्षा की गई। उत्पाद सचिव विनय चौबे ने खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों को ससमय मानदेय का भुगतान करने का निर्देश दिया है, क्योंकि ससमय वेतन न मिलने की वजह से कर्मियों के द्वारा गलत कृत्य करने की संभावना बनी रहती है। विनय चौबे ने आदेश दिया कि एमआरपी से अधिक दर पर शराब की बिक्री पर रोक लगाने का काम सहायक उत्पाद आयुक्त, अधीक्षक उत्पाद अपने स्तर से स्वयं देखें। सभी जिला उत्पाद पदाधिकारियों को कहा गया है कि वह सभी दुकानों में एमआरपी संबंधी डिटेल्स का डिस्पले बोर्ड लगाएं। सभी दुकानों में सीसीटीवी लगाने का भी आदेश दिया गया है ताकि दुकानों से शराब बिक्री की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सके। देशी व विदेशी शराब में मिलावट पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश भी विभागीय सचिव ने दिया है। वहीं शराब की आपूर्ति सुनश्चित करने का निर्देश जेएसबीसीएल को दिया गया है। खुदरा शराब दुकानों से नकद राशि जमा लेने वाली एजेंसी एसआईएस पर अपने कार्यों में शिथिलता बरतने के कारण फाइन लगायी गई है। वहीं राजस्व सचिव ने अगले छह महीनों के लिए राजस्व लक्ष्य के विरूद्ध 113 प्रतिशत राजस्व संग्रहण प्राप्त करने का दावा किया।

झारखण्ड सरकार
श्रम,नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर,चतरा

सूचना

निदेशालय पत्रांक–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2023–1435 रॉची,दिनांक 14.09.2023 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, किशनपुर, चतरा में शैक्षणिक सत्र 2023–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली Spot Admission से सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचना।

Time Schedule For Spot Admission

क्र0 सं0	विवरणी	दिनांक	
1.	Spot Round Online Admission	22.09.2023	23.09.2023

दिनांक 22.09.2023 एवं 23.09.2023 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, किशनपुर चतरा में Spot Round Online Admission लिया जायगा। Spot Round Online Counselling के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर first come first Serve basis पर सीट /व्यवसाय का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। Spot Round में Online admission module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर में नामांकन लिया जायगा।

NOTE:-
नामांकन के समय निम्नलिखित प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक है:–
1. मैट्रिक का अंक प्रमाण पत्र (मूल)।
2. C.L.C/S.L.C (मूल)।
3. आवासीय/जाति/आधार (फोटो प्रति)।
4. Passpot Size फोटो (चार अदद)।

प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
किशनपुर,चतरा

PR 307370 Labour Employment and Traning(23-24).D

एआइएमआइएम के प्रदेश सचिव ने थामा आजसू का दामन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
केंद्रीय महाधिवेशन से पहले आजसू अपने पुराने और बिछड़े हुए पार्टी नेता-कार्यकर्ताओं को घर वापसी कराने में जुटा है। इसी के तहत गुरुवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की मौजूदगी में पार्टी प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें रांची जिला परिषद सदस्य आदिल ने अपने समर्थकों के साथ एक बार फिर आजसू का दामन थामा। आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने जिला परिषद सदस्य आदिल का स्वागत करते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी अपने केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी कर रही है, जो बड़ा अनुष्ठान है। इससे पहले जिस तरह से मिलन समारोह के जरिए आजसू के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। ऐसे में यह कारवां राज्य भर में चलेगा। एक बार फिर आजसू में शामिल होने पर खुशी जताते हुए जिला परिषद सदस्य आदिल ने कहा कि जो भी एक बार आजसू से जुड़ जाता है, वह दिल और दिमाग से इस पार्टी के प्रति समर्पित हो जाता है। हम भले ही कुछ वजह से यहां से दूर हो गए थे, लेकिन मेरा मन इसके प्रति हमेशा यहां से जुड़ा था।महाधिवेशन में हर गांव से एक महिला-पुरुष होंगे शामिलः केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी में जुटी आजसू की ओर से बताया गया कि तीन दिवसीय इस महाधिवेशन में झारखंड के प्रत्येक गांव से एक महिला और पुरुष प्रतिनिधि के तौर पर हिस्सा लेंगे। केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए कहा कि इस महाधिवेशन में 09 विषयों पर अलग-अलग सत्रों में चर्चा होगी। जिसमें विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे। मोरहाबादी में आयोजित इस तीन दिवसीय महाधिवेशन में करीब 5 हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे, जो विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित होने वाले परिचर्चा में भाग लेंगे, पर चर्चा में भाग लेने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में निबंधन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। देवशरण भगत ने कहा कि 23 सितंबर को पार्टी ने स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ पर राज्यभर में 100 सभाएं करने का निर्णय लिया है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 27/09/2023 दिन बुधवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

S. No	Company Name	Name of the Post	Category	No. of Vacancy	Qualification	Age	Salary (Net Pay)	Monthly CTC	Other Benefits & Allowance	Place of Work
1	2	3	4	5	6	7	8			9
1	Walkaroo International Pvt Ltd	Trainee Machine Helper	Male	20	10th/ Below 10th Only	18-40	10,819.00	16,044.00	PF, ESI, Gratuity, Bonus, Overtime, Shift Allowance, Production Incentive	Bengaluru (Karnataka)
2	Chaitanya India Fin Credit Pvt Ltd	CRE	Male/Female	50	10th/ 12th	18-28	9,500.00	10,090.00	PF, ESI, TA etc.	Any District (Jharkhand)

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
नोट :– रिक्ति संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 307378 District (23-24)_D

वाराणसी में बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी शनिवार को वाराणसी में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर को वाराणसी का दौरा करेंगे। दोपहर लगभग 1:30 बजे प्रधानमंत्री वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखेंगे। अपराह्न लगभग 3:15 बजे, प्रधानमंत्री रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग और

कन्वेंशन सेंटर पहुंचेंगे और काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव-2023 के समापन समारोह में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान वह पूरे उत्तर प्रदेश में बने 16 अटल आवासीय विद्यालयों का उद्घाटन करेंगे।

वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आधुनिक विश्वस्तरीय खेल बुनियादी ढांचे को विकसित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम होगा। वाराणसी के गांजरी, राजातालाब में बनने वाला आधुनिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस स्टेडियम की विषयगत वास्तुकला की प्रेरणा भगवान शिव से ली गई है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत के कवर, त्रिशूल के आकार की फ्लड-लाइट, घाट की सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था, बिल्वि पत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए जाएंगे। इस स्टेडियम की क्षमता 30 हजार दर्शकों की होगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को और बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में लगभग 1115 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 16 अटल आवासीय विद्यालय, विशेष रूप से मजदूरों, निर्माण श्रमिकों और कोविड-19 महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों के लिए शुरू किए गए हैं। इन विद्यालयों का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और बच्चों के समग्र विकास में मदद करना है। प्रत्येक स्कूल 10-15 एकड़ के क्षेत्र में बनाया गया है जिसमें कक्षाएँ, खेल मैदान, मनोरंजक क्षेत्र, एक मिनी सभागार, छात्रावास परिसर, मेस और कर्मचारियों के लिए आवासीय फ्लैट हैं। इन आवासीय विद्यालयों में प्रत्येक में लगभग 1000 छात्रों को समायोजित किया जाएगा।

काशी की सांस्कृतिक जीवंतता को सशक्त करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण ने काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की संकल्पना को जन्म दिया है। महोत्सव में 17 विधाओं में 37,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने गायन, वाद्ययंत्र वादन, नुक्कड़ नाटक, नृत्य आदि में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मेधावी प्रतिभागियों को रुद्राक्ष इंटरनेशनल कोऑपरेशन एवं सम्मेलन केन्द्र में अपने सांस्कृतिक कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

NEWS इन ब्रीफ

भारत के खिलाफ स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

मोहाली। टीम इंडिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई धाकड़ बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट से ठीक होने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्मिथ, कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस सप्ताह भारत में ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम में शामिल हो गए हैं। साथ ही ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी वनडे विश्व कप की तैयारियों को तेज करने के लिए भारत के खिलाफ शुक्रवार की श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले टीम के साथ जल्द जुड़ जाएंगे। कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व नेट पर दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

एनरिक नॉट्र्जे और सिसंडा मगाला विश्व कप से बाहर

जोहानसबर्ग। तेज गेंदबाज एनरिक नॉट्र्जे और सिसंडा मगाला चोटों के कारण भारत में होने वाले आगामी एकदिनी विश्व कप से बाहर हो गए हैं, दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने इसकी पुष्टि की है। इन दोनों की जगह एंडिले फेहलुकवायो और लिजाद विलियम्स को 15 सदस्यीय विश्व कप टीम में नामित किया गया है। नॉट्र्जे को पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन की शिकायत के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे के बाद उनका स्कैन और परीक्षण किया गया। मगाला, जिन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते समय चोट लग गई थी, ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में एकदिवसीय श्रृंखला में घुटने में चोट की शिकायत की थी, और एहतियात के तौर पर उन्हें विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया है।

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तकनीकी सलाहकार नियुक्त हुए श्रीधरन

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले आगामी आईसीसी विश्व कप के लिए पूर्व टी20 मुख्य कोच श्रीधरन श्रीराम को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। आगामी विश्व कप के लिए बांग्लादेश के टीम निदेशक खालिद महमूद ने गुरुवार को क्रिकबज से कहा, हां, हमने उन्हें (श्रीराम) आगामी विश्व कप के लिए तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया है। बीसीबी ने पिछले साल टी20 विश्व कप से पहले श्रीराम को तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया था। तभी बोर्ड ने स्प्लिट कोचिंग शुरू करने का फैसला किया था और टेस्ट और वनडे की जिम्मेदारी रसेल डोमिंगो को सौंपी थी, जिन्होंने बाद में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

एश्टन ईटन बने दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के इंटरनेशनल एम्बेसडर

नई दिल्ली। दो बार के ओलंपिक चैंपियन और डेकाथलॉन इवेंट में दो बार 9,000 से अधिक अंक हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी एश्टन ईटन 15 अक्टूबर, 2023 को होने वाले दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर होंगे। प्रोकैम इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक सिंह ने कहा, हम वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 में सर्वकालिक महान एथलीटों में से एक एश्टन ईटन को अपने बीच पाकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी खेल उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं।

महिला टी20 : बारिश की भेंट चढ़ा भारत-मलेशिया मुकाबला

भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

एजेंसी। हांगझाऊ

भारत ने गुरुवार को झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में मलेशिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने के बाद हांगझाऊ एशियाई खेलों में महिला टी20 क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। बारिश के कारण टॉस में देरी हुई और स्मृति मंधाना की अगुवाई में भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया गया। बीच-बीच में बारिश ने उनकी पारी में खलल डाला, लेकिन भारत के बल्लेबाजों को मामूली चुनौती और मलेशियाई गेंदबाजों की ढीली गेंदों का भरपूर फायदा मिला।

सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने 39 गेंदों में 67 रनों की अपनी आक्रामक पारी में पांच छक्के और चार चौके लगाए, उन्होंने पूरे पार्क में शॉट्स लगाए और अपनी पावर-हिटिंग का नमूना पेश किया । उन्होंने स्मृति के साथ पहले विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी भी की, जिन्होंने 16 गेंदों में 27 रन बनाए और पावर-प्ले के अंतिम

ओवर में गिरने से पहले फुल टॉस गेंदों पर चौके लगाए।

जेमिमा रोड्रिग्स, जिन्होंने शैफाली के साथ 86 रनों की साझेदारी की, अपने बड़े हिट्स के साथ आईं और 29 गेंदों में 47 रन बनाकर आसानी से नाबाद रहीं, क्योंकि भारत ने 15 ओवरों में 173/2 रन बनाए, जहां हर भारतीय बल्लेबाज का स्ट्राइक-रेट 100 से ऊपर था।

बांग्लादेश दौरे से चूकने के बाद टीम में वापस आईं ऋचा घोष ने केवल सात गेंदों पर नाबाद 21 रन की पारी में अपने शक्तिशाली शॉट्स के माध्यम से उपयुक्त फिनिशिंग टच प्रदान किया, जिसमें तेज गेंदबाज मास एलिसा के अंतिम ओवर में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन शामिल थे।

मलेशिया को बारिश शुरू होने से पहले केवल दो गेंदों का सामना करना पड़ा, इस बार अंततः मैच रद्द करना पड़ा। अधिक वरीयता के कारण, भारत सेमीफाइनल चरण में पहुंचने में सफल रहा, जहां रविवार को बांग्लादेश या हांगकांग से उसका मुकाबला होने की उम्मीद की जा सकती है।

संक्षिप्त स्कोर: भारत 15 ओवर में 173/2 (शैफाली वर्मा 67, जेमिमा रोड्रिग्स 47 नाबाद, मास एलिसा 1-26, माहिरा इज्जती इस्माइल 1-28) मलेशिया के खिलाफ 0.2 ओवर में 1/0 (बारिश के कारण मैच रद्द)

19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे चीनी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 23 सितंबर को हांगझू में 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। अनके अलावा चीन में उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले विदेशी नेताओं में कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी, सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद, कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, तिमोर-लेस्ते के प्रधान मंत्री जानाना गुस्माओ, कोरिया गणराज्य के प्रधानमंत्री हान डक-सू और मलेशिया के दीवान राक्यत के अध्यक्ष जोहरी बिन अब्दुल शामिल हैं। वहीं, ब्रुनेई के सुल्तान के प्रतिनिधि प्रिंस हाजी सूफरी बोलकिया, कतर के अमीर के प्रतिनिधि शेख जोआन बिन हमद बिन खलीफा अल थानी, जॉर्डन के प्रिंस फैसल बिन हुसैन, थाईलैंड की राजकुमारी सिरिवन्नावरी और किर्गिस्तान के उप प्रधानमंत्री एडिल बैसालोव भी उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेंगे। इससे पहले, एशियाई खेलों के लिए मशाल रिले ने बुधवार सुबह हांगझू में अपने समापन चरण की शुरूआत की, जो इस भव्य आयोजन के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन की अंतिम उलटी गिनती की शुरूआत का प्रतीक है।

गेटोरेड सुमित नागल के समर्थन में आगे आए

एजेंसी। नई दिल्ली

सुमित नागल के हार्दिक बयान के बाद गेटोरेड ने उनके साथ तीन साल का करार करके टेनिस खिलाड़ी का समर्थन करने का फैसला किया है। गेटोरेड स्पोर्ट्स साइंस इंस्टीट्यूट (जीएसएसआई) के विशेषज्ञों की एक टीम के मार्गदर्शन में सुमित को उसकी रिकवरी और पोषण संबंधी जरूरतों पर सहायता दी जाएगी। सुमित नागल ने कहा, मैं गेटोरेड के साथ हाथ मिलाकर बहुत प्रभावित और आभारी हूं। यह सहयोग मेरे लिए एक महत्वपूर्ण समय पर आया है, और मैं आभारी हूं कि मेरी कड़ी मेहनत और जुनून को पहचान और सराहना मिल रही है। गेटोरेड के साथ, मुझे यकीन है कि मैं नई ऊंचाइयों तक पहुंचूंगा और कोर्ट के अंदर और बाहर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा।

अंकित अग्रवाल, एसोसिएट डायरेक्टर, एनर्जी एंड हाइड्रेशन, पेप्सिको इंडिया ने एसोसिएशन पर कहा, गेटोरेड ने हमेशा शीर्ष प्रदर्शन हासिल करने के लिए खिलाड़ियों का समर्थन करने में विश्वास किया है। सुमित भारत के नई पीढ़ी के एथलीटों के लिए एक आदर्श हैं, उनका करियर कड़ी मेहनत और पसीने का एक सच्चा उदाहरण है जो प्रतिभा को चमकाता है। एक ब्रांड के रूप में जो खेल की सफलता में बाधाओं को दूर करने में एथलीटों का समर्थन करने के लिए समर्पित है, हमें गेटोरेड टीम में सुमित का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं क्योंकि वह देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, और हमें उम्मीद है कि इस सहयोग से हम अगली पीढ़ी के एथलीटों को सशक्त बनाएंगे क्योंकि वे अपने सपनों को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे।"

वर्ल्ड कप से पहले आज भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टक्कर

एजेंसी। मोहाली

वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की तीन मैचों की वनडे सीरीज शुक्रवार से शुरू हो रही है। दोनों टीमों के पास मेगा-इवेंट से पहले अपनी तैयारी और रणनीतियों को बेहतर बनाने का शानदार मौका है। पहले दो मैचों के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, कुलदीप यादव और हार्दिक पांड्या को आराम दिया गया है। इससे टीम को बाकी खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका मिलेगा। भारत ने एशिया कप में शानदार जीत दर्ज की है। पूरी टीम दमदार फॉर्म में है लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां वो और बेहतर होने की कोशिश करेंगे। अक्षर पटेल चोटिल होने के कारण बाहर हैं। उनकी जगह रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर की ऑफ-स्पिन जोड़ी में से कौन बेहतर विकल्प होगा यह देखना दिलचस्प होने वाला है।

बल्लेबाजी के मोर्चे पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को अपनी छाप छोड़ने का मौका देगी। एशिया कप के दौरान अय्यर चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। ऐसे में उनकी फिटनेस पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है जबकि सूर्या ने वनडे में अब तक अपनी फॉर्म साबित नहीं की है। रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में ईशान किशन के शुभमन गिल के साथ ओपनिंग करने की संभावना है। वहीं, अगर टीम प्रबंधन मोहम्मद सिराज को आराम देता है तो मोहम्मद शमी के खेलने की संभावना है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका से 3-2 से सीरीज हारकर आया है। टीम के कई खिलाड़ी चोटिल हैं।

टीमें इस प्रकार है :-

भारत : केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा (उप-कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा।

ऑस्ट्रेलिया : पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

मुंबई के हृदय ड्रेसाज में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

मुंबई। भारत में घुड़सवारी खेल की समृद्ध विरासत है और 25 वर्षीय हृदय छेदा चीन के हांगझाऊ में 19वें एशियाई खेलों में अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एमेच्योर राइडर्स क्लब द्वारा तैयार हृदय, ड्रेसाज वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए योग्य केवल चार राइडर्स में से एक है। 6 साल की छोटी उम्र से ही उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा घोड़े पर बैठकर बिताया। तब से उन्होंने दुनिया भर में प्रशिक्षण लिया है और देश के अग्रणी ड्रेसाज राइडर्स में से एक बन गए हैं। पिछले 10 वर्षों में एआरसी में अपने प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अलावा, हृदय ने यूरोप में हेंस बॉमगार्ट जैसे प्रशिक्षकों के साथ भी प्रशिक्षण लिया और काम किया है, और इंग्लैंड में अपने समय के दौरान ब्रिटिश ओलंपियन एमिल फाउरी के साथ भी काम किया था। हाल ही में 2022 में उन्होंने लियोनी ब्रैमल के साथ प्रशिक्षण लिया और अब वह फ्रांस के पामफौ ड्रेसाज में स्थित हैं।

'मोटो जीपी भारत' से उत्तर प्रदेश की सशक्त छवि को प्रस्तुत करेगी सरकार

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार से बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होने जा रही पहली 'मोटो जीपी भारत' को लेकर योगी सरकार ने बड़ी तैयारी की है। इवेंट के साथ-साथ योगी सरकार प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं तलाश रही है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को 'मोटो जीपी भारत' के लिए आ रहे टॉप कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस (सीईओ कॉन्क्लेव) करेंगे। मुख्यमंत्री सीईओ को उत्तर प्रदेश की समृद्धि, उभरते बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी समेत अन्य विशेषताओं और संभावनाओं से रूबरू कराएंगे। भारत में पहली बार होने जा रही मोटो जीपी के लिए मेहमानों का आना शुरू हो गया है। इवेंट में हिस्सा ले रहे चालकों ने गुरुवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर ट्रेनिंग सेशन में भी हिस्सा लिया। इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेपसॉल, पोलिनी, गो प्रो, होंडा, मिशेलिन, एमेजॉन, डीएचएल और पेट्रोनॉस जैसी 275

दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इनके सीईओ भी शिरकत करने आ रहे हैं।

यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत के साथ एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। सरकार के अनुसार इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में कुल मिलाकर प्रति दिन करीब 1.5 लाख लोग इंगेज होंगे। वहीं, विदेशों से 10,000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इस इवेंट का 200 देशों में टेलीकास्ट होगा। इस इवेंट के टिकट 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में बिक रहे हैं। कुल 20 अलग-अलग रेसिंग इवेंट्स का आयोजन तीन दिनों में होगा, मेन स्पोर्टिंग इवेंट के तहत फाइनल रेस 24 सितंबर को होगी। इसमें मुख्यतः 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं और दुनिया के सभी देशों से रेसिंग इवेंट के शौकीन दर्शक नोएडा का रुख कर रहे हैं।

एक आकलन के अनुसार इवेंट की टेलीकास्टिंग को पूरी दुनिया में 45 करोड़ से अधिक व्यूअरशिप मिलेगी। मोटो जीपी भारत में दो बार के चैंपियन और वर्ल्ड नंबर वन फ्रांसिस्को बागनाइया (डुकाटी), एनिया बास्तियानीनी (डुकाटी), ब्रैड बाइंडर (रेड बुल), जैक मिलर (रेड बुल), एलेक्स एसपरगारो (एप्रिला), मावेरिक्स विनालेस (एप्रिला), जोहान जारको (प्राइमा) और जॉर्ज मार्टिन (प्राइमा) समेत अन्य दिग्गज हिस्सा ले रहे हैं।

एशियाई खेल | सुनील छेत्री ने आखिरी क्षणों में दागा गोल

भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया

एजेंसी। हांगझू

भारत ने गुरुवार को 2023 एशियाई खेलों के अपने दूसरे मैच में सुनील छेत्री के बेहतरीन गोल की बदौलत बांग्लादेश को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किये।

भारतीय टीम ने मैच की आक्रामक शुरूआत की और पहले दस मिनट में कुछ आधे मौके बनाए। हालाँकि, बंग्लादेश के खिलाड़ियों ने भी अपनी तेज गति से भारतीय टीम को खासा परेशान किया। बांग्लादेश की टीम को मैच के 25वें मिनट के आसपास पहला महत्वपूर्ण मौका मिला, जब फॉयसल फहीम को फ्लैंक पर गेंद मिली, जहां आगे काफी जगह थी, लेकिन उनके शॉट में ताकत की कमी थी और धीरज सिंह ने इसे आसानी से पकड़ लिया।

हालांकि इसके बाद मूसलाधार बारिश ने दोनों टीमों के सामने चुनौतियों को बढ़ा दिया, जिससे नियंत्रण और कब्जा बनाए रखना मुश्किल हो गया। भारत के लिए मैच में सबसे बड़े मौके हॉफ टाइम के आखिरी क्षणों में आए, जब भारतीय टीम को गोल करने के जल्दी-जल्दी तीन मौके मिले। गोलकीपर मितुल मार्मा ने गोल लाइन पर सुनील छेत्री के प्रयास को

शानदार ढंग से विफल कर दिया। रिबाउंड अब्दुल रबीह के पास गया, लेकिन एक बार फिर मार्मा ने हस्तक्षेप करके स्कोरिंग के मौके को नकार दिया। कुछ ही सेकंड में, भारत को तीसरी बार मौका मिला, हालांकि इस बार मार्मा ने राहुल केपी के हेडर को रोक दिया। पहला हॉफ गोल रहित रहा।

अंततः भारत को दूसरे हॉफ में सफलता मिली, जब मैच के 85वें मिनट में सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक को गोल में बदलकर ब्लू टाइगर्स को 1-0 की बढ़त दिला दी। फाइनल सीटी बजने तक भारत ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी और नॉक आउट स्टेज की ओर मजबूती से एक कदम बढ़ा दिया।